# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

मंगलवार

12 मार्च 2024

आपकी आवाज




पटना में हुए सोना लूटकांड का खुलासा, मास्टरमाइंड गिरफ्तार

2



## गाजीपुर में बस पर गिरा हाईटेंशन तार, छह लोगों की मौत, 10 से अधिक झुलसे

- गाजीपुर जिले के मरदह थाना क्षेत्र के महाहर धाम के पास की है घटना
- मऊ के खिरिया से दुल्हन पक्ष के करीब 38 लोगों को लेकर जा रही थी बस



**केटी न्यूज/गाजीपुर**

उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में सोमवार को एक बड़ा दर्दनाक हादसा हो गया। यात्रियों से भरी बस के ऊपर हाईटेंशन की तार गिरने से आग लग गई। जानकारी के अनुसार इस घटना में अब तक छह लोगों की जान जा चुकी है, वहीं 10 से अधिक लोग झुलसे हैं। हालांकि मृतकों का आंकड़ा बढ़ सकता है। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद चीख-पुकार मच गई।

पूरी घटना मरदह थाना क्षेत्र के महाहर धाम के पास की है। इस मामले का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के परिजनों को 5 लाख रुपये और घायलों को 50 हजार रुपये देने का ऐलान किया है। सीएम योगी ने अधिकारियों को मौके पर पहुंचने और राहत कार्य शुरू करने के निर्देश दिए गए। जानकारी के मुताबिक बस में बाराती थे। बस मऊ के खिरिया से दुल्हन पक्ष के करीब 38 लोगों को लेकर जा रही थी। घटना की जानकारी मिलने के बाद जिलाधिकारी आर्यका अखौरी और पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह मौके पर पहुंचे। एसपी ने बताया कि गाड़ी जनपद के बाहर की है। यह घटना कैसे हुई है देखा जा रहा है। वहीं घटना से गुस्साए लोगों द्वारा पथराव किए जाने की भी सूचना है।

### मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये देने का ऐलान

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गाजीपुर हादसे का संज्ञान लिया। मुख्यमंत्री ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने झुलसे लोगों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही घायलों को उपचार के निर्देश दिए गए हैं। तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना किया गया है। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने के त्वरित निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये और गंभीर घायलों को पचास हजार रुपये देने का ऐलान किया। साथ ही नि:शुल्क उपचार कराये जाने के निर्देश दिए।

## मिशन दिव्यास्त्र के तहत अग्नि-5 मिसाइल का सफल परीक्षण

**एजेंसी/नई दिल्ली**

भारत ने सोमवार को 'मिशन दिव्यास्त्र' के तहत एक बड़ा और सफल परीक्षण किया। मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल तकनीक से लैस स्वदेशी रूप से विकसित अग्नि-5 मिसाइल का पहला उड़ान परीक्षण कामयाब रहा। इस मिसाइल से ये सुनिश्चित होगा कि एक ही मिसाइल युद्ध के कई प्रमुख क्षेत्रों पर एक साथ तैनात की जा सकती है। इस परियोजना की निदेशक एक महिला हैं और इस मिशन में महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान है। मिशन दिव्यास्त्र के परीक्षण के साथ ही भारत उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल हो गया है, जिनके पास एमआईआरवी क्षमता है। ये प्रणाली स्वदेशी एवियोनिक्स प्रणालियों और उच्च सटीकता सेंसर पैकेजों से लैस है, जो ये सुनिश्चित करती है कि सटीकता के साथ ये लक्ष्य तक पहुंचती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मिसाइल के सफल परीक्षण को लेकर वैज्ञानिकों को बधाई दी है। उन्होंने 'मिशन दिव्यास्त्र' के लिए हमारे डीआरडीओ वैज्ञानिकों पर गर्व है।

### लखनऊ में 3,666 करोड़ की 206 परियोजनाओं का लोकार्पण

## किसान पथ के जरिए धरातल पर उतर रहा अटल जी का सपना: योगी

- रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के रक्षा प्रौद्योगिकी एवं परीक्षण केंद्र और अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय का हुआ लोकार्पण
- सीएम बोले- लखनऊ ने जो नेतृत्व प्रदान किया है वह देश की रक्षा के साथ ही लखनऊ को मॉडल सिटी के रूप में कर रहा स्थापित

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

विकास का जो मॉडल हमें लखनऊ में देखने को मिल रहा है वह अटल जी का ही सपना है, जो धरातल पर उतर रहा है। आज किसान पथ के उद्घाटन के साथ लखनऊ की जाम की समस्या का समधान होने जा रहा है। इसके अलावा लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से ग्रीन कॉरीडोर बनाया जा रहा है, यह गोमती नदी के कट को लेते हुए शहीद पथ को जोड़ेगा, जिससे लखनऊ सिटी को जाम की समस्या से निजात मिलेगी। ये बातें सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के ज्यूपिटर हॉल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कही। इस अवसर पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 3,666 करोड़ की 206 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

वहीं दूसरी तरफ गुरुग्राम (हरियाणा) में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरे देश में विस्तारित एक लाख करोड़ रुपये की 112 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसमें उत्तर प्रदेश में 5,500 करोड़ की लागत से 8 लेन की 104 किमी लखनऊ आउटर रिंग रोड (किसान पथ) के तीन पैकेज का उद्घाटन शामिल है। आउटर रिंग रोड यानी किसान पथ के लोकार्पण से इसका लाभ बाराबंकी, गोरखपुर, अयोध्या, सीतापुर, गोंडा, हरदोई, कानपुर, वाराणसी, रायबरेली, सुल्तानपुर समेत अन्य जिलों के लोग उठा सकेंगे। इस रिंग रोड के बन जाने से इन शहरों में जाने के लिए लखनऊ में प्रवेश करने की जरूरत नहीं होगी। वे बिना शहर में प्रवेश किए सीधे गंतव्य को जा सकेंगे। इससे लखनऊ वालों को भी जाम से छुटकारा मिल जाएगा।

लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि ग्रीन कॉरीडोर के फर्स्ट फेज का कार्य आज पूरा होन जा रहा है। उन्होंने कहा कि यहां डीआरडीओ की मदद से रक्षा मत्रालय ने लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल के सेंटर का भी उद्घाटन किया जा रहा है। ये हमारे युवाओं को स्टार्टअप और रोजगार के नये अवसर प्रदान करेगा। आज लखनऊ मं फॉरेंसिक रिसर्च इंस्ट्रीट्यूट का उद्घाटन और अटल मेडिकल यूनिवर्सिटी के लोकार्पण का कार्य होने जा रहा है। मुख्यमंत्री ने लखनऊ में विकास कार्यों का श्रेय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को देते हुए कहा कि लखनऊ ने जो यशस्वी नेतृत्व प्राप्त किया है, वह देश की रक्षा के साथ ही लखनऊ के विकास के लिए समर्पित हैं। इस अवसर पर लखनऊ में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ ही प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना, केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर, प्रदेश के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह उपस्थित थे।



### लखनऊ से लोकार्पित होने वाली प्रमुख परियोजनाएं

मोहनलालगंज में इंट्रास्टेंट ट्रांसमिसन प्रोजेक्ट, वसंत कुंज योजना के सेक्टर- आई में 3,800 प्रधानमंत्री आवास ग्रीन कॉरिडोर के अंतर्गत गऊगाट पर सेतु, आईआईएम रोड से हार्डिंग ब्रिज तक बंधा एवं सड़क, यूपी दर्शन पार्क (वेस्ट टू वंडर), केजीएमयू में सेंटर फॉर ऑथोर्पेडिक सुपर स्पेशियलिटी, एसजीपीजीआई में एडवांस्ड ऑप्थेमलॉजी भवन एवं एडवांस्ड डायबिटिक सेंटर, मेडिकल टेक्लोलॉजी के छात्रों के लिए 200 बेड का छात्रावास, द्वितीय मेन गेट, रोड एवं पर्किंग, कल्ली पश्चिम स्थित नवीन पुलिस लाइन में 4 ब्लॉक का ट्रांजिट हॉस्टल, हर घर नल योजनान्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए 34 परियोजनाएं, वरिष्ठ नागरिकों के लिए सामुदायिक मनोरंजन केंद्र, एबीडी एरिया में 11 स्मार्ट मार्ग का निर्माण एवं विकास, 75 पब्लिक हेल्थ एटीएम सेंटर, कलेक्ट्रेट परिसर में भूमिगत मल्टीलेवल पार्किंग, जनेश्वर मिश्र पार्क में मल्टीमीडिया लेजर शो, बिजनौर-माती-परवर मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद का कार्यालय भवन, कैप्टन मनोज पांडेय उत्तर प्रदेश में सैनिक स्कूल में महिला छात्रावास, बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में 200 बेड का सावित्री भई फुले महिला छात्रावास- एनाएच-56 से गंगागंज-नगराम रोड का लोकार्पण किया गया।

**लखनऊ से शिलान्यास होने वाली प्रमुख परियोजनाएं:** अवध चौराहे पर अंडरपास, गोसाईगंज-बनी मोहन मार्ग पर अनूपगंज में रेलवे कॉलिन संख्या 188 स्पेशल पर 4 लेग रेल उपरिणामी सेतु, किसान पथ से भटगांव डिफेंस नोड पार्सल संपर्क मार्ग, पक्का पुल से डालीगंज एवं गोमती नदी के ब्रिज तक 2 लेन आरओबी कम फ्लाईओवर, हनुमान सेतु से समतामूलक चौराहे तक सीधे रोड कनेक्टिविटी के लिए निशातगंज बंधा का चौड़ीकरण, हनुमान सेतु पर दो नए पुल, सरोजनीनगर में 100 बेड क्रिटिकल केयर ब्लॉक, एस.जी.पी. जी. आई. में 500 बेड का एडवांस्ड पीडियाट्रिक सेंटर (फेज-एक), ग्रीन कॉरिडोर के अंतर्गत निशातगंज में सेतु का शिलान्यास किया गया।

## चांद नजर आया, पाक रमजान का पहला रोजा आज



**नई दिल्ली।** अल्लाह की इबादत का मुकद्दस महीना रमजान चांद के दीदार होने के साथ ही शुरू हो गया। 12 मार्च को मुसलमान पहला रोजा रखेंगे। इस साल का पहला रोजा सबसे छोटा और आखिरी सबसे लंबा होगा। रमजान के इस पाक महीने की लोगों को बेसब्री से इन्तेजार होता है। क्योंकि इस महीने को पाक और बरकत वाला महीना कहा जाता है। इस्लाम में हैं कि जो शख्स इस पाक महीने में दिल से जो दुआ मांगता है, उसकी वह दुआ जरूर कबूल होती है। इस्लाम में रमजान का रोजा रखना हर मुसलमान पर फर्ज किया गया है। इसे बेवजह नहीं छोड़ा जा सकता। बताया कि रमजान को तीन अशरों में बांटा गया है। पहला 10 दिन रहमत का, दूसरा दस दिन मगफिरत का और आखिरी 10 दिन जहन्नम से आजादी का है। इस माह में अल्लाह तआला बंदों का खास रहमत फरमाता है। यही वजह है कि इस माह में एक फर्ज का सवाब सत्तर फर्ज के बराबर और एक नफ्ल का सवाब फर्ज के बराबर मिलता है।

फतेहपुरी मस्जिद के शाही इमाम मौलाना मुफ्ती मकर्रम ने बताया कि साल के 12 महीनों में रमजान सबसे खास महीना है। पूरे महीने रोजे रखकर अल्लाह की इबादत की जाती है। अन्य दिनों के मुकाबले एक नेकी पर सवाब (पुण्य) भी बहुत ज्यादा मिलता है। उन्होंने रोजों का एहतमाम करने की हिदायत दी। कहा कि दिखावे की बजाए अल्लाह को रोजी करने के लिए इबादत करें। रोजा सिर्फ भूखे प्यासे रहने का नाम नहीं है। रोजा आंख, हाथ, पैर, दिल, मुंह सभी का होता है ताकि रोजा रखने वाला इंसान हमेशा बुराई से तौबा करता रहे।

## देश में सीएए के नियम लागू, गैर मुस्लिम प्रवासी लोग नागरिकता पाने के लिए कर सकेंगे आवेदन

**एजेंसी/नई दिल्ली**

देश में 'नागरिकता संशोधन अधिनियम' (सीएए) के नियम लागू हो गए हैं। केंद्र सरकार ने सोमवार शाम को नागरिकता संशोधन अधिनियम को लेकर अधिसूचना जारी कर दी है। इसके लिए पोर्टल भी तैयार कर लिया गया है, जिसके जरिए गैर मुस्लिम प्रवासी समुदाय के लोग नागरिकता पाने के लिए आवेदन कर सकेंगे। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा इसके लिए पूरी तैयारी कर ली है। कुछ दिन पहले ही केंद्रीय गृह मंत्रालय को नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019 के नियमों को तैयार करने के लिए लोकसभा में अधीनस्थ कानून पर संसदीय समिति की तरफ से एक और विस्तार मिला था। पहले के सेवा विस्तार की अवधि नौ जनवरी को खत्म हो गई थी। सीएए के नियम तैयार करने के लिए गृह मंत्रालय को सातवीं बार विस्तार प्रदान किया गया था। इससे पहले राज्यसभा से भी गृह मंत्रालय को उक्त विषय पर नियम बनाने व लागू कराने के लिए 6 महीने का विस्तार मिला था।




सीएए के कानून के तहत अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से आए हिंदू, सिख, जैन, ईसाई, बौद्ध और पारसी धर्म के लोगों को नागरिकता मिल जाएगी। इस पर कुछ आलोचकों का कहना है कि ये प्रावधान भेदभावपूर्ण है, क्योंकि इसमें मुसलमानों को शामिल नहीं किया गया है। बता दें कि सीएए लागू होने के बाद नागरिकता देने का अधिकार पूरी तरह से केंद्र सरकार के पास आ गया है। सीएए के तहत पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, ईसाई और पारसी धर्म से जुड़े शरणार्थियों को भारतीय नागरिकता दे दी जाएगी। इसके तहत जो डेट तय की गई है वह 31 दिसंबर 2014 से पहले तक की है।

### देश में ध्रुवीकरण की कोशिश: कांग्रेस

कांग्रेस ने सीएए कानून के लागू होने के बाद सोमवार को आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव से पहले इसके माध्यम से देश में खासकर पश्चिम बंगाल व असम में ध्रुवीकरण का प्रयास किया गया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि चुनावी बॉण्ड पर सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद सरकार ने 'हेडलाइन मैनेज करने' की कोशिश भी की है।

### ममता बोली- नहीं लागू होने देंगे

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि वह किसी भी सूरत में बंगाल में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) लागू नहीं होने देंगी। उन्होंने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर केंद्र सरकार मजबूत होती तो सीएए पहले ही लागू कर देती। लोकसभा चुनाव पहले ही इसे क्यों लागू किया गया।






### एक लाख करोड़ की लागत वाली 114 परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास

## पीएम मोदी ने देश को समर्पित किया द्वारका एक्सप्रेस-वे

**एजेंसी/गुरुग्राम**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को गुरुग्राम में आयोजित एक कार्यक्रम से देशभर में एक लाख करोड़ रुपये की लागत वाली 114 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। पीएम मोदी ने रिमोट का बटन दबाकर द्वारका एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया। पीएम ने कहा कि देश ने आधुनिक कनेक्टिविटी की ओर आज एक और कदम बढ़ाया है। अब दिल्ली हरियाणा के बीच ट्रैफिक बेहतर होगा। इस एक्सप्रेसवे से इकोनॉमिक एक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा। इससे इंडस्ट्री और और एक्सपोर्ट को बढ़ावा मिलेगा। पीएम ने कहा कि आज यहां देशभर के लिए 1 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की 100 से अधिक परियोजनाओं का लोकार्पण या शिलान्यास हो रहा है। सभी राज्यों के करोड़ों नागरिकों को इतनी सारी विकास परियोजनाओं के लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूं। जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि पहले की सरकारें छोटी सी कोई योजना बनाकर, छोटा सा कोई कार्यक्रम करके उसकी डुगडुगी पांच साल तक पीटते रहते थे। वहीं भाजपा सरकार जिस रफ्तार से काम कर रही है, उसमें शिलान्यास और लोकार्पण के लिए समय और दिन कम पड़ रहे हैं।



पीएम मोदी ने कहा कि मुझे खुशी है कि आज मुझे द्वारका एक्सप्रेस-वे देश को समर्पित करने का अवसर मिला है। इस प्रोजेक्ट पर 9,000 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। आज से दिल्ली और हरियाणा के बीच परिवहन का अनुभव हमेशा के लिए बदल जाएगा। ये आधुनिक एक्सप्रेसवे न सिर्फ गाड़ियों में, बल्कि दिल्ली NCR के लोगों की जिंदगी में भी 'गियर शिफ्ट' करेगा।

'इतने कम समय में 10 लाख करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण'

पीएम मोदी ने कहा कि 2024 के अभी तीन महीने भी पूरे नहीं हुए हैं, और इतने कम समय में 10 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हो चुका है। ये सिर्फ वो प्रोजेक्ट्स हैं, जिसमें मैं खुद शामिल हुआ हूं। इसके अलावा मेरे मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों ने भी विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया है। पीएम मोदी ने कहा कि आज जहां द्वारका एक्सप्रेस-वे का निर्माण हुआ है, एक समय था, जब शाम ढलने के बाद लोग इधर आने से बचते थे। टैक्सी ड्राइवर भी मना कर देते थे कि इधर नहीं आना है। इस पूरे इलाके को असुरक्षित समझा जाता था। लेकिन आज कई बड़ी कंपनियां यहां आकर अपने प्रोजेक्ट लगा रही हैं। पीएम मोदी ने कहा कि 21वीं सदी का भारत बड़े विजन का भारत है। ये बड़े लक्ष्यों का भारत है। आज का भारत प्रगति की रफ्तार से कोई समझौता नहीं कर सकता।

पीएम ने कहा कि आप सभी मुझे अच्छी तरह से जानते और समझते हैं। मैं छोटा नहीं सोच सकता, न ही मैं छोटे सपने देखता हूं, न ही मैं छोटे संकल्प लेता हूं। मैं जो भी चाहता हूं, वह बड़ा चाहता हूं। मुझे जो चाहिए विराट चाहिए, विशाल चाहिए और तेज गति से चाहिए।

## खानपुर में रेबड़ा चौक के पास हुई दुःखद घटना

# समस्तीपुर में बस पलटी तीन लोगों की हुई मौत

♦ स्कूल जाने के लिए सड़क किनारे खड़ी एक बच्ची पर आ गिरा बस, हादसे में बच्ची की चली गई जान



केटी न्यूज/समस्तीपुर

समस्तीपुर के खानपुर में यात्री बस पलटने से एक स्कूली छात्रा समेत तीन लोगों की मौत हो गई। यह हादसा सुबह करीब 10 बजे खानपुर थाना इलाके में रेबड़ा चौक पर हुआ। इस घटना के बाद इलाके में अफरा -तफरी का माहौल कायम हो गया है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस को भी ग्रामीणों के गुस्सा का सामना करना पड़ा। बताया जा रहा है कि, इस घटना में बच्ची स्कूल जाने के लिए सड़क किनारे खड़ी थी। उसी दौरान बस पलटने से वह उसके नीचे दब गई। इसके अलावा बस में सवार एक यात्री और बस के खलासी की भी इस हादसे में मौत हो गई। बस में सवार एक दर्जन यात्री चोटिल हुए हैं, जिसमें से तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे से आक्रोशित ग्रामीणों ने सूचना पर पहुंची पुलिस को खदेड़ दिया। यह बस समस्तीपुर से बहेड़ी जा रही थी। उस पर 30 से अधिक लोग सवार थे। मरने वालों की पहचान नगर थाना क्षेत्र के रामचंद्रपुर गांव के मानदेव मंडल, बीके चौपाल और रेवड़ा गांव के ही महेश शर्मा की पुत्री निखिल कुमारी (10 वर्ष) के रूप में की गई है। घटना की सूचना पर खानपुर पुलिस ने तीनों शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं घायलों का उपचार भी कराया जा रहा है।

बताया गया है कि समस्तीपुर बस स्टैंड से मिनी बस करीब 20 से 25 यात्रियों को लेकर समस्तीपुर से बहेड़ी जा रही थी। इसी दौरान खानपुर थाना क्षेत्र के रेबड़ा गांव के पास बस के चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया। इससे गाड़ी असंतुलित हो गया और सड़क किनारे बिजली पोल से जा टकरा गई। इसके बाद सड़क के पास ही गड्ढे में पलट गई। बताया गया है कि कुछ लोगों को करंट भी लगा जो बस के ऊपर बैठे हुए थे।

उधर, इस घटना में मृतका की पहचान रेबड़ा निवासी महेश शर्मा की 13 वर्षीय पुत्री निखिला कुमारी के रूप में हुई है। उसके अलावा बस के खलासी शिवाजीनगर के रजौर निवासी नामदेव एवं यात्री दरभंगा जिले के बिरौल थाना के अम्बा बिजौलिया निवासी बौकू चौपाल की मौत हुई।

# पटना में हुए सोना लूटकांड का खुलासा, मास्टरमाइंड गिरफ्तार



केटी न्यूज/पटना

पटना के डाक बंगला चौराहे पर चार दिन पहले हुए सोना लूटकांड पटना पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। घटना को अंजाम देने वाले मास्टरमाइंड को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इसके साथ ही घटना में प्रयुक्त किए गए मोटरसाइकिल को भी जप्त किया है। अन्य अपराधियों की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अली रजा के रूप में की गई है। उसकी निशानदेही पर अन्य आरोपियों की तलाश में छापेमारी चल रही है।

पटना सेंट्रल रेंज के एसपी चंद्र प्रकाश ने बताया कि लुटे गये सोने की कीमत लगभग दो करोड रुपए के आसपास बताई जा रही है। उन्होंने बताया कि घटना के बाद अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। इस टीम में टेक्निकल एविडेंस के साथ-साथ सीसीटीवी की फुटेज के आधार पर अपराधियों के गिरफ्तारी के लिए ऑपरेशन चलाया गया। इस ऑपरेशन में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। उन्होंने बताया कि इस मामले में पांच अपराधियों के नाम सामने आए। पुलिस ने इनके पास से तीन बाइक भी जप्त की है। इसमें दो बाइक चोरी या लूट के प्रतीत हो रहे हैं, बाकी बचे अपराधियों की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है।

बता दें कि दिल्ली से पटना पहुंचे स्वर्ण व्यवसायी से अपराधियों ने सोने के जेवर से भरे बैग लूट लिए थे। विरोध करने पर अपराधियों ने इन्हें गोली भी मार दी थी। अपराधियों ने व्यापारी के दो करोड़ से अधिक रुपये का सोना लूट लिया था।

# डॉ. सहजानंद बोले... भाजपा या लोजपा के सिंबल पर नवादा संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ने की है इच्छा



केटी न्यूज/पटना

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के नेशनल प्रेसिडेंट इलेक्ट डॉ सहजानंद प्रसाद सिंह नवादा लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी के सिम्बल पर चुनाव लड़ना चाहते हैं। इसकी जानकारी सोमवार को उन्होंने पटना के आई एम इ हॉल में प्रेस वार्ता कर दी। डॉ सहजानंद प्रसाद सिंह ने कहा कि नवादा संसदीय क्षेत्र की करें, तो यहां की जनता का प्यार, आशीर्वाद और स्नेह सदा मेरे साथ रहा है और मैंने भी कोशिश कि है उनके प्यार, सम्मान, आशीर्वाद और स्नेह को सेवा के रूप में उनको समर्पित करूं। उन्होंने कहा कि अपने चिकित्सीय सेवा एवं समाज सेवा के दौरान पूरा नवादा संसदीय क्षेत्र अब मेरे घर की तरह प्रतीत होता है। चाहे बरबीघा की बात हो या वारसलीगंज की बात की जाए या हिसुआ, इन सभी सभी जगहों से मेरा खास लगाव रहा है।

हालांकि, डॉ सहजानंद प्रसाद सिंह ने अपने से पहले इस सीट पर देश के गृह मंत्री अमित शाह को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भांति चुनाव लड़ने का आह्वान भी किया। वहीं, खुद को लेकर उन्होंने कहा कि गरीबी क्या होती है मुझसे बेहतर कोई नहीं समझ सकता है। मैं चिकित्सकीय सेवा में लगभग 43 वर्षों से कार्यरत हूं। एक डॉक्टर के तौर पर मैंने कभी भी अपने कर्तव्यों के साथ नाइंसाफी नहीं की। मैं हमेशा ही मरीज और गरीबों की सेवा में लगा रहा। चिकित्सा मेरा पेशा नहीं एक शौक है। जो समाज सेवा के साथ में वर्ष 1981 से करता चला आ रहा हूं। उन्होंने कहा कि वर्षो से नवादा की जनता बार-बार मुझसे आग्रह कर यह प्रश्न पूछती है कि डॉक्टर साहब आप समाज सेवा में इतना सक्रिय है तो आप नवादा संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व क्यों नहीं करते हैं? उनका साफ तौर पर कहना है कि घर का नेता घर का बेटा ही हो। प्रधानमंत्री मोदी जी, भारतीय जनता पार्टी एवं एन.डी.ए. बिहार के तमाम घटक दल खासकर लोजपा (रामविलास) के मुखिया चिराग पासवान जी के प्रति मेरी गहरी आस्था और विश्वास है। इस वजह से मेरी प्रथम प्राथमिकता भाजपा व लोजपा (रामविलास) है।




# मधेपुरा में जदयू नेता के बेटे को अपराधियों ने मारी गोली

केटी न्यूज/मधेपुरा

मधेपुरा में अपराधियों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी (जदयू) के नेता के बेटे को गोली मारकर घायल कर दिया। घटना गम्हरिया थाना क्षेत्र के इटवा जीवछपुर गांव की है। घायल युवक का इलाज जननायक कपूर्री ठाकुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई।

इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और छानबीन में जुट गई। बताया जा रहा है कि गम्हरिया थाना क्षेत्र के इटवा गांव वार्ड-3 निवासी व जनता दल यूनाईटेड के जिला उपाध्यक्ष करमलाल मेहता के बेटे दीपक कुमार (23) के ऊपर गोली चलाई गई है। परिजनों ने बताया कि रविवार की देर रात दीपक घर से पश्चिम नहर की ओर मोबाइल से बात करते हुए जा रहा था। नहर के समीप पहुंचते ही पीछे से दो बाइक पर सवार चार की संख्या में अज्ञात अपराधियों के द्वारा मोबाइल छीनने का प्रयास किया गया।

**छिनतई का विरोध करने पर पीछे से मारी गोली:** जानकारी के अनुसार छिनतई का विरोध करने पर अपराधियों द्वाा पीछे से गोली मारी गई है। गोली युवक के जांघ और कमर के बीच में लगी है। गोली लगने से युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे, जहां से जख्मी को इलाज के लिए मधेपुरा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। गम्हरिया थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि युवक को अपराधियों ने गोली मार दी है। घायल युवक का मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

# बेगूसराय में शादी समारोह में आए युवक की गोली मार हत्या

केटी न्यूज/बेगूसराय

बेगूसराय में एक युवक की हत्या कर दी गई। वह शादी समारोह में शामिल होने के लिए आया था, इसी दौरान अपराधियों ने गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। घटना बखरी थाना क्षेत्र के मौजी गांव की है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। बखरी थाना के एसआई हरेंद्र कुमार ने बताया कि रविवार मध्य रात्रि रात उन्हें सूचना मिली थी कि एक युवक को गोली मारी गई है। जब वह लोग मौके पर पहुंचे तो जितेंद्र कुमार को सड़क किनारे झाड़ी में पड़ा हुआ देखा और उसके ऊपर एक कपड़ा देकर ढंका गया था। हत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

मृत युवक की पहचान चेरिया बरियारपुर थाना क्षेत्र के सकरवासा गांव के रहने वाले नंदकिशोर चौधरी का 32 वर्षीय निवासी जितेंद्र कुमार के रूप में की गई है। परिजनों का कहना है कि जितेंद्र कुमार के ससुराल पक्ष के रिश्तेदारों ने ही इसकी गोली मार कर हत्या की है। जितेंद्र कुमार दिल्ली में एक प्राइवेट कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड का काम करता था। इसके ससुराल पक्ष में चचेरी साली की शादी थी। इस शादी समारोह में वह नौ मार्च को मौजी गांव पहुंचा था। रविवार देर रात तकरीबन एक बजे के आसपास जितेंद्र कुमार की हत्या की सूचना मिली।

परिजनों का यह भी आरोप है कि पुलिस द्वारा हमलोगों को बरगलाने की कोशिश की गई। लंबे समय तक उन्हें सच नहीं बताया गया। परिजनों का आरोप है कि बखरी थाने की पुलिस हमलोगों से फोन पर बहस करने लगी। इसके बाद बताया कि जितेंद्र को गोली लगी है, उसे अस्पताल भेजा गया है।

## जदयू विधायक अमन हजारी हादसे में घायल

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर में एनएच 28 पर मुसरीघरारी चौक के पास रविवार रात ट्रक और जदयू विधायक की स्कार्पियो में सीधी टक्कर हो गई। इसमें विधायक अमन हजारी के साथ ही चालक रोशन, उनके दो सुरक्षागार्ड और उनका निजी सचिव गंभीर रूप से जख्मी हो गए। गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें पटना रेफर किया गया है।

## किडनी प्रकरण में फरार चल रहे आरोपी डॉक्टर के घर की कुर्की करेगी पुलिस

**मुजफ्फरपुर।** बिहार की मुजफ्फरपुर पुलिस सुनीता किडनी प्रकरण में फरार चल रहा आरोपी चिकित्सक आरके सिंह के घर की कुर्की करेगी। इसको लेकर के जिला पुलिस ने कार्रवाई को तेज कर दिया है। दरअसल, वैशाली जिला के पातेपुर थाना क्षेत्र निवासी डॉ. आरके सिंह घटना के बाद से फरार चल रहे हैं। जिला पुलिस ने अब आरोपी चिकित्सक के घर की कुर्की के लिए जिला वैशाली के डीएम को पत्र लिखा है। इस मामले की पुष्टि एडिशनल एसपी ईस्ट मुजफ्फरपुर सहरियार अख्तर ने की है।

जानकारी के मुताबिक, मुख्य आरोपी डॉ. आरके सिंह के द्वारा जिला के सकरा प्रखंड क्षेत्र के बरियारपुर में एक अवैध नर्सिंग होम में इलाज के लिए आई मरीज सुनीता देवी के यूटरस के ऑपरेशन के दौरान दोनों किडनी निकाल दी थीं। इस मामले में एनएचआरसी और बीएचआरसी भी संज्ञान लेकर राज्य स्वास्थ्य विभाग को तलब कर पूरे मामले की रिपोर्ट मांग चुकी है। इस मामले में इलाज सहित हर संभव मदद सुनीता को देने के लिए कहा गया है। गौरतलब है कि मुजफ्फरपुर जिले के बरियारपुर क्षेत्र में वर्ष 2022 में यूटरस का ऑपरेशन करवाने आई मरीज सुनीता देवी की बरियारपुर बाजार में स्थित कथित अवैध नर्सिंग होम में इलाज के दौरान में दोनों किडनी निकाले जाने का मामला सामने आया था। वहीं, इस मामले में जानकारी के बाद चिकित्सक सहित सभी स्वास्थ्यकर्मी फरार हो गए थे।









## नया भोजपुर ओपी क्षेत्र के गोपाल डेरा गांव के पास हुई थी घटना

# होमगार्ड जवान को धक्का मारकर मौत की नींद सुलाने वाला तस्कर यूपी से गिरफ्तार

- 2 मार्च 2023 को नया भोजपुर ओपी के गोपाल डेरा गांव के पास हुई थी घटना
- शराब लदी पिकअप चालक ने मारा था बाइक सवार होमगार्ड जवान को धक्का, इलाज के दौरान हुई मौत
- गिरफ्तारी के लिए नया भोजपुर ओपी प्रभारी मनीष कुमार के नेतृत्व में टीम की गई थी टीम



**केटी न्यूज/डुमरांव**

नया भोजपुर ओपी पुलिस ने एक साल पहले होमगार्ड जवान को अपनी शराब लदी पिकअप से टक्कर मार मौत की नींद सुलाने वाले अपराधी को यूपी से गिरफ्तार कर लिया है। आवश्यक पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार शराब तस्कर सह अपराधी की पहचान उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के बदलापुर के रामाशंकर निषाद के पुत्र संदीप कुमार निषाद के रूप में हुई है। उस पर नया भोजपुर ओपी थाने में शराब तस्करी के साथ ही एक होमगार्ड जवान को जानबूझकर अपनी पिकअप से टक्कर मार मौत की नींद सुलाने का मामला दर्ज था। वह पिछले एक वर्ष से फरार चल रहा था। लेकिन, पुलिस ने तकनीकी साधनों व गुप्तचरों के माध्यम से उसे एक साल बाद गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। पुलिस का कहना है कि जब्त वाहन से पहले वाहन मालिक का पता लगाया गया था। इसके बाद इसकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास किया जा रहा था। इसकी गिरफ्तारी के लिए कई स्थानों पर छापेमारी की गई थी। परंतु हर बार यह बच कर निकल भागने में सफल हो जाता था। लेकिन, इस बार इसकी गिरफ्तारी के लिए पूरा जाल बिछाया गया था। ताकि यह भागने में सफल नहीं हो सके। उसकी गिरफ्तारी नया भोजपुर ओपी प्रभारी मनीष कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने की है। ओपी प्रभारी मनीष ने बताया कि पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया है।

**शराब लदी पिकअप के टक्कर से हुई थी होमगॉर्ड जवान की मौतः** मिली जानकारी के अनुसार 2 मार्च 2023 को संदीप अपनी पिकअप में भारी मात्रा में शराब की खेप छिपाकर उसके उपर बांस बल्ला लाद उसे खपाने जा रहा था। वह जैसे ही एनएच 922 पर गोपाल डेरा गांव के पास पहुंचा कि नावानगर थाना क्षेत्र के भटौली गांव के अरविंद सिंह का 45 वर्षीय पुत्र धनोज कुमार जो होमगॉर्ड का जवान था, पुलिस वर्दी में जिला मुख्यालय की तरफ से अपने गांव लौट रहा था। वह तेजी से घर जाने के प्रयास में पिकअप को दूर से ही ओवरटेक कर रहा था। इस दौरान शक के आधार पर पिकअप चला रहा संदीप ने जानबूझकर उसकी बाइक में टक्कर मार दिया। दुर्घटना के बाद पिकअप भी पलट गई जबकि धनोज को गंभीर चोटें आई थी। पिकअप पलटने की आवाज सुन आस पास के ग्रामीण मौके पर पहुंच उसे पकड़ लिए थे, लेकिन पीछे से बाइक पर आ रहे उसके अन्य गुर्गों ने हवाई फायरिंग कर उसे छुड़ा लिया था। घायल धनोज को तत्काल ग्रामीण की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया था। गंभीर स्थिति देखते हुए उसे इलाज के लिए भेजा जा रहा था वही धनोज की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। बाद में पुलिस की पड़ताल में उक्त पिकअप से 102 कॉर्टन में कुल 11,224 पीस शराब बरामद हुआ था। घटना के बाद से ही पुलिस उक्त तस्कर को सरगर्मी से तलाश कर रही थी।

**क्या कहते हैं ओपी प्रभारी**

मुखबिरों तथा वैज्ञानिक अनुसंधान में यह जानकारी मिली थी कि संदीप कुमार निषाद अपने गांव में छिपा है। इस सूचना पर तत्काल एक टीम गठित कर उसके गांव यूपी के बदलापुर में स्थानीय पुलिस के सहयोग से छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसके खिलाफ शराब तस्करी तथा होमगार्ड जवान को जानबूझकर धक्का मारने का मामला दर्ज है। - **मनीष कुमार, नया भोजपुर**

## डीएम ने चापाकल मरम्मति रथ को किया रवाना



**बक्सर।** जिला पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने जिला अंतर्गत अधिष्ठापित चापाकलों की मरम्मती हेतु चापाकल मरम्मती दल को हरी झंडी दिखाकर समाहरणालय परिसर से रवाना किया गया। जिले के सभी 11 प्रखंडों में चापाकल मरम्मती हेतु कुल 11 अदद चापाकल मरम्मती दल प्रखंडवार का गठन किया गया है। चापाकल मरम्मती हेतु दूरभाष संख्या 06183-295053 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त बक्सर एवं कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य प्रमंडल बक्सर उपस्थित थे। विभागीय सूत्रों का कहना है कि गर्मी का मौसम शुरू होने से पूर्व ही जिला प्रशासन की ओर से यह प्रयास किया ज रहा है कि जो भी चापाकल खराब हो चुके है। उनकी मरम्मति करा दी जाए। ताकि गर्मी के मौसम में आम आदमी को परेशान होने की जरूरत नहीं पड़े। उसी के मद्देनजर यह अभियान चलाया जा रहा है। डीएम ने पीएचईडी के अभियंताओं को सख्त निर्देश दिया है। कहा कि कार्य में कोई भी कोताही नहीं हो।

## एक नजर

### शिक्षा विभाग के सभी डीपीओ का प्रभार बदला

**बक्सर।** जिला पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल के निर्देश पर डीईओ अनिल कुमार द्विवेदी ने शिक्षा विभाग के सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों के विभाग को बदल दिए है। जानकारी के अनुसार स्थापना डीपीओ रहे मो. शारिक अशरफ को सर्व शिक्षा अभियान का डीपीओ बनाया गया है। जबकि स्थापना का प्रभार विष्णु कांत राय को दिया गया है। चंदन द्विवेदी को राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा एवं योजना लेखा का जिला कार्यक्रम पदाधिकारी तथा मध्याह्न भोजन योजना का प्रभार रजनीश उपाध्याय को दिया गया है। स्थापना का प्रभार बदलने से शिक्षकों में खुशी है। वही सभी डीपीओ के विभागों का बटवारा होने के बाद उम्मीद जताया जा रहा है कि अब विभागीय काम पटरी पर लौट आएगा।

### 13 मार्च को होगा जिप चेयरमैन का चुनाव

**बक्सर।** जिला परिषद के अध्यक्ष पद का चुनाव 13 मार्च को किया जाएगा। राज्य निर्वाचन आयोग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना जारी होते ही बक्सर डीडीसी डॉ. महेन्द्र पाल ने सभी सदस्यों को इसकी जानकारी दी है। जिप चेयरमैन का चुनाव 13 मार्च को सुबह 11 बजे से समाहरणालय परिसर स्थित सभाकक्ष में की जाएगी। सदस्यों को 12 बजे से पहले आना होगा। सदस्यों को भेजे पत्र में स्पष्ट बताया गया है कि बैठक आरंभ होने का जो समय सूचना पत्र (प्रपत्र 24) में अंकित किया गया है। उसके बाद एक घंटे के भीतर आने वाले निर्वाचित सदस्यों को बैठक में भाग लेने की अनुमति दी जायेगी। किन्तु चुनाव हेतु नामांकन प्रक्रिया आरंभ हो जाने के पश्चात विलंब से आने वाले किसी भी सदस्य को बैठक में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जायेगी। नये चेयरमैन के चुनाव के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहेंगे तथा सदस्यों को सुरक्षा घेरे के अंदर किसी भी तरह के हथियार, इलेक्ट्रॉनिक सामान, मोबाईल, कैमरा आदि लाने की अनुमति नहीं होगी। गौरतलब है कि पूर्व जिप अध्यक्ष विद्या भारती पर अविश्वास प्रस्ताव ध्वनि मत से पारित हो गया था। जिसके बाद से चेयरमैन का पद रिक्त हो गया था।

### स्वास्थ्य विभाग ने बच्चों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

**केसठ।** प्रखंड परिसर स्थित पीएचसी में सोमवार को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत निशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 60 बच्चों का विशेषज्ञ चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया। चिकित्सकों द्वारा जांच में गंभीर बीमारी से ग्रसित पाए गए बच्चो को इलाज के लिए उच्च चिकित्सा संस्थान पर रेफर किया गया। इस संदर्भ में चिकित्सकों ने बताया कि नवाचार के रूप में सुपोषित बचपन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत आरबीएसके टीमों द्वारा दूरस्थ इलाकों के आग्नबाड़ी, स्कूल के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया भी किया जा रहा है। जांच टीम में डॉ. सुरेश कुमार, डॉ. जेपी प्रसाद सहित अन्य शामिल रहे।

### चौकीदार परेड, शराब तस्करी पर रोक का निर्देश



**डुमरांव।** डुमरांव थाने में चौकीदारों की परेड करायी गयी। जिसमें थानाध्यक्ष अनीशा राणा ने सभी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। चौकीदारों को नसीहत देते हुए उन्होंने कहा की होली महापर्व नजदीक है। सभी लोग अपने-अपने क्षेत्र में शराब तस्करी और आपराधिक गतिविधियों पर नजर बनाए रखे ऐसा कुछ संदेह होने पर थाने को जरूर सूचना दे। उन्हें बताया गया कि गांव के असल थानेदार आप ही है। गांव की सारी गैर कानूनी चहलकदमी की आप सबो की जानकारी होती है। वहीं उन्होंने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अगर किसी प्रकार की लापरवाही की जाती है तो उनपर कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि चौकीदारों की थाने पर परेड आयोजित की गयी थी। जिसमें पुलिस अधिकारियों ने आवश्यक निर्देश दिये।

### बिजली चोरी में दो पर जुर्माना के साथ केस दर्ज

**डुमरांव।** बिजली चोरी के खिलाफ बिजली कंपनी के अधिकारियों ने राजगढ़ के समीप डोर-टू-डोर अभियान चलाया। जिसमें दो लोगों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा और जुर्माना लगाते हुए आरोपितों के खिलाफ डुमरांव थाने में मामला दर्ज कराया है। इस छापेमार दस्ता का नेतृत्व विद्युत आपूर्ति प्रशाखा डुमरांव के कनीय विद्युत अभियंता सह अभिनिर्धारण पदाधिकारी मनीष कुमार ठाकुर ने किया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बिजली चोरी मामले में भवानी देवी पर 7506 रुपये और विंदेश्वरी सिंह पर 4509 रुपये का जुमार्ना लगाते हुए मामला दर्ज कराया गया है। स्थानीय पुलिस ने बताया कि इन आरोपितों के खिलाफ विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 एवं अन्य सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है। वहीं दूसरी ओर बिजली कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि इस तरह का अभियान लगातार चलाया जाएगा।

## कैसर-ए-हिन्द सरकारी दस्तावेज भूमि निकली, निर्माण कार्य पर लगी रोक



- आंदोलनकारी ने किया ऐलान लिखित रूप से काम रूकवाने तक जारी रखेंगे धरना

**केटी न्यूज/डुमरांव**

जिला अभिलेखागार के दस्तावेजों के अवलोकन से पता चला है कि जिस भू-खंड को भूमि माफिया के चंगुल से मुक्त कराने के लिए आंदोलन चल रहा है। वह भू-खंड कैसर-ए-हिन्द, लोक निर्माण विभाग भारत सरकार का है। अब ऐसे में यह सवाल खड़ा हो रहा है कि आखिर किसकी सह पर भारत सरकारी की भूमि पर घेराबंदी हो रही थी या किस तरह से उसकी बंदोबस्ती कर दी गई थी। हालांकि यह सब जांच के बाद खुलकर सामने आ जाएगा। वहीं दूसरी ओर आंदोलन के दबाव में आकर घेराबंदी कार्य पर तत्काल रोक लगा दिया है। विदित कैसर-ए-हिन्द की जमीन के अतिक्रमण व घेराबंदी के खिलाफ सार्वजनिक संपति बचाओ मंच का अनिश्चितकालीन धरना जारी है। एसडीओ के आश्वासन तथा काम रोकने के मौखिक आदेश के बाद भी सोमवार को पूरे दिन धरना जारी रहा। धरना देने वाले सार्वजनिक संपति बचाओ मंच का कहना है कि जबतक प्रशासन द्वारा लिखित रूप से इस जमीन के घेराबंदी काम को नहीं रूकवाया जाता है तथा गलत तरीके कराए गए इस जमीन के बंदोबस्ती को रद्द कर इस पर भूमिहीन महादलित परिवारों को नगर परिषद के सार्वजनिक आवास योजना के तहत आवास बनवाकर उन्हें आवंटित करने संबंधी कार्रवाई शुरू करने तक धरना जारी रहेगा। सोमवार को आयोजित धरना की अध्यक्षता दशरथ प्रसाद विद्यार्थी व संचालन मंच के प्रदीप शरण ने किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि यह जमीन सार्वजनिक संपति है, इस पर भूमिहीन तथा गरीबों को आवास बनवाकर देना चाहिए। वही पूर्व में डुमरांव विधायक डॉ अजीत कुशवाहा के पहल पर तत्कालीन डीएम ने इस जमीन पर बस स्टैंड बनाने की बात कही थी। लेकिन, प्रशासनिक अधिकारियों के मिलीभगत से इस जमीन की गलत तरीके से बंदोबस्ती करा दी गई है। वक्ताओं ने कहा कि कैसर-ए-हिन्द की जमीन की बंदोबस्ती का अधिकार एसडीओ या समाहर्ता के पास नहीं है। यह केन्द्र या राज्य सरकार के अधीन आने वाली जमीन है। सोमवार को धरना में अखिलेश यादव, बलराम सिंह, रिंकू यादव, रवि कुमार, महेन्द्र राम, राजकुमार राम, उधम सिंह, ललन यादव, रामजी राम, किस्मत यादव, कृष्णा प्रसाद, चंद्रदीप नोनिया, नंदजी नोनिया, कृष्ण मोहन सिंह समेत कई अन्य शामिल रहे।

## कोरानसराय में जलभरी के साथ 16 मार्च से शुरू होगा श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ, तैयारी में जुटे आयोजक

**केटी न्यूज/डुमरांव**

कोरानसराय स्थित श्री राधेकीर्तन ब्रम्ह बाबा के सानिध्य में श्री-श्री 108 विराट श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ का आयोजन 16 मार्च को कलश यात्रा व पंचांग पूजन के साथ होगा। जबकि पूणार्हूति 22 मार्च को दी जाएगी। इस दिन विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया है। महायज्ञ यज्ञाचार्य सह वैदिक विद्वान पवन द्विवेदी के देखरेख में संपन्न होगा जिसमें प्रयागराज यूपी की सुप्रसिद्ध कथावाचिका विदुषी अंजनी गोस्वामी जी श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा का अमृत पान करायेगी। इसके अलावे देश के कोने-कोने के कई अन्य चर्चित कथावाचक व भागवत कथा मर्मज्ञ इस महायज्ञ में शामिल होंगे। इस आयोजन से ग्रामीणों में उत्साह व्याप्त है तथा आयोजक व ग्रामीण पूरे मनोयोग से इस आयोजन को सफल बनाने में जुट गये है। इस महायज्ञ के मुख्य आयोजनकर्ता महंत दीपक तिवारी जी महाराज ने बताया कि महायज्ञ 16 मार्च से 22 मार्च तक चलेगा। पूणार्हूति के साथ ही विशाल भंडारे का



आयोजन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि महायज्ञ में देश के कोनें-कोनें से वैदिक पंडितों एवं संत महात्माओं का आगमन हो रहा है। यज्ञ अवधि में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के लिए कई विद्वान संत महात्माओं को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से ग्रामीणों में उत्साह है तथा ग्रामीण इसे सफल बनाने के लिए जी जान से जुट गये है। अभी तक महायज्ञ का मुख्य मंडप तथा साधु संतो के ठहरने वाली कुटिया का निर्माण करा दिया गया है। प्रवचन स्थल को भी तैयार किया जा रहा है। महायज्ञ के आयोजन से ग्रामीण इतने उत्साहित है कि अभी से ही गांव में लक्ष्मीनारायण का जयघोष सुनाई पड़ रहा है। आयोजन समिति के द्वारा महायज्ञ परिसर में साफ-सफाई और यज्ञमंडप को आकर्षक तरीके से सजाने की प्रक्रिया चल रही है। श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ के आयोजन को लेकर कोरानसराय सहित आसपास के इलाके में भक्तिरस की अविरल धारा प्रवाहित हो रही है। बतादें कि महंत दीपक जी महाराज के द्वारा प्रत्येक साल कोरानसराय में श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन करवाया जाता है। महायज्ञ परिसर को दुल्हन की तरह सजाने में दर्जनों युवा दिन-रात मेहनत कर रहे है। उन्होंने कहा कि महायज्ञ के दौरान साधु-संतों का जमावड़ा लगेगा। दूर-दराज के श्रद्धालु भी यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने तथा श्रीमद्भागवत कथा का अमृत पान करने आएंगे। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की भारी संख्या को देखते हुए प्रवचन स्थल को काफी विस्तृत बनवाया जा रहा है। इस वर्ष भी इस बात की उम्मीद है कि इसमें दूर-दूर से साधू-संत आएंगे।

## सोनवर्षा में गांजा के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**नावानगर।** सोनवर्षा ओपी के बाली गांव से गांजा के साथ एक तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार किया। जिसे जेल भेज दिया है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान बाली गांव निवासी मंतोष पासवान के रूप में हुई। इसकी पुष्टि करते हुए सोनवर्षा ओपीध्यक्ष निशा रानी ने बताया कि गुप्त सूचना पर कारोबारी के पास से 500 ग्राम से अधिक गांजा बरामद किया गया है। जिसके बाद तस्कर पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार तस्कर काफी दिनों से इस धंधे में संलिप्त था। पुलिस ने पूर्व भी इसे गिरफ्तार करने का प्रयास किया था। परंतु बच निकला था।

## नैनीजोर ओपी पुलिस ने दो बाइक चोर को भेजा जेल

**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**



बाइक चुरा भाग रहे दो शातिर चोरों को नैनीजोर ओपी पुलिस ने रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से चोरी की एक स्प्लेंडर प्लस बाइक भी जब्त हुई है। पुलिस को यह सफलता रविवार की रात्रि गश्त के दौरान संजीवन डेरा-नैनीजोर मार्ग पर हाई स्कूल के पास मिली है। गिरफ्तार बाइक चोरों में एक स्थानीय बड़की नैनीजोर के श्रीभगवान तिवारी का पुत्र राकेश तिवारी उर्फ भुवर तिवारी तथा दूसरा भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के ईश्वरपुरा गांव के लोकनाथ सिंह का पुत्र राकेश सिंह उर्फ बलेश्वर सिंह शामिल है। मिली जानकारी के अनुसार नैनीजोर ओपी थाने में पद स्थापित पीटीसी अरविंद कुमार दुबे हाई स्कूल के पास पुलिस जवानों के साथ रात्रि गश्त कर रहे थे। इसी दौरान एक बाइक पर सवार दो युवक गश्ती दल के करीब पहुंचते ही अचानक बाइक पीछे की तरफ मुड़ा भागने लगे। उनकी हरकतों से पुलिस टीम को शक हुआ तथा पुलिस ने उनका पीछा कर पकड़ लिया। उसके बाद जब पुलिस ने बाइक के कागाजातों की मांग की तो दोनों के चेहरे पर हवाईयां उड़ने लगी। पुलिस को समझते देर न लगी कि बाइक चोरी की है। पुलिस ने जब सख्ती दिखाई तो दोनों ने स्वीकार किया कि यह बाइक चोरी की है तथा वे लोग इसे खपाने के लिए ले जा रहे थे।

## नगर परिषद से आक्रोशित वार्ड पार्षद प्रतिनिधि ने उठाया सफाई का जिम्मा, खुद उठाने लगे कचरा

# शहर की सफाई पर हर दिन डेढ़ लाख का खर्च, व्यवस्था से लोग आक्रोशित

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव नगर परिषद क्षेत्र में इन दिनों सफाई व्यवस्था का हाल-बेहाल है। लोगों को उम्मीद थी शहर की नयी सरकार आने के बाद सफाई व्यवस्था में बदलाव आयेगा लेकिन नगर परिषद के अधिकारी लापरवाह बने हुए है। अधिकारियों की अनदेखी के कारण शहर की सफाई व्यवस्था चरमरा गयी हैं। शहर के गलियों व सड़को पर कूड़े-कचरे का ढेर लगा है। शहर के वार्ड 26 स्थित जंगल बाजार मोहल्ले में कूड़े के ढेर को देख पार्षद प्रतिनिधि एकराम खान नाराज हो उठे और नगर परिषद प्रशासन व एनजीओ के मनमानी के खिलाफ आक्रोश जताते हुए अपने वार्ड में लगे कूड़े के ढेर को स्वयं उठाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि उनकी बात ना तो कोई नप अधिकारी सुन रहे और ना ही एनजीओ कर्मी। विवश होकर कूड़े का उठाव स्वयं करना पड़ा। इसी तरह बंधन पटवा रोड में कूड़े का उठाव ठप है तो सफाखाना रोड, टेक्सटाइल कॉलोनी, एसएम कॉलेज रोड आदि मोहल्लों में कूड़ा-कचरा सड़क किनारे इस तरह बिखरा है कि उसके सड़ांध से बदबू निकलने लगी है। इसके लिए सफाई योजना पर नप प्रशासन हर रोज एक लाख से अधिक की राशि वहन करता है फिर भी शहर की गंदगी के स्थिति में कोई सुधार नही हुआ। सफाई व्यवस्था केवल मुख्य सड़को तक ही सिमट तक रह गयी है। शहर के कई वार्डों में लोगों को डोर-टू-डोर योजना का लाभ नही मिल रहा है।



एनजीओ की लापरवाही और नप प्रशासन की उदासीनता से शहर के कई मोहल्ले व टोले की हालत बेहद खराब बन गये है। ऐसी स्थिति में लोगों का आक्रोश नप के प्रति उबाल मार रहा है। नाला-नाली जाम होने से मच्छरों का प्रकोप भी लोगों को मुश्किलों में डाल दिया है। शहर के दर्जनों नालियों को आज भी स्लैब से नही ढका गया, जो आये दिन दुर्घटना को दावत देता है। बरसात के दिनों में इन नालियों का पानी ऊपरी सतह पर आने के बाद लोगों को पता नही चलता कि कहां सड़क है और कहां नाला। कई मोहल्लों के सड़क और गलियों में गंदे जल के बहाव से महिलाओं और बच्चों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। महिला शोभा देवी, उमा देवी, चांदनी कुमारी, रोशनी व पूनम ने बताया कि पुरुष नौकरी पेशे से जुड़े है। घर पर जरूरत की सामानों की खरीदारी करने बाजार में जाना पड़ता है लेकिन गंदगी के कारण घर से निकलना मुश्किल हो गया है।

**गलियों में नही होता कूड़े का उठावः** शहर में दर्जनों वैसे वार्ड है, जहां डोर-टू-डोर योजना का लाभ लोगों को नही मिल पाता। बंधन पटवा रोड, मेढुल खां के हाता, सेंट्रल नाला की गली, ठाकुर लोहार की गली, गौशाला रोड, शहीद मर्द, दलित टोला, अपकारी गली, ईश्वर सिंह की गली, फूलचंद कानू रोड के अलावे टेक्सटाइल कॉलोनी, चाणक्यपुरी कॉलोनी, कड़वी, शिवपुरी कॉलोनी, सुमित्रा कॉलेज रोड सहित दर्जनों ऐसे मोहल्ले है जहां कूड़ा उठाव हर दिन नहीं किया जाता। कूड़े की ढेर लगने के बाद मोहल्लेवासी जब नप के दरवाजा खटखटाते है तो कूड़े का उठाव किया जाता है। कूड़े का ढेर जमा होने से बदबू निकलती है और लोगों का आना-जाना भी दुश्वार बन जाता है। मोहल्ले के मोहन केशरी, अमरनाथ प्रसाद, अमन कुमार, विनोद कुमार, रोहित कुमार, अंकित पटवा, सुंदर कुमार, मनीष कुमार आदि ने बताया कि नप प्रशासन की उदासीनता से ऐसी स्थिति बन गयी है।

**लापरवाही पर होगी कार्रवाई**

सफाई कार्य को लेकर समीक्षा की जाती है। सफाई के देखरेख को लेकर सुपरवाइजर को लगाया गया है। गड़बड़ी मिलने पर कार्रवाई की जायेगी। **अनिरुद्ध कुमार, इओ नप**



# ननिहाल में शादी समारोह में आये बच्चे की सड़क हादसे में मौत, घर में मचा कोहराम

- शादी की मार्केटिंग करने मामा के साथ आरा जाने के दौरान कंटेनर की ठोकर से बच्चे को लगी थी चोटें

**केटी न्यूज/आरा**

आरा-बक्सर फोरलेन पर गजराज गंज के समीप सड़क हादसे में जख्मी एक बच्चे की मौत हो गई। इलाज के दौरान सोमवार दोपहर पटना के एक निजी अस्पताल में उसने दम तोड़ दिया। मृत बच्चा बक्सर के सिमरी थाना क्षेत्र के एकौना गांव निवासी रमेश राय का पांच वर्षीय पुत्र लक्ष्य राय था। शनिवार को कंटेनर की ठोकर से बोलेरो सवार लक्ष्य जख्मी हो गया था। उसके मामा मुन्ना राय ने बताया कि उनके छोटे भाई पवन राय की शादी थी। चार मार्च को तिलक और 11 मार्च को बारात थी। उसमें भाग लेने लक्ष्य अपने माता-पिता के साथ नौ मार्च को बहोरनपुर गांव आया था। उसी दिन दोपहर में वह पवन राय, मां सरिता देवी, पिता रमेश राय, मौसी और मौसी के साथ बोलेरो पर सवार होकर मार्केटिंग करने आरा आ रहा था। उसी क्रम में आरा-बक्सर फोरलेन पर गजराजगंज के पास बोलेरो खराब हो गई। तब बोलेरो हाइवे किनारे खड़ा कर फोन से मैकेनिक को बुलाया जा रहा था। उसे समय सभी लोग



बोलेरो में ही बैठे थे। तभी पीछे से आ रही एक कंटेनर ने सड़क किनारे खड़ी बोलेरो में जोरदार ठोकर मार दी थी। उसमें लक्ष्य गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। अन्य लोगों को भी मामूली चोटें आयी थी। उसके बाद इलाज के लिए लक्ष्य को आरा सददर अस्पताल लाया गया था। वहां प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे पटना रेफर कर दिया गया था। हालांकि उसका इलाज पटना के एक निजी अस्पताल में कराया जा रहा था। इस बीच सोमवार की दोपहर उसने दम तोड़ दिया। तब परिजन शव लेकर आरा सदर अस्पताल पहुंचे। सूचना मिलने पर पुलिस आरा सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

**मामा की शादी से एक दिन पहले बच्चे की मौत, घर और ननिहाल में कोहराम**

मामा की शादी से ठीक एक दिन पहले मासूम भांजे की मौत हो गयी। उससे बच्चे के घर और ननिहाल में कोहराम मच गयी। मामा की शादी की खुशियां मातम में बदल गयी। देखते ही देखते घरों में रोने-धोने की आवाज गूंजने लगी। बताया जा रहा कि लक्ष्य दो भाइयों में छोटा था। उसके परिवार में मां सरिता देवी और बड़ा भाई आयुष है। उसके बालक के पिता रमेश राय गुजरात के सूरत में ट्रक चलाते है। घटना के बाद उसके घर और ननिहाल में कोहराम मच गया है। मां सरिता देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा है।

## एक नजर

### घर निर्माण कराने के दौरान महिला पर हमला, 10 लोगों को आरोपी बनाते हुए प्राथमिकी दर्ज

**औरंगाबाद ।** गोह थाना मुख्यालय के भवानीपुर गांव में मकान निर्माण के दौरान एक महिला पर मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में महिला ने थाना में लिखित शिकायत कर 10 लोगों को आरोपी बनाया है। पुलिस मामले की अनुसंधान में जुट गई है ।वैसे यह घटना 28 फरवरी की बताई जा रही है। थाना में दिए गए आवेदन में भवानीपुर गांव निवासी लालू कुमार की पत्नी पिंकी कुमारी ने आरोप लगाया है कि मैं अपने दलान पर बैठी हुई थी इस दौरान गांव के ही राहुल कुमार, पप्पू कुमार, डॉक्टर सुमन कुमार सहित लगभग 10 लोग हरवे हथियार के साथ आए और पहले गाली गलौज करने लगा जब गाली देने से मै मना किया तो मारपीट करते हुए गले से सोने का चैन छीन लिया । और जाते-जाते धमकी देते हुए हवाई फायरिंग भी की। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि पीड़ित पिंकी कुमारी के बयान पर कांड संख्या 50/ 24 दर्ज किया गया है. जिसमें गांव के ही डॉक्टर सुमन कुमार ,पप्पू कुमार राहुल कुमार सहित 10 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है पुलिस मामले की अनुसंधान में जुट गई है।

### गोह मुख्यालय स्थित साईं पेट्रोल पंप मैनेजर के साथ मारपीट कर 85 हजार रुपये की छिनतई

**औरंगाबाद।** गोह मुख्यालय स्थित साईं पेट्रोल पंप के मैनेजर से मारपीट करते रुपए छिनतई करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस मामले में प्राथमिकी दर्ज करते हुए कई एंगल से जांच में जुट गई है। थाना में दिए गए आवेदन में भुरकुंडा गांव निवासी धनंजय वर्मा का आरोप है कि रविवार की दोपहर मैं अपने बाइक से अपना घर खाना खाने गया था उसी समय पेट्रोल का बिक्री का पैसा पचासी हजार रुपये अपने पास में रखा था।आरोप है कि जैसे ही में अपना घर के सामने पहुंचा तो पूर्व से घात लगाकर बैठे गांव के ही चंद्र प्रकाश वर्मा एवं प्रमोद वर्मा आया और गाली गलौज करने लगा जब मैं गाली देने से मना किया तो उसने हाथापाई करना शुरू कर दिया और पैकेट में रखा पचासी हजार रुपए छिनने लगा जब मैं शोर मचाना शुरू किया तो दोनों पैसे छीन कर वहां से भाग गए। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि भुरकुंडा गांव निवासी धनंजय वर्मा के बयान पर कांड संख्या 49/24 दर्ज किया गया है जिसमें चंद्र प्रकाश वर्मा एवं प्रमोद वर्मा को आरोपी बनाते हुए फरार दोनों अपराधियों को पुलिस तलाशने में जुटी हुई है।

### चोरी गई ट्रैक्टर के साथ धराया आरोपित, गया जेल

**औरंगाबाद।** चोरी गई ट्रैक्टर के साथ एक आरोपित को रफीगंज थाना की पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़ा गया आरोपित थाना क्षेत्र के अकौनी गांव निवासी संपत कुमार हैं। थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि चोरी गई ट्रैक्टर मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी जिसमें ट्रैक्टर की बरामदगी एवं अज्ञात



चोरों की पहचान हेतु छापेमारी की जा रही थी, इसी क्रम में ट्रैक्टर के साथ एक आरोपित को झारखंड के बरही से गिरफ्तार किया गया है। संदर्भ में आवश्यक कार्रवाई के उपरांत आरोपित को जेल भेज दिया गया।

## खबरें फटाफट

### नाबालिग लड़की के अपहरण मामले में आरोपित धराया

**औरंगाबाद।** नाबालिग लड़की को शादी की नियत से अपहरण मामले में एक आरोपित को देव थाना की पुलिस द्वारा गिरफ़्तार किया गया है। पकड़ा गया आरोपित की पहचान गया जिले के डुमरिया थाना क्षेत्र के खरदाग गांव निवासी सुमन कुमार के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार नाबालिग लड़की देव थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव की रहने वाली है, उस गांव में आरोपित का रिश्तेदारी है। इस दौरान आरोपी को उस गांव में आने- जानें के क्रम में दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ी और बीते एक मार्च को आरोपित ने नाबालिग लड़की को शादी की नियत से भगा ले गया जिसमें नाबालिग लड़की के परिजनों ने आरोपित के विरुद्ध अपहरण का प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें कार्रवाई के फलस्वरूप आरोपित पकड़ा गया , वहीं नाबालिग लड़की को सकुशल बरामद किया गया। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि नाबालिग लड़की से अपहरण मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही नाबालिग लड़की को सकुशल बरामद किया गया है जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत नाबालिग लड़की को घर भेज दिया गया। वहीं आरोपित को जेल भेजा गया।

### न्यायधीश से अभद्र व्यवहार का आरोपित गया जेल

**औरंगाबाद।** केस की सुनवाई के दौरान न्यायधीश से अभद्र व्यवहार मामले में एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपित मदनपुर का रहने वाला 35 वर्षीय रूपचंद दास हैं। मामला सिविल कोर्ट परिसर की हैं जिसमें आज स्पेशल न्यायाधीश 02 एक शराब मामले की सुनवाई कर रहे थे, इसी क्रम में उक्त व्यक्ति न्यायधीश के साथ अभद्र व्यवहार किया जिसे मौके पर पुलिस ने हिरासत में ले लिया और नगर थाना की पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पूछ-ताछ के दौरान पता चला की एक शराब मामले में आरोपित के भाई की सुनवाई हो रही थी जिसमें अनापेक्षित निर्णय से आरोपित न्यायधीश के खिलाफ अभद्र व्यवहार किया।

## बड़हरा थाना क्षेत्र के फरना गांव की सोमवार की सुबह की घटना

# रिश्तेदार के घर से लौटने के बाद कुंडी से लटका मिला युवक का शव

- रविवार की शाम साली के बेटे की शादी से घर लौटा था युवक
- परिजनों द्वारा आत्महत्या करने की कही जा रही बात, कारण स्पष्ट नहीं

**केटी न्यूज/आरा**





फाइल फोटो

बड़हरा थाना क्षेत्र के फरना गांव में रविवार की सुबह एक युवक का शव उसके घर में छत की कुंडी से लटका मिला। परिजनों की ओर से युवक द्वारा खुदकुशी करने की बात कही जा रही है। हालांकि आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। इधर, सूत्रों के अनुसार पत्नी से झगड़े की बात सामने आ रही है। मृतक फरना गांव निवासी झाबर तुरहा का 43 वर्षीय पुत्र दिलीप तुरहा था। वह हरियाणा के फरीदाबाद में किसी प्राइवेट कंपनी में काम करता था। रविवार की शाम वह रिश्तेदार के आयोजित शादी समारोह से गांव लौटा था। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। छोटे भाई इंद्रजीत तुरहा ने बताया कि सोमवार को वह मजदूरी करने आरा आया था। इसी बीच सूचना मिली कि उसके बड़े भाई द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गयी है। सूचना मिलने पर वह गांव पहुंचा, तो पहले से ही गांव वालों द्वारा उसके शव को छत की कुंडी से उतार कर नीचे रख दिया गया था। इंद्रजीत की ओर से अपने बड़े भाई के गांव में किसी भी व्यक्ति या परिजनों से विवाद होने से साफ इनकार किया है। इंद्रजीत का कहना है कि उसके बड़े भाई मानसिक रूप से थोड़े से कमजोर थे। बहरहाल पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद मौत के कारणों की छानबीन में जुटी है।

**पांच रोज पूर्व फरीदाबाद से परिजनों के साथ गांव आया था युवक**

बताया जा रहा है कि दिलीप तुरहा अपनी पत्नी दुर्गावती देवी के साथ हरियाणा के फरीदाबाद में काम करता था। वह पत्नी और बच्चों के साथ वहीं रहता था। पांच दिन पहले ही वह पूरे परिवार के साथ वापस गांव लौटा था। उसके बाद पत्नी की छोटी बहन के बेटे के शादी में शामिल होने मुफस्सिल थाना क्षेत्र के धमार गांव गया था। रविवार को वहां से वापस घर लौटा था। बताया जा रहा है कि शाम में पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। उसके बाद उसने गुस्से आकर अपने कमरे में जाकर कमरे का दरवाजा बंद कर अपने गले में गमछा बांध छत की कुंडी से लटक गया। उससे उसकी मौत हो गई। सोमवार की सुबह काफी देर तक उसने दरवाजा नहीं खोला। तब परिजनों ने खिड़की से देखा, तो वह छत की कुंडी से लटका हुआ था। बताया जा रहा है कि युवक दो भाई और चार बहनों में बड़ा था। उसके परिवार में मां चनिया देवी, पत्नी दुर्गावती देवी, पुत्री निशा,अंजली, शिवानी, सुमन और पुत्र रोहित है। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है।

### बच्चों की लड़ाई में एक व्यक्ति की पीट पीट कर हत्या

**जहानाबाद।** बच्चों की लड़ाई में एक व्यक्ति को मारपीट कर जख्मी कर दिया ,जहां इलाज के दौरान घायल व्यक्ति की सदर अस्पताल में मौत हो गई।घटना जहानाबाद नगर थाना क्षेत्र के अंबेडकर नगर की है जहां मंटू दास के पुत्र एवं उसके पड़ोसी के बच्चे एक दिन पूर्व आपस में लड़ गए और मृतक मंटू दास बच्चों को लड़ाई छुड़ाने के लिए गया और पड़ोसी के बच्चे को मार दिया इसी बात से पड़ोसी इसके गुस्से में आ गए और मंटू दास को घर से ले जाकर ईट पत्थर से मारकर घायल कर दिया जिसके बाद आसपास के लोगों के सहयोग से किसी तरह लड़ाई को छुड़ाया गया और घायल मंटू दास को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां सोमवार की सुबह मंटू दास की इलाज के दौरान मौत हो गई इस घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया परिवार जनों के रोते-रोते बुरा हाल है इस घटना की सूचना नगर थाने के पुलिस को दी गई है जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है पुलिस का कहना है कि एक व्यक्ति की मौत हुई है शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# बिना पंजीकरण संचालित अल्ट्रासाउंड सेंटर पर करें कार्रवाई

- डीएम ने की स्वास्थ्य विभाग की मासिक समीक्षा बैठक, दिए निर्देश

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**



स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा समाहरणालय के सभा कक्ष में बैठक आयोजित की गई। इस क्रम में उपस्थित सभी उपाधीक्षक, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, अस्पताल प्रबंधक, स्वास्थ्य प्रबंधक, प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक एवं जिले में कार्यरत डेवलपमेंट पार्टनर प्रतिनिधियों सहित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारीयों को समीक्षित विभिन्न बिंदुओं पर आवश्यक निर्देश दिए गए। उक्त कार्यक्रम की जानकारी जिला कार्यक्रम प्रबंधक मो. अनवर आलम द्वारा दी गयी।

जिला कार्यक्रम प्रबंधक ने बताया गया कि जिला पदाधिकारी द्वारा सदर अस्पताल में सिजेरियन, हाइड्रोसील, हर्निया जैसे ऑपरेशन की व्यवस्था सामान्य रूप से कराने हेतु उपाधीक्षक सदर अस्पताल को निर्देश दिया गया। सिजेरियन की आवश्यकता पड़ने पर सदर अस्पताल से रेफर होने के समय अधीक्षक, उपाधीक्षक अथवा अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी इस बात की जांच करेंगे कि प्रसूति को किन परिस्थितियों में किसी दूसरे संस्थान में रेफर किया जा रहा है तथा रेफर करने का औचित्य सही है अथवा नहीं। गलत रेफरल की जांच के साथ-साथ जिले में बिना पंजीकरण डिलीवरी करने वाले अस्पतालों की जांच प्रशासन के द्वारा करने का निर्देश दिया गया। सिविल सर्जन एवं उपाधीक्षक को आदेशित किया गया कि स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ अथवा जनरल सर्जन चिकित्सकों की उपलब्धता चौबीस घंटे कराते हुए सिजेरियन की व्यवस्था कराई जाय ताकि सुविधा के अभाव में अन्य संस्थाओं में जाने की नौबत नहीं आए। अनुमंडलीय अस्पताल, दाउदनगर में सिजेरियन सेक्शन की संख्या में कमी को लेकर खेद व्यक्त की गई।

# जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के नव मनोनीत जिलाध्यक्ष बोले- मुख्यमंत्री के संदेश को गांव-गांव तक पहुंचाएंगे

**केटी न्यूज/जहानाबाद**





जदयू जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा के नेतृत्व में जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के नव मनोनित जिला अध्यक्ष के पद पर मनोनीत होने पर मेराज अहमद सुड्डू के लिए जदयू जिला कार्यालय में स्वागत सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर जदयू जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने हर्ष व्यक्त करते हुए आशा जताई कि मेराज अहमद सुड्डू के नेतृत्व में जद यू जिला में सशक्त होगा। इस अवसर पर नव मनोनीत जिलाध्यक्ष सह मुखिया अमथुआ पंचायत के मुखिया मेराज अहमद सुड्डू ने अपने मनोनयन हेतु मुख्यमंत्री नीतीश कुमार,अल्पसंख्यक के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर अशरफ हुसैन एवं प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा का आभार प्रकट करते हुए कहा कि वह जद यू की नीतियों एंव मुख्यमंत्री के संदेश को गांव गांव तक पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समाज के सभी वर्ग को साथ लेकर चलने में विश्वास रखते हैं। नीतीश कुमार को अल्पसंख्यकों का हितैषी बताते हुए उन्होंने कहा कि वक़्फ संपत्ति की रक्षा, कब्रिस्तान की घेराबंदी एंव उर्दू भाषा के उत्थान के लिए वह हमेशा प्रयासरत है। अल्पसंख्यक समुदाय के बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने के लिए उद्योग विभाग से लोन देने का कार्य किया है। अपने संबोधन में सुड्डू ने कहा कि अपनी समस्याओं व आवश्यकताओं से बिना झिझक अवगत कराएं निश्चित रूप से समाधान किया जाएगा।

# जिला पदाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर चापाकल मरम्मती दल को किया रवाना



**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे ने सोमवार को समाहरणालय परिसर में जहानाबाद जिले के सातों प्रखंडों के लिए 13 चापाकल मरम्मती दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला पदाधिकारी ने बताया कि आने वाले ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर जिले में खराब पड़े चापाकलों को मरम्मती हेतु जिले के सातों प्रखंडों में 13 चापाक मरम्मती दल विभिन्न वाहनों के द्वारा रवाना किया गया है। उन्होंने बताया कि जिला अंतर्गत कुल चापाकलों की संख्या 11663 है, साधारण मरम्मति के अभाव में बंद पड़े चापाकलों का विभागीय स्तर से एवं माननीय विधायक, अन्य जन प्रतिनिधियों तथा अन्य श्रोतों से प्राप्त शिकायतों का त्वरित निष्पादन करते हुए विगत वित्तीय वर्ष में 1750 अदद लक्ष्य के विरूद्ध 2359 अदद चापाकलों को साधारण मरम्मति के उपरांत चालू किया गया था। चापाकल मरम्मति की शिकायतों के त्वरित निष्पादन हेतु जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष दिनांक 21 फरवरी, 2023 से संचालित है, जिसका दूरभाष संख्या 06114 - 225925 एवं 9430099051 है। नियंत्रण कक्ष पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक खुला रहता है एवं नियंत्रण कक्ष में प्रतिनियुक्त कर्मी द्वारा सभी ग्राम पंचायत स्तर पर स्थानीय मुखिया से दूरभाष पर सम्पर्क स्थापित कर प्राप्त हो रहे शिकायतों का निष्पादन किया जा रहा है।








## खबरें फटाफट

### रक्तदान कर बीमार महिला की बचाई जान

**चंदौली।** जन सहयोग संस्था रक्तदान के क्षेत्र में निरंतर असहाय लोगों तक मदद पहुंचा रही है। इसी कड़ी में जन सहयोग संस्था ने 50 वर्षीय अधेड़ महिला जो रक्त की कमी से झूल रही थीं उनके परिजनों को तीन यूनिट रक्त प्रदान कर पुण्य के भागी बने हैं। संस्था का सहयोग पाकर परिवार के लोगों ने रक्तदान करने वाले रक्तवीरों का आभार जताया। विदित हो कि बरठी कमरौर निवासी संतरा देवी 50 वर्ष रक्त की कमी की समस्या से जूझ रही हैं और वर्तमान में अस्पताल में उनका उपचार चल रहा है। चिकित्सकों द्वारा चार यूनिट रक्त की आवश्यकता जताई गयी थी। जब रक्त की कमी की समस्या को लेकर परिजनों ने जन सहयोग संस्था से सम्पर्क किया। इसके संस्था के अध्यक्ष अजीत कुमार सोनी की पहल पर सदस्य अनूप कुमार, सूरज मौर्या व संजय कन्नौजिया ने रक्तदान किया। साथ ही महिला के परिजनों के तीन यूनिट रक्त प्रदान किया। साथ ही भविष्य में जरूरत होने पर हरसंभव मदद का भरोसा भी दिया। इस पुनीत कार्य के दौरान संस्था के सहयोगी व यूथ आइकान हिमांशु वर्मा भी मौजूद रहे।

### मच्छरों का प्रकोप बढ़ा, डेंगू के पांच मरीज मिले

**बलिया।** गर्मी की आहट शुरू होते ही मच्छरों का प्रकोप बढ़ने लगा है। जनवरी से अब तक 35 लोगों की एलाइजा जांच में पांच लोग डेंगू पॉजीटिव मरीज मिले है। डेंगू मरीज मिलने की खबर पर स्वास्थ्य विभाग की नींद उड़ी है। संबंधित क्षेत्रों में मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम को लेकर मलेरिया विभाग की टीमें फॉगिंग व छिड़काव कराने के साथ लोगों को बीमारी से बचाव को जागरूक कर रही हैं। चिकित्सकों के अनुसार आमतौर पर बरसात के बाद सितंबर में डेंगू के मरीज मिलने शुरू होते है, लेकिन इस बार बेमौसम बारिश ने वायरल संक्रमण के साथ मच्छरजनित रोगियों की संख्या में इजाफा किया है। शहर की आवास विकास कॉलोनी, श्रीराम बिहार कॉलोनी, काजीपुरा सहित आधा दर्जन मोहल्ले में जलजमाव की समस्या है। मलेरिया अधिकारी सुनील कुमार यादव ने बताया कि शहर व उसके आसपास क्षेत्रों में डेंगू के मरीज मिले हैं। उस क्षेत्र को हॉट स्पॉट घोषित कर दवा के छिड़काव के साथ मरीज की लगातार निगरानी की जा रही है।

#### गाजीपुर के मरदह स्थित महाहर के पास हुई घटना, हाईटेंशन तार की चपेट में आई बस

# शॉर्टकट जाने के चक्कर में हुआ हादसा

**केटी न्यूज/मऊ**





मऊ जनपद के कोपागंज इलाके से बारातियों को लेकर एक प्राइवेट बस गाजीपुर के मरदह स्थित महाहर धाम पर आ रही थी। बस चालक बस लेकर महाहर जाने के लिए हाइवे से आ रहा था। लेकिन, कुछ किलोमीटर रास्ता बचाने के लिए बस चालक पक्की सड़क को छोड़कर कच्चे रास्ते से बस लेकर जाने लगा। बताया जा रहा है कि कच्चे रास्ते पर एक जगह हाई टेंशन सड़क को पार किया था। हाई टेंशन तार लटका हुआ था। बस में सवार यात्रियों और चालक के उस पर निगाह नहीं गई। ऐसे में कच्चे रास्ते पर चल रही बस हाई टेंशन तार से सट गई। हाई टेंशन तार बस में सटने के चलते बस में तुरंत आग लग गई। आसपास के लोगों का कहना है कि बस में सवार लोगों को उतरने का मौका भी नहीं मिला। ऐसे में बस में सवार सभी लोगों की जलकर मौत होने की बात कही जा रही है। हालांकि, बस में कितने लोग सवार थे, इसके बारे में अभी तक जानकारी नहीं मिल पाई है। प्राथमिक सूचना अनुसार बस में करीब आधा दर्जन से अधिक लोगों की मौत हुई है। घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया गया की शॉर्टकट के चक्कर में अक्सर कच्ची सड़क से वाहन चालक वाहन लेकर गुजरते हैं। इस बार भी चालक द्वारा ऐसी ही तरकीब निकाली गई। लेकिन, शॉर्टकट जानलेवा हो गया। पहले भी ऐसे मामले देखे गए हैं, जिसमें शॉर्टकट लेने या टोल बचाने के चक्कर में वाहन चालक हाईवे छोड़कर गांव की कच्ची सड़कों से वाहन लेकर निकलते हैं। ऐसे में कई जगहों पर छोटी-मोटी दुर्घटनाएं होती रहती हैं और गाजीपुर में हुआ हादसा इसका प्रत्यक्ष गवाह है। घटना का संज्ञान लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार के दो मंत्रियों को घटना स्थल के लिए रवाना किया है। वे हर पल की खबर मुख्यमंत्री को देंगे। हाईटेंशन की चपेट में आकर एक सीएनजी बस आग का गोला बन गई। इसकी चपेट में आने से कई लोगों की मौत हो गई ।

## बिजली कंपनी के तीन अधिकारी निलंबित, एक की सेवा समाप्त



**गाजीपुर।** जिले में एक बस के हाई टेंशन बिजली के तार के संपर्क में आने से दुःखद हादसा हुआ है। बस में लगी आग से पांच लोगों की मृत्यु हो गई। वहीं कई लोग झुलस गए हैं। ऊर्जा एवं नहर विकास मंत्री एके. शर्मा ने घटना की जानकारी होते ही तीन अधिकारियों को निलंबित और एक की सेवा समाप्त कर दी है। वहीं बस हादसे पर दुःख व्यक्त करते हुए मृतकों की आत्मा को शांति प्रदान करने एवं परिजनों को संबल देने की ईश्वर से प्रार्थना की है। मंत्री एके शर्मा ने घटना की जानकारी मिलते ही सख्त कार्रवाई करते हुए अधिशासी अभियंता मनीष, एसडीओ संतोष चौधरी और जेई प्रदीप कुमार राय को निलंबित और लाइनमैन नरेंद्र (संविदा कर्मी) की सेवा समाप्ति के निर्देश दे दिए हैं। उन्होंने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के एमडी, मंडलायुक्त, जिलाधिकारी एवं अधीक्षण अभियंता से बात की। सभी अधिकारियों को राहत कार्य में तेजी लाते हुए, घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था सहित प्रभावित लोगों की हर संभव मदद करने का आग्रह किया है। साथ ही मंत्री पीड़ित परिवारों से स्वयं मिलने के लिए गाजीपुर और मऊ भी पहुंचे। बता दें कि गाजीपुर के मरदह थाना के 400 मीटर के पास एचटी तार के संपर्क में आने से बस में आ आग लग गई।

## किराया लेने गई महिला का शव मिला, जांच में जुटी पुलिस

**केटी न्यूज/ बलिया**

नरही थाना क्षेत्र के उजियारपुर गांव स्थित एक नवनिर्मित मकान में रविवार की शाम 55 वर्षीय महिला का शव मिलने में बाद सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही तत्काल नरही थानाध्यक्ष, एएसपी के साथ ही फॉरेंसिक टीम घटना स्थल पर पहुंची और घटना स्थल का निरीक्षण की। वहीं शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतका के पुत्र ने तीन लोगों के विरुद्ध नामजद तहरीर दिया। मृतका की शिनाख्त बिहार प्रांत के बक्सर जिला के औद्योगिक क्षेत्र के बड़की सारिमपुर निवासी के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार बिहार प्रांत के जिला बक्सर के औद्योगिक क्षेत्र बड़की सारिमपुर निवासी खैरुनिशा 55 वर्ष का यूपी के नारायण थाना क्षेत्र के उजियार में नवनिर्मित मकान है। जिसे किराए पर दिया गया है। मकान के किराए को लेकर किराएदार से विवाद चल रहा था। मकान का किराया वसूलने के लिए खैरूनिशा रविवार की सुबह अपने नवनिर्मित मकान पर गई हुई थी, जहां किराए को लेकर किराएदार से विवाद हो गया था। जहां महिला की हत्या कर आरोपी शव को वहीं छोड़कर फरार हो गए। उधर पुलिस को सूचना मिली की पता महिला का नवनिर्मित मकान में शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी, नरही थानाध्यक्ष एवं फोरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंची और मौका मुयायना किया।अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि उजियार घाट स्थित एक नवनिर्मित मकान में महिला की शव मिलने की सूचना मिली। मृतका के पुत्र के तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

## भाजपा के शासनकाल में मंहगाई चरम पर: वीरेन्द्र

**केटी न्यूज/चंदौली**



नगर के एक लान में सपा मुगलसराय विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री वीरेंद्र सिंह ने कार्यकताओं को भरोसा दिलाया कि आने वाला समय आपका है। जिस तरह से देश और प्रदेश में भ्रष्टाचार, महंगाई, दुराचार, अत्याचार का बोलबाला है। इसको एकजुट होकर समाप्त करने की जरूरत है। कहा कि भाजपा शासनकाल में बढ़ती महंगाई आम जनमानस की कमर तोड़ रही है। शिक्षा महंगी होती जा रही है। बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। किसानों का उपज औने पौने दामों में बिक रहा है। जिससे किसान कर्ज में डूबता जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी खुद कह रहे हैं कि 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन दिया जा रहा है। इसका मतलब देश में गरीबी बढ़ती जा रही है। लेकिन, तानाशाह सरकार नौकरी मांगने पर नौजवानों पर लाठी बरसा रही है। इनके खिलाफ बोलने पर ईडी सीबीआई का भय दिखाकर डराया जा रहा है। घरों पर बुलडोजर चलाया जा रहा है। इसके खिलाफ इंडिया गठबंधन कमर कसकर एकजुटता दिखाने का काम करेगा। पूर्व सांसद कैलाश नाथ यादव ने कहा कि ऐसी निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंककर सत्ता से हटाने की जरूरत है। ताकि गरीबों नौजवानों बेरोजगारों किसने शोषित वंचितों की बात करने वाले लोगों को सत्ता पर यासीन कर देश से भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी हटाया जाय। इस मौके पर पूर्व मंत्री विजय शंकर पांडेय, जिला अध्यक्ष सत्यनारायण राजभर, छोटू तिवारी, नफीस अहमद, सुदामा यादव, राजाराम सोनकर, इंद्रजीत शर्मा, संजय नट, डॉ वीरेंद्र बिन्द, गुरु पुरन पटेल, केदार यादव, संतोष पाठक, मुसाफिर चौहान, परवेज अहमद, सोनू चौहान, बैजनाथ यादव, गार्गी पटेल, संतोष यादव, आनंद सिंह, गुलशेर सिद्दीकी, विकास चौबे, महेंद्र माही, गोपाल पांडे य, रीता चिरई, चंद्रभानु यादव, दिलीप पासवान, महेंद्र पाल, रमाशंकर निषाद, स्वदेशी गुप्ता, लालू बियार साहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।

## एक नजर

### चोरी हुए 101 लोगों के लौटाए गए मोबाइल

**चंदौली।** पुलिस ने सोमवार को जिले भर की अलग-अलग जगहों से चोरी हुए करीब 16 लाख रुपये के मोबाइल फोन बरामद कर उन्हें उनके मालिकों को सौंप दिया। इससे पिछले कुछ समय से परेशान 101 लोगों के चेहरों पर मुस्कान लाने का काम किया है। ये वो पीड़ित हैं जिनके मोबाइल फोन खो गए या तो चोरी हो गए थे। इसकी वजह से ये सभी लोग परेशान थे। चन्दौली पुलिस की सर्विलांस सेल की मोबाइल रिकवरी टीम ने मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इस बाबत एसपी डा.अनिल कुमार ने बताया कि शहर के करीब 101 से अधिक लोगों के गुम व चोरी हो गए थे। सभी पीड़ित लोगों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान प्रार्थना पत्र देकर शिकायत दर्ज कराई थी। इतनी अधिक संख्या में मिले प्रार्थना पत्रों को लेकर उन्होंने पुलिस की एक टीम गठित की थी। जिसमे क्षेत्राधिकारी चकिया के निर्देशन में सर्विलांस टीम को मोबाइल फोन बरामदगी का टास्क सौंपा था।

### अनुचित साधन का प्रयोग करते पांच छात्र रस्टीकेट



**चंदौली।** सकलडीहा कस्बा स्थित सकलडीहा पीजी कालेज में सोमवार को परीक्षा के दौरान नकल करते पांच नकलची पकड़े गए.इन पांचों को परीक्षा से रस्टीकेट कर दिया गया। सहायक केंद्राध्यक्ष की रिपोर्ट पर केंद्राध्यक्ष प्रो.पीके सिंह ने यह कार्यवाही की। इस कार्यवाही से छात्र-छात्राओं में हड़कंप मचा रहा.प्राचार्य प्रो.प्रदीप कुमार पाण्डेय ने बताया की शुचिता पूर्ण व पारदर्शी परीक्षा कराने के लिए कालेज प्रशासन प्रतिबद्ध है। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ द्वारा संचालित स्नातकोत्तर, बीएड प्रथम और तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा में सोमवार को परीक्षा केंद्र सकलडीहा पीजी कॉलेज सकलडीहा में विश्वविद्यालय द्वारा आवंटित लल्लन आर तिवारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं एम्ब्रोसिया बीएड कॉलेज,देवेंद्र नाथ जनता महाविद्यालय,स्वामी शरण महाविद्यालय का परीक्षा केंद्र बनाया गया है। प्रथम पाली में प्राचार्य द्वारा गठित महाविद्यालय स्तर पर आंतरिक उड़ाका दल की सघन जांच में कुल पांच परीक्षार्थी नकल करते हुए पकड़े गए। जिसकी रिपोर्ट सहायक केंद्राध्यक्ष के माध्यम से केंद्राध्यक्ष प्रोफेसर पीके सिंह को सूचना दी गई। केंद्राध्यक्ष ने तत्काल प्रभाव से पांचो परीक्षार्थियों को रस्टीकेशन कर दिया।

### मामूली विवाद में दो पक्षों में मारपीट

**बलिया।** खेजुरी थाना क्षेत्र के चक्र उजियारी गांव में मोबाइल को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। जिसमें एक पक्ष के द्वारा कट्टा निकाल लहराया गया। जिसका वीडियो सोशलमीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वहीं मारपीट में कई लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मोबाइल को बरामद कर तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इस मामले में पीड़ित द्वारा दिए गए तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार खेजुरी थाना क्षेत्र के चक उजियारी गांव निवासी राजकुमार यादव एवं आशु तिवारी के सदस्यों के बीच पिछले दिनों मारपीट हो गई थी। जिसमें एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष के लोगों को मारपीट कर मोबाइल छीन लिया गया था। इससे खार खाए एक पक्ष के लोग दूसरे पक्ष के दरवाजे पर जाकर मारपीट करने लगे। इस दौरान एक पक्ष के युवक द्वारा कट्टा निकाल तान दिया गया। इसी बीच किसी ने वीडियो बना लिया जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सूचना पर पहुंची खेजुरी थानाध्यक्ष ने मोबाइल को बरामद किया और तीन लोगों को हिरासत में लेकर थाने आई, जहां उनसे पूछताछ की जा रही है। थानाध्यक्ष अनीता सिंह ने बताया कि पीड़ित द्वारा तहरीर प्राप्त हो गई है तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस का दावा है कि इस घटना में संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द होगी।

## बेल्थरारोड बाजार में बाइक की चपेट में आने से एक की मौत, दो जखमी

**केटी न्यूज/ बेल्थरारोड**



उभांव थाना क्षेत्र बेल्थरारोड बाजार चट्टी के पास बाइक की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। जबकि बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर, हादसे की सूचना मिलते ही युवक के परिवार में कोहराम मच गया। बता दें कि उभांव थाना क्षेत्र के बेल्थरारोड गांव निवासी रमेश (30) पुत्र सुभाष भारती रविवार की रात पैदल ही अपने गांव जा रहा था। जैसे ही चट्टी पर पहुंचा की बाइक ने उसे टक्कर मार दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उधर बाइक भी असन्तुलित होकर पलट गई। जिसमें बाइक सवार दो युवक भी घायल हो गए। आसपास के लोगों ने सभी घायलों को सीएचसी सीयर पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने रमेश को मृत घोषित कर दिया। वहीं, गंभीर रूप से घायल बाइक सवार बिट्टू राजभर (22) निवासी करनी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जबकि प्रवीण नारायण राय (23) निवासी तेलमा जमालुद्दीनपुर को उपचार के बाद छोड़ दिया। इस घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## समस्याएं को लेकर शिक्षकों ने बीएसए कार्यालय पर दिया धरना

**केटी न्यूज/ चंदौली**

उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल के बैनर तले शिक्षकों ने सोमवार को बीएसए कार्यालय पर धरना दिया। इस दौरान पूर्व माध्यमिक शिक्षक संगठन द्वारा मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सौंपा गया। महामंत्री संजय सिंह ने कहा कि विभागीय अधिकारियों द्वारा समस्याओं का समाधान न करके बेसिक शिक्षकों को अपमानित प्रताड़ित करने संबंधी निर्णयों, आदेशों को बिना किसी अड़चन के तत्काल लागू कराने के आदेश किए जा रहे हैं।उन्होंने कहा कि बेसिक शिक्षकों के संबंध में निर्णय लेने का अधिकार बेसिक शिक्षा परिषद को है परंतु ऐसा ना करके एक संवैधानिक संस्था को मृतप्राय कर दिया गया है। जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा की उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ प्रदेश के लाखों शिक्षकों की आवाज है संगठन मांग करता है की लंबित न्याय संगत मांगों को सर्वप्रथम प्रदेश प्रत्येक दशा में निस्तारित किया जाए। मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्रनाथ त्रिपाठी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के शिक्षकों को भयभीत किया जा रहा है जबरदस्ती नियमों के विरुद्ध जाकर शिक्षकों को उनके निजी पहचान पत्र से सरकारी सिम खरीदने का दबाव डाला जा रहा है इस अवैधानिक आदेशों का जब शिक्षक विरोध कर रहा है तो उसे सामाजिक रूप से अपमानित करने का प्रयास भी किया जा रहा है।




#### जमानिया से आगे सिकठा गांव के समीप का मामला, ग्रामीण संतोष ने दिखाया लाल कपड़ा

## दुर्घटनाग्रस्त होने से बची विभूति एक्सप्रेस, चटकी मिली रेल पटरी

**केटी न्यूज/पीडीडीयू नगर**



हावड़ा से प्रयागराज रामबाग जा रही अप विभूति एक्सप्रेस सोमवार की सुबह दुर्घटना ग्रस्त होने से बची। अप पटरी चटकी देख ग्रामीणों ने ट्रेन रुकवाया। बाद में रेलवे कर्मियों ने ट्रैक मरम्मत की। इसके बाद ट्रेन आगे बढ़ी। इस दौरान ट्रेन एक घंटे तक खडी रही। इस पर अधिकारियों ने राहत की सांस ली। क्षेत्र के सिकठा गांव के समीप रेलवे की ओर से रेलवे ट्रैक की मरम्मत की जा रही थी। इसके लिए ट्रेनों को काशन पर चलाया जा रहा है। अप विभूति एक्सप्रेस सोमवार की सुबह 7.44 बजे जमानिया से आगे बढ़ी थी। दूसरी तरफ क्षेत्र के सिकठा गांव के लोग रेलवे ट्रैक की तरफ गए थे। इसी बीच उनकी नजर पोल संख्या 720/15 के पास अप लाइन पर पड़ी। पटरी बीच से कटी हुई थी और इसमें लगे नट वोल्ट दूर बिखरे थे। इससे दुर्घटना की आशंका थी। ग्रामीणों के शोर मचाने पर लोगों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना धीना स्टेशन मास्टर को दी। इस बीच अप विभूति एक्सप्रेस वहां पहुंच गई। यह देख गांव के ही संतोष राजभर ने शोर मचाते हुए हाथ में लाल कपड़ा लेकर इंजन की तरफ दौड़े। यह देख कर चालक ने ट्रेन रोक दी। कंट्रोल की सूचना पर इंजिनियरिंग विभाग की टीम मौके पर पहुंची। ट्रैक की मरम्मत के बाद ट्रेन पीडीडीयू नगर के लिए रवाना हुई। इसके पूर्व एक घंटे तक ट्रेन खडी रही। इस संबंध में स्टेशन मास्टर अजीत कुमार ने बताया कि रेलवे ट्रैक की मरम्मत की जा रही है। ट्रैक को बीच से काटकर उसे नट वोल्ट पर कसा गया था। इसी बीच पटरी पर कसा गया नट वोल्ट हट जाने के कारण पटरी कटी हुई दिखी। इसकी मरम्मत कर ट्रेनों का आवागमन सामान्य कर दिया गया है। इस मरम्मति के कारण कई ट्रेनों में विलंब हुआ। जिस कारण यात्रियों का परेशानी का सामना भी करना पड़ा। हालांकि इस पूरे घटना में किसी के भी हताहत की सूचना नहीं है।

# पिक अप ने स्कूल वैन में मारी टक्कर, पांच छात्र समेत सात लोग घायल

- टक्कर इतनी भीषण थी कि पिक अप गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई तथा स्कूल बस क्षतिग्रस्त हो गई

**केटी न्यूज/जौनपुर**

थाना चन्दवक क्षेत्र में एक स्कूल मिनी बस में तेज रफ्तार पिक अप ने टक्कर मार दी। जिसमें बस में स्कूली बस में सवार पांच बच्चों को हल्की चोटें आई है। बस और पिक अप के ड्राइवर घायल हो गए है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने सभी घायल बच्चों व ड्राइवर को नजदीकी अस्पताल भिजवाया।

सोमवार को सुबह भारतीय इंटर कॉलेज बजरंगनगर डोभी की स्कूल बस बच्चों को लेकर कॉलेज के लिए जा रही थी तभी मूर्खा पुल के पास आजमगढ़ की तरफ से आ रही तेज रफ़्तार पिक अप गाड़ी ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिक अप गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई तथा स्कूल बस आगे से क्षतिग्रस्त हो गई। बस में लगभग 25 बच्चे सवार थे। जिसमें से पांच बच्चों को मामूली चोट आई है। वही एक छात्रा के हांथ में फैक्चर बताया जा रहा है। सभी को पुलिस ने नजदीकी अस्पताल में इलाज के लिए भिजवाया है। बाकी



सभी स्कूली बच्चों को सुरक्षित उनके घर पहुंचा दिया गया है। पिक अप गाड़ी व स्कूली ड्राइवर को काफी चोटें आई हैं। दोनो ड्राइवर को पुलिस ने इलाज के लिए सीएचसी भिजवा दिया है।

वहीं सीओ कराकर प्रतिमा वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि स्कूली वैन और पिक अप में टक्कर हो गयी थी। स्कूल वैन में सवार पांच बच्चों को मामूली चोटें आई हैं वही एक छात्रा को हांथ में फैक्चर है तथा दोनों ड्राइवर भी घायल हैं जिनका इलाज चल रहा है। इलाज के बाद सभी बच्चों को सुरक्षित उनके घर पहुंचा दिया गया है।

## खबरें फटाफट

### एसपी ने दो थानाध्यक्षों का किया तबादला

**जौनपुर।** एसपी ने देर रात दो थाना अध्यक्षों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया। प्रमोद हत्याकांड के बाद सिकरारा के थाना अध्यक्ष राजा राम द्विवेदी को लापरवाही बरतने पर हटा दिया गया। उनकी जगह तेज-तर्रार सब इंस्पेक्टर यजुवेंद्र सिंह को सिकरारा का नया थाना अध्यक्ष बनाया गया है। नेवढिया के थाना अध्यक्ष अश्वनी दुबे को हटाकर उनकी जगह लाइन बाजार से उप निरीक्षक प्रशांत पांडेय को लाया गया है। केराकत कोतवाली की कमान निरीक्षक दिलीप कुमार सिंह संभालेंगे।

### 85 से ऊपर के मतदाता पोस्टल बैलट से कर सकेंगे मतदान

**मऊ।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी सत्यप्रिय सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के नवीनतम दिशा-निर्देशानुसार जनपद के समस्त 85 वर्ष की आयु वर्ग से ऊपर के मतदाता स्वेच्छा से पोस्टल बैलेट के माध्यम से निवास स्थान पर मतदान करने हेतु निर्धारित फार्म-12डी में आवेदन कर अपने निवास स्थान पर मताधिकार का उपयोग कर सकते है। उन्होंने यह भी बताया कि उपरोक्त फार्म-12डी अधिसूचना जारी होने के 5 दिवसों के अन्दर सम्बन्धित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के बी०एल०ओ० द्वारा घर-घर जाकर 85 वर्ष की आयु वर्ग से ऊपर के मतदाताओं को उपलब्ध कराया जाएगा तथा भरा हुआ फार्म-12डी प्राप्त किया जाएगा। उक्त फार्म-12डी भारत निर्वाचन आयोग दकी वेबसाइट पर उपलब्ध है, जहां से इसे डाउनलोड करके भरकर सम्बन्धित निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग आफिसर के कार्यालय में जमा किया जायेगा।

### 12 मार्च को जौनपुर रहेंगे दयाशंकर मिश्र

**जौनपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया आमोद कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार मे राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर मिश्र दयालु कल जौनपुर मे रहेंगे और विभिन्न कार्यक्रम मे भाग लेंगे। उन्होंने आगे बताया कि मंत्री जी सुबह शीतला माता का दर्शन कर सिद्धार्थ उपवन मे कोहोर्ट मिलन एंव विकसित भारत संकल्प पत्र की बैठक लेंगे उसके उपरांत दोपहर 01 बजे रामनगर भड़सरा मे लाभाथीयी से सम्पर्क करेंगे ।

## सीएम व रक्षा मंत्री ने 3666 करोड़ की 206 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

# लखनऊ के विकास का श्रेय योगी को: राजनाथ

- अप्रैल अंत तक मुंशी पुलिया व खुर्रमनगर में दो फ्लाईओवर पूरे हो जाएंगे: रक्षा मंत्री
- तेजी से समृद्धि के पथ पर अग्रसर है लखनऊ

**केटी न्यूज/लखनऊ**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि लखनऊ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में जो कुछ भी हुआ है, वह योगी जी के सहयोग से हो रहा है। उनके सहयोग के बिना यह कार्य संभव नहीं हो पाते। यहां के विकास का श्रेय योगी आदित्यनाथ को है। यह हमारा करिश्मा नहीं है, बल्कि सांसद के कारण मैंने सहयोगी की भूमिका निभाई है। यहां के जनप्रतिनिधि जो कहते गए, वो होता गया। रक्षा मंत्री ने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ अभी मंच पर भी पूछ रहे थे कि यदि कोई और काम छूटा हो तो बताइए। सीएम योगी को बधाई देते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि लखनऊ तेजी से समृद्धि के पथ पर अग्रसर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व रक्षा मंत्री/लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 3666 करोड़ की 206 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया।

**रक्षा मंत्री ने गिनाए शिलान्यास कार्य**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शिलान्यास कार्य गिनाए। बताया कि अवध चौराहे पर अंडरपास, गोसाईगंज-बनी-मोहन मार्ग पर अनूपगंज में रेलवे क्रॉसिंग संख्या-188 स्पेशल पर 4 लेन रेल उपरिगामी सेतु, किसान पथ से भटगांव डिफेंस नोड संपर्क मार्ग, पक्का पुल से डालीगंज व गोमती नदी के ब्रिज तक 2 लेन आरओबी कम फ्लाईओवर, हनुमान सेतु से समतामूलक चौराहे तक रोड कनेक्टिविटी के लिए निशातगंज बंधे का चौड़ीकरण, सरोजनीनगर में 100 बेड का क्रिटिकल केयर ब्लॉक, एसजीपीजीआई में



500 बेड का एडवांस पीडियाट्रिक सेंटर (फेज-एक), ग्रीन कॉरिडोर के अंतर्गत निशातगंज में सेतु का शिलान्यास हो रहा है।

**एक लाख वाहन प्रतिदिन बाहर ही बाहर निकल जाएंगे**

आज लखनऊ नगर के इतिहास का सबसे महत्वपूर्ण दिन है। लखनऊ नगर के चारों ओर 5500 करोड़ से 104 किमी. की आठ लेन की आउटर रिंग रोड का लोकार्पण किया जा रहा है। यह कॉरिडोर प्रारंभ होने जा रहा है। रक्षा मंत्री ने अपील की कि कानपुर हाईवे से हरदोई मार्ग तक केवल 15 दिन हल्की गाड़ियां ही चलें, भारी वाहन बिल्कुल भी नहीं। आउटर रिंग रोड चालू होने के बाद अनुमानतः एक लाख वाहन प्रतिदिन बाहर ही बाहर निकल जाएंगे। नगर वासियों को जाम से मुक्ति मिल जाएगी। यह आउटर रिंग रोड नगर निगम की वृहद आर्थिक उन्नति की गति को तेज करेगा। इसके किनारे कई योजनाएं प्रस्तावित हैं। लखनऊ-कानपुर हाईवे के अंतर्गत छह लेन की 66 किमी. लंबे एक्सप्रेसवे का तेजी से निर्माण हो रहा है। बनी तक कानपुर हाईवे को छह लेन चौड़ा किया जा चुका है। अगले वर्ष एक्सप्रेसवे निर्माण पूरा होने पर लखनऊ से कानपुर की दूरी 40-45 मिनट में पूरी होगी। इसी के साथ पर्यटकों के लिए होटल इंडस्ट्री व हॉस्पिटल इकाइयां होंगी।

**साकार हुई कल्पना, यूपी की धरती पर बनेगी ब्रह्मोस मिसाइल**

रक्षा मंत्री ने कहा कि उप्र के लोगों ने कल्पना नहीं की होगी कि ब्रह्मोस मिसाइल यूपी की धरती पर बनेगी। यह काम भी बहुत जल्द पूरा हो जाएगा। हमारा पड़ोसी मोहनलालगंज भी कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रहा है। रक्षा मंत्री ने बताया कि विश्व स्तरीय एजेंसी नाइट फ्रैंक आर्थिक उन्नति की गतिविधियों का अध्ययन कर विभिन्न पहलुओं पर तिमाही रिपोर्ट प्रकाशित करती है। उस एजेंसी ने कहा कि ऐसे शहरों की सूची, जिनमें शहरी क्षेत्र की भूमि के मूल्यों में सर्वाधिक तेजी से वृद्धि हुई है, लखनऊ नगर विश्व में उच्चतम वृद्धि दर वाले दस शहरों में शामिल है। रक्षा मंत्री ने बताया कि 20 फ्लाईओवर स्वीकृत हैं। 12 बन चुके हैं, शेष भी बन जाएंगे। अप्रैल अंत तक मुंशी पुलिया व खुर्रमनगर में दो फ्लाईओवर पूरे हो जाएंगे। लखनऊ के कौशल महोत्सव में अभी कल ही लखनऊ व आसपास के 6300 लोगों को रोजगार मेले में नियुक्ति पत्र मिला है। इस दौरान उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, भारत सरकार के मंत्री व मोहनलालगंज के सांसद कौशल किशोर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, एके शर्मा आदि मौजूद रहे।

### 7 भाजपा प्रत्याशियों ने सीएम की मौजूदगी में किया नामांकन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद के लिए भारतीय जनता पार्टी के सातों प्रत्याशियों ने



सोमवार को नामांकन किया। वहीं सहयोगी दलों के भी तीनों प्रत्याशियों ने पर्चा भरा। सभी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में पर्चा दाखिला किया। विधान परिषद में पर्चा दाखिल करने वालों में भाजपा उम्मीदवार विजय बहादुर पाठक, डॉ. महेंद्र कुमार सिंह, अशोक कटारिया, मोहित बेनीवाल, धर्मेंद्र सिंह, रामतीरथ सिंघल, संतोष सिंह प्रमुख रहे। वहीं अपना दल (एस) से आशीष पटेल ने भी नामांकन किया। आशीष पटेल योगी सरकार में मंत्री हैं। वहीं सुभासपा की ओर से विच्छेलाल राजभर व रालोद से योगेश चौधरी ने नामांकन किया। पर्चा दाखिला के दौरान भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, योगी सरकार के मंत्री सुरेश खन्ना, राकेश सचान, आशीष पटेल, ओमप्रकाश राजभर, अनिल कुमार, जेपीएस राठौर, अरुण कुमार सक्सेना, बलदेव सिंह औलख आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ प्रांतीय के आह्वान पर हुआ धरना, बीएसए को सौंपा ज्ञापन

**जौनपुर।** पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष डॉ अतुल प्रकाश यादव के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया गया। धरना सभा में प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश महामंत्री अनिल यादव बेसिक शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के कार्यवाहक



प्रदेश अध्यक्ष डॉ शैलेंद्र यादव विशिष्ट बीटीसी वेलफेयर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष राम मूरत यादव राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष अमर बहादुर यादव तेज बहादुर राना दिनेश यादव सहित कई शिक्षक संगठनों ने बढ़ चढ़कर के हिस्सा लिया। धरना के बाद माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन को संबोधित 18 सूत्रीय मांग पत्र जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल को सौंपा गया। धरना सभा को संबोधित करते हुए करते हुए जिला अध्यक्ष डॉ अतुल प्रकाश यादव ने कहा कि हम संवैधानिक तरीके से अपनी मांग को सरकार से मनवाने में सफल जरूर होंगे। जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश महामंत्री श्री अनिल यादव ने कहा कि संघर्ष में सब कुछ न्योछावर करने के लिए हम तैयार हैं। कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष डॉ शैलेंद्र यादव ने बताया कि पुरानी पेंशन हम सभी लोगों के लिए जीने का आधार है जिला अध्यक्ष राम मूरत यादव ने कहा कि हम अपने मोबाइल से डिजिटलाइजेशन करने के लिए बाध्य नहीं है। जिला अध्यक्ष विजय लक्ष्मी यादव ने कहा कि प्रधानाध्यापक पद पर पदोन्नति अविलंब किया जाय।धरना सभा में कुंवर यशवंत सिंह आनंद कुमार यादव रविंद्र बहादुर सिंह राय साहब यादव जय सिंह यादव टी एन यादव रिजवानुल हसन सिद्दीकी यादवेंद्र नाथ यादव सरिता सिंह रेखा भारती आराधना चौहान उमेश चंद्र मिश्र सच्चिदानंद तिवारी डॉ भानु प्रताप रविंद्र कुमार यादव हरिश्चंद्र यादव जयप्रकाश धीरज कुमार नंद कुमार सुजीत सोनकर सहित हजारों शिक्षक उपस्थित रहे। संचालन शिवकुमार सरोज एवं आनंद कुमार यादव ने किया।

### पुविवि में संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन, प्रदर्शन, दस्तावेजीकरण पर कार्यशाला आयोजित

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के कल्चरल क्लब एवं वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग की ओर से पांच दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन सोमवार को किया गया। यह कार्यशाला संस्कृति विभाग उप्र. के सहयोग से की जा रही है। कार्यशाला संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन, प्रदर्शन, दस्तावेजीकरण पर आधारित है। उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि उप्र. राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सीमा सिंह ने कहा कि युवा पीढ़ी को संस्कृति के संरक्षण के लिए जागरूक करने की जरूरत है। इसके महत्व को भावी पीढ़ी तक पहुंचाने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है। आज सोशल मीडिया के माध्यम से हम कई पुरातन संस्कृति से परिचित हो रहे हैं। साथ ही गौरव महसूस कर रहे हैं। बतौर मुख्य वक्ता मदन मोहन मालवीय पत्रकारिता संस्थान के पूर्व निदेशक प्रो. राम मोहन पाठक ने कहा कि संस्कार संस्कृति पर आधारित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में विज्ञान और संस्कृति का समन्वय जरूरी है, इसे संवाद के माध्यम से समाज से जोड़ने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि मानव जीवन में सुगमता संस्कृति के माध्यम से ही लाया जा सकता है।

अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि हमारी संस्कृति को वैश्विक स्तर पर लोग अपना रहे हैं। इसमें तन-मन को भी स्वस्थ रखने की व्यवस्था योग के माध्यम से है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों आज समय बहुत तेजी से बदल रहा है, इस बदलाव में हमारी भारतीय संस्कृति ही हमें सही मार्ग दिखा सकती है। नई दिल्ली की साहित्यकार डॉ. सोनी पांडेय ने कहा कि भारतीय संस्कृति में महिलाओं को उच्च स्थान दिया गया है। भारतीय संस्कृति के विविध आयामों पर विस्तार से चर्चा की। स्वागत भाषण कार्यशाला के समन्वयक एवं विभागाध्यक्ष प्रो. मनोज मिश्र, संचालन कार्यक्रम संयोजक डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सुनील कुमार ने किया। इस अवसर पर नार्थ इंडिया के हिंदी समाचार पत्र के स्वामी डॉ. नथमल टी. बडेवाला को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रो. बीबी तिवारी, प्रो. विक्रम देव शर्मा, डॉ. सुधाकर शुक्ला, डॉ. चंदन सिंह, डॉ. अवध बिहारी सिंह आदि शामिल है।

# राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के साथ पीयू का एमओयू

- शिक्षा के क्षेत्र में एक दूसरे को सहयोग देने पर दोनों कुलपतियों के बीच सहमति

**केटी न्यूज/जौनपुर**

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज अब शिक्षा के क्षेत्र में मिलकर कार्य करेंगे। दोनों विश्वविद्यालयों के मध्य सोमवार को परस्पर समझौते पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। शिक्षा के क्षेत्र में एक दूसरे को सहयोग देने पर दोनों कुलपतियों के बीच सहमति बनीं। साक्षी के तौर पर दोनों विश्वविद्यालय के कुलसचिवगण महेंद्र कुमार, कर्नल विनय कुमार के साथ नोडल अधिकारी डॉ मनोज कुमार पाण्डेय



और राजेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

इस अवसर पर पीयू की कुलपति प्रो. वन्दना सिंह ने कहा कि पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने निरंतर गुणात्मक और मात्रात्मक विकास, शैक्षणिक और प्रशासनिक गतिविधियों में उत्कृष्टता, पारदर्शी और कुशल शैक्षणिक प्रशासन जैसी विशेषताओं के आधार पर देश के अग्रणी विश्वविद्यालयों में अपना स्थान बनाया है। आज प्रदेश के एकमात्र मुक्त विश्वविद्यालय के साथ एमओयू के उपरांत अब उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त नई शिक्षा नीति के अंतर्गत डिग्री, डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कार्यक्रमों के साथ ही रोजगारपरक कार्यक्रमों का लाभ पूर्वांचल क्षेत्र के विद्यार्थियों को मिलेगा।

उन्होंने कहा कि राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल के निरंतर मार्गदर्शन में मुक्त विश्वविद्यालय औद्योगिक प्रतिष्ठानों के साथ ही महत्वपूर्ण शैक्षिक संस्थानों के साथ एमओयू साइन करके उनकी विशेषताओं से शिक्षार्थियों को लाभान्वित करने की दिशा में कार्य कर रहा है। उप्र. राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की कुलपति प्रो. सीमा सिंह ने कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय के शिक्षार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में पूर्वांचल विश्वविद्यालय की उत्कृष्टता का लाभ मिलेगा। विश्वविद्यालय के कार्यक्रमों से जुड़कर छात्र अपने कैरियर को संवार सकेंगे।




## मऊ जिलाधिकारी की अध्यक्षता में योजना के क्रियान्वयन के संबंध में बैठक आयोजित, दिए निर्देश

# पात्र लाभार्थियों को योजना से लाभांवित करें अधिकारी

**केटी न्यूज/मऊ**

एक जनपद एक उत्पाद योजना, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित पीएम विश्वकर्मा योजना के क्रियान्वयन के संबंध में जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति की बैठक जिलाधिकारी प्रवीण मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में संपन्न हुआ। बैठक के दौरान पीएम विश्वकर्म योजना के क्रियान्वयन के संबंध में उपायुक्त उद्योग अधिकारी ने बताया कि योजना के अंतर्गत कुल 35669 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 26903 ग्रामीण क्षेत्र एवं 8766 शहरी क्षेत्र के आवेदन पत्र हैं। प्राप्त आवेदन पत्रों में से 6000 आवेदन पत्रों का निस्तारण करा दिया गया है जिलाधिकारी ने प्राप्त आवेदन पत्रों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से करने के निर्देश दिए।



प्रथम स्तर के सत्यापन हेतु ग्राम प्रधानों के ऑन बोर्ड होने की समीक्षा के दौरान कुल 645 ग्राम प्रधानों में 620 ग्राम प्रधान ऑन बोर्ड पाए गए बचेहुए 20 ग्राम प्रधानों की ऑन बोर्ड की कार्रवाई शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा जिला पंचायत राज अधिकारी को दिया गया। एक जनपद एक उत्पाद योजना के क्रियान्वयन के संबंध में उपायुक्त उद्योग अधिकारी ने बताया कि ओडीओपी वित्त पोषण हेतु सहायता योजना में वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु 29 लाभार्थी तथा 87 लाख मार्जिन मनी रुपए का लक्ष्य प्राप्त हुआ था जिसके सापेक्ष 33 लाभार्थियों को 117 लाख की सब्सिडी दी गई। उन्होंने बताया कि ओडीओपी प्रशिक्षण एवं टूल किट वितरण योजना में 395 लाभार्थियों को टूल किट वितरण की कार्यवाई भी पूर्ण कर ली गई है। बैठक के दौरान ओडीओपी विपणन प्रोत्साहन योजना, एक जनपद एक उत्पाद अंतर्गत सामान्य सुविधा केंद्र प्रोत्साहन योजना सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा करते हुए जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए की इन योजनाओं का संचालन ठीक ढंग से करें एवं पात्र लाभार्थियों को योजना से लाभांवित करें। उन्होंने प्राप्त आवेदन पत्रों का भी निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

## सुभाषितम्

माया मरी न मन मरा, मर मर गये शरीर। आशा तृष्ना ना मरी, कह गये दास कबीर? - कबीर

# 15 मार्च को हो जाएगी दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति?

केंद्रीय चुनाव आयोग में संवैधानिक संकट उत्पन्न हो गया है। केंद्रीय चुनाव आयोग में तीन सदस्यों में से मात्र एक मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ही आयोग के एकमात्र सदस्य रह गए हैं। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना 15 मार्च तक जारी होने की संभावना थी। ऐसी स्थिति में अब दो रिक्त पदों के लिए ताबड़तोड़ नियुक्ति की तैयारी की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 मार्च को इसके लिए बैठक आयोजित की है। सर्च कमेटी द्वारा नामों की सूची तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। 15 तारीख की बैठक में 5 नाम सर्च कमेटी द्वारा प्रस्तुत किए जाएंगे। चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए सरकार ने जो नया कानून बनाया है, उसके अनुसार प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में कमेटी के लिए एक केंद्रीय मंत्री को नामित करेंगे। नेता प्रतिपक्ष भी इस कमेटी के सदस्य होंगे। यह तीनों सदस्यों की कमेटी दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के बारे में निर्णय करेंगी। केंद्र सरकार ने जो कानून, चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए बनाया है, उसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। सुप्रीम कोर्ट ने उस पर कोई स्थगन जारी नहीं किया है। नाहीं उस पर कोई सुनवाई शुरू हुई है। ऐसी स्थिति में कानून के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिसे चाहेंगे, वह दो व्यक्ति केंद्रीय चुनाव आयुक्त के रूप में पदस्थ किए जा सकेंगे। इससे केंद्रीय चुनाव आयोग का संवैधानिक संकट भी खत्म हो जाएगा। केंद्रीय चुनाव आयुक्त अरुण कुमार गोयल के इस्तीफा देने के बाद, जिस तरह के हालात बने हैं, उसको देखते हुए यह आशंका भी व्यक्त की जा रही है, कि चुनाव टाले भी जा सकते हैं। 2014 में लोकसभा चुनाव की अधिसूचना 5 मार्च को जारी हुई थी। 2019 के लोकसभा चुनाव की अधिसूचना 10 मार्च को जारी हुई थी। 2024 के लोकसभा चुनाव की अधिसूचना 15 मार्च को जारी होने की संभावना थी। जिस तरह का संवैधानिक संकट उत्पन्न हो गया है। उसको देखते हुए लगता है, कि पहले केंद्रीय चुनाव आयुक्त के रिक्त 2 पदों पर चुनाव आयुक्त की नियुक्ति 15 मार्च को हो जायेगी। उसके बाद ही, लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होगी। केंद्र सरकार द्वारा चुनाव आयुक्त की नियुक्ति को लेकर जो कानून लागू किया गया है, इसका विरोध बड़े पैमाने पर विपक्षी दल और समाजसेवी संगठन कर रहे हैं। कहा जा रहा है, कि सरकार ने जो कानून बनाया है। उसके अनुसार सरकार जिसे चाहेगी, उसे चुनाव आयुक्त के रूप में नियुक्त कर लेगी। इससे चुनाव आयोग की निष्पक्षता खत्म होगी। चुनाव आयोग सरकार के इशारे पर काम करने वाला होगा। जिसके कारण भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था कमजोर होगी। अभी यह मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। इसी बीच एक साथ दो चुनाव आयुक्त की नियुक्ति को लेकर तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गई हैं। अब जो नए चुनाव आयुक्त चुने जाएंगे। वह 65 वर्ष की उम्र या 6 साल का उनका कार्यकाल होगा। जो दो नए चुनाव आयुक्त बनेंगे। उनका कार्यकाल अगले 5 से 6 वर्षों का होगा। केंद्र सरकार, वन नेशन वन इलेक्शन लागू करने की दिशा में काम कर रही है। ऐसी स्थिति में केंद्रीय चुनाव आयोग की भूमिका भी बड़ी महत्वपूर्ण होगी। केंद्र सरकार द्वारा जो कानून बनाया गया है, उसके अनुसार पहली बार 15 मार्च को चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करने के लिए बैठक होने जा रही है। यह माना जा रहा है, कि 15 मार्च को यह नियुक्ति हो जाएगी। अगले दो चुनाव आयुक्त कौन होंगे। सर्च कमेटी द्वारा किस तरह से नाम सर्च किए जाएंगे। उसके लिए कौन सी प्राथमिकताएं थीं। 10 नाम सर्च कमेटी मंत्री के पास प्रस्तुत करेगी। उनमें से 5 नामो का चयन मंत्री की कमेटी करेगी। जिन 5 नाम को मंत्री जी की अध्यक्षता वाली सर्च कमेटी मंजूर करेगी। उनके नाम प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली कमेटी में रखे जाएंगे। सर्च कमेटी का चयन के लिए उसका आधार क्या था।

## चिंतन-मनन

# जीव परमेश्वर की परा शक्ति

जीव परमेश्वर की परा प्रकृति (शक्ति) है। अपरा शक्ति तो पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश, मन, बुद्धि तथा अहंकार जैसे विभिन्न तत्वों के रूप में प्रकट होती है। भौतिक प्रकृति के ये दोनों रूप-स्थूल (पृथ्वी आदि) तथा सूक्ष्म (मन आदि) अपरा शक्ति के ही प्रतिफल हैं। जीव जो अपने विभिन्न कार्य के लिए अपरा शक्तियों का विदोहन करता रहता है, स्वयं परमेश्वर की परा शक्ति है और यह वही शक्ति है जिसके कारण सारा संसार कार्यशील है। इस दृश्य जगत में कार्य करने की तब तक शक्ति नहीं आती, जब तक परा शक्ति अर्थात जीव द्वारा यह गतिशील नहीं बनाया जाता। शक्ति का नियंत्रण सदैव शक्तिमान करता है, अतः जीव सदैव भगवान द्वारा नियंत्रित होते हैं। जीवों का अपना कोई स्वतंत्र अस्तित्व नहीं है। वे कभी भी सम शक्तिमान नहीं, जैसा कि बुद्धिहीन मनुष्य सोचते हैं। श्रीमद्भागवत में जीव तथा भगवान के अन्तर को इस प्रकार बताया गया है- ह्यर्े परम शात ! यदि सारे देहधारी जीव आप ही की तरह शात एवं सर्वव्यापी होते तो वे आपके नियंत्रण में न होते। किन्तु यदि जीवों को आपकी सूक्ष्म शक्ति के रूप में मान लिया जाए, तब वे सभी आपके परम नियंत्रण में आ जाते हैं। अतः वास्तविक मुक्ति आपकी शरण में जाना है और इस शरणागति से वे सुखी होंगे। परमेश्वर कृष्ण एकमात्र नियन्ता हैं और सारे जीव उन्हीं के द्वारा नियंत्रित हैं। सारे जीव उनकी पराशक्ति हैं, क्योंकि उनके गुण परमेश्वर के समान हैं, किन्तु वे शक्ति की मात्रा के विषय में समान नहीं हैं। स्थूल व सूक्ष्म अपरा शक्ति का उपभोग करते हुए परा शक्ति (जीव) को अपने वास्तविक मन तथा बुद्धि की विस्मृति हो जाती है। इसका कारण जीव पर जड़ प्रकृति का प्रभाव है। माया के प्रभाव में अहंकार सोचता है, मैं ही पदार्थ हूं और सारी भौतिक उपलब्धि मेरी है किंतु जब वह सारे भौतिक विचारों से मुक्त हो जाता है, तो उसे वास्तविक स्थिति प्राप्त होती है। गीता जीव को कृष्ण की अनेक शक्तियों में से एक मानती है और जब यह शक्ति भौतिक कल्मष से मुक्त हो जाती है, तो पूर्णतया कृष्णभावनाभावित या बंधनमुक्त हो जाती है।

# कांग्रेस में पतझड़ तो भाजपा में बहार का मौसम

- चैतन्य भट्ट

ऊपर वाले ने तीन प्रमुख मौसम बनाए ठंड, गर्मी, बरसात तीनों मौसम हर व्यक्ति के लिए एक से होते हैं अगर गर्मी है तो सबको गर्मी लगती है अगर ठंड है तो हर व्यक्ति रजाई ढूंढता है और अगर बरसात है तो सारे लोग भीग जाते हैं इन मौसमों के बीच में कुछ और छोटे-मोटे मौसम होते हैंजैसे बसंत, शरद, शिशिर, बहार, पतझड़ लेकिन आजकल का दो प्रमुख राजनीतिक दलों में एक साथ दो अलग-अलग मौसम चल रहे हैं हम बात कर रहे हैं कांग्रेस और भाजपा की कांग्रेस में इन दिनों पतझड़ का मौसम है रोजाना कांग्रेस के बट वृक्ष से एक न एक पुराना पत्ता गिरता है और जाकर भाजपा की बहार में शामिल हो जाता है जिस गति से कांग्रेस के नेता रुपी पत्ते रोजाना गिरते जा रहे हैं उस हिसाब से बहुत जल्द वह ठूंठ बनकर रह जाएगा ।अब दिक्कत ये है कि बट वृक्ष को ना तो खाद मिल रही है और ना ही पानी, इधर भाजपा में चौतरफा बहार ही बहार है सारे पत्ते फल फूल रहे हैं बाहर से आए पत्तों को भी पेड़ की ऊंची ऊंची डगालों में सुशोभित किया जा रहा है लेकिन इन सब के बीच अपने भाजपा के पुराने पत्ते बेचारे बड़े दुखी हैं जिंदगी भर जिस पेड़ को हरा भरा रखा उस पेड़ पर उनकी कोई औकात ही नहीं बची उनके सर के ऊपर कांग्रेस के पतझड़ के पत्तों को सजाया जा रहा है। दरअसल ये राजनीति है ही ऐसी चीज सत्ता के लिए तमाम राजनीतिक दल साम ,दाम दंड भेद तमाम तरह की चीजों को अपना लेते हैं कल तक जो बड़े-बड़े नेता कांग्रेस के बड़े-बड़े पदों पर रहे मंत्री रहे, सांसद रहे उन्हें अचानक कांग्रेस की नीतियों से नफरत हो गई उनका कहना है कि आज की कांग्रेस वो कांग्रेस नहीं रह गई है तो भैया आप भी तो वो कांग्रेसी अब वो कांग्रेसी नहीं रहे यह भी तो सोचो और फिर परिवर्तन तो प्रकृति का नियम है जमाना वो भी था जब कांग्रेस पूर्ण बहुमत में हुआ करती थी अब उसको एक सैकड़ा तक पहुंचने में सांस फूली जा रही है कहते हैं ना कभी नाव पानी के ऊपर तो कभी पानी नाव के भीतर यही हाल कांग्रेस और भाजपा का है लेकिन जिस तेज गति से पतझड़ की हवाएं कांग्रेस रूपी पेड़ के खिलाफ चल रही है वो कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के लिए चुनौती तो है उसको देखना होगा कि कहीं ऐसा ना हो कि पत्तों के साथ-साथ पूरा पेड़ ही जड़ से उखड़ जाए लेकिन यह भी कहा जाता है कि जब पतझड़ आता है तो पुरानी पत्तियां टूट कर बिखर जाती हैं लेकिन उसके बाद नई कोपलें आना शुरू होती है



जो बाद में बड़ी पत्ती का रूप धारण कर लेती अपने को तो लगता है कांग्रेस यही सोचकर पुरानी पत्तियों को समेटना नहीं चाहता ,लेकिन जिस तरह से कांग्रेस से उसके नेता नाता तोड़ रहे हैं उस पर किसी शायर की ये पंक्तियां बिल्कुल सटीक बैठती हैं पतझड़ भी हिस्सा है जिंदगी के मौसम का, फर्क इतना है कुदरतमें पत्ते टूटते हैं और हकीकत में रिश्ते

अखबारों में एक खबर बड़ी सुर्खियों में है कि मीडिया टायकून अरबपति रूपर्ट माडोक जिनकी उम्र 92 वर्ष की हो चुकी है वे आप पांचवी शादी करने की तैयारी में है और उनकी जो प्रेमिका है ना है वो भी कोई कमसिन हसीना नहीं बल्कि बल्कि 67 साल की डुकरिया है मानते हैं अपन उनकी हिम्मत को दाददेने की इच्छा होती है उनके पौरुष पर, यहां तो इंसान एक बीवी से परेशान है और उसे संभालने में जिंदगी व्यतीत हो जाती है लेकिन भाई साहब को तो देखो एक नहीं, दो नहीं, तीन नहीं, चार नहीं अब पांचवी शादी की तैयारी में लेकिन कहते हैं ना मोहब्बत की कोई उम्र नहीं होती, कब किस से आंख लड़ जाए यह कहना बड़ा मुश्किल है भाई साहब की उम्र भले ही 92 साल की हो गई हो लेकिन उनका जो दिल है वो अभी भी 16 साल जैसा धड़कता है यही कारण है कि पांचवीं बार हल्दी लगवाने तैयार हैं अपनी तरफ से साहब को पांचवी शादी की ढेर सारी बधाई और शुभकामनाएं भगवान उन्हें और भी लंबी उम्र दे ताकि वे छठवीं और सातवीं शादी भी कर सके क्योंकि जिसकी चार बीवियां अनसेरुखसात हो गई हों पांचवी उसके साथ कब तक रहती है यह कहना बड़ा मुश्किल है बहरहाल उनकी जिंदा दिल्ली को तो सलाम करना ही पड़ेगा लोग बाग 92 साल में खटिया से नहीं उठ पाए लेकिन उनकी हिम्मत तो देखो सात फेरे लेने तैयार हैं।

उमाजी करें तो क्या करें एक जमाने में फायर ब्रांड नेता कहीं जाने वाली प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री रही उमा भारती इन दिनों भारी परेशान हैं उन्हें समझ में नहीं आ रहा कि करें तो क्या करें भाजपा ने तो उन्हें दूध से मक्खी जैसा निकाल कर बाहर कर दिया है अब अपने वजूद को बचाने के लिए तरह तरह के जतन करती हैं कभी शराब की दुकान में ईंट मारती हैं तो कभी कहती है कि मैं लोकसभा का चुनाव लड़ूंगी और फिर जब टिकट नहीं मिलती तो कहती है कि मैं लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ूंगी। उनके चाहने वाले भी भारी पशोपेश में है कि उनकी कौन सी बात पर भरोसा करें और कौन सी बात पर भरोसा ना करें लेकिन कहते हैं ना राजनीति में कब किसका सूरज उदय हो जाए और कब अस्त की ओर चल पड़ेयह भी कहना बड़ा मुश्किल और नामुमकिन होता है उमा जी को भी पहले अपने हाई कमान से यह कंफर्म कर लेना चाहिए था कि उन्हें चुनाव लड़वाया जाएगा या नहीं उसके बाद यह बयान देना था कि मैं चुनाव लड़ूंगी अब जब टिकट नहीं मिल रही है तो मजबूरी में कहना पड़ रहा है कि मेरा मन चुनाव लड़ने का नहीं है बीच में बता रही थी कि मैं हिमालय चली जाऊंगी फिर बाद में पता लगा कि नहीं हिमालय नहीं जा रही हैं दिक्कत ऊमा जी के साथ ये है कि जिस उमा भारती की एक जमाने में तूती बोला करती थी उन्हें पार्टी ने हासिए पर रख दिया है और जब कोई राजनीतिक व्यक्ति को हासिये पर रख दिया जाता है तो उसकी मनो दशा कैसी होती है ये उमा भारती से ज्यादा बेहतर और कोई नहीं जान सकता लेकिन उमा जी को इस बात से संतोष कर लेना चाहिए कि जब उनके गुरु आडवाणी और मुरली मनोहर जैसे नेता किनारे कर दिए गए हैं तो फिर उनको किनारे कर भी दिया तो बुरा मानने वाली कोई बात नहीं है अब उमा भारती को यही गीत गुनगुनाना चाहिए। सुख भरे दिन बीते रे भैया अब दुख आयो रे. सुपर हिट ऑफ द वीक श्रीमान जी का ज्ञान काफी लंबी खोज केबाद पता चला है कि पति पत्नी के बीच होने वाले झगड़ों की मुख्य वजह है पंडित क्योंकि उसी ने ही फेरों के वक्त आग में घी डाल था।

# दक्षिण एशिया का सर्वश्रेष्ठ नेत्र अस्पताल लहान का सागरमाथा चौधरी आंखा अस्पताल

-कुमार कृष्णन

नेपाल के लहान में स्थित में सागरमाथा चौधरी नेत्र अस्पताल पूर्वी नेपाल और भारत के पड़ोसी जिलों के निवासियों के लिए एक गैर-लाभकारी नेत्र अस्पताल है। सागरमाथा चौधरी आई हॉस्पिटल (एससीईएच) पूर्वी नेपाल में भारत की सीमा के पास तराई (तराई) क्षेत्र में 450 बिस्तरों वाला अस्पताल है। यह अस्पताल नेत्र मरीजों के लिए वरदान है। यहां भारत के बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल के साथ -साथ नेपाल के लोग आते हैं। नेत्र रोगों की इलाज के लिए कम खर्च का बेहतरीन अस्पताल है। यहाँ का अस्पताल बहुत लोगों की रोजी रोटी का आधार है। सीजन के दौरान, सप्ताह में छह से सात दिन, हर दिन 300-400 मोतियाबिंद ऑपरेशन होते हैं। औसतन, सर्जन प्रतिदिन 60-70 मोतियाबिंद ऑपरेशन करते हैं, या पीक सीजन के दौरान 12 घंटे की शिफ्ट में 100 ऑपरेशन तक करते हैं।

गुणवत्ता में सुधार और मानकों में सुधार के लिए अस्पताल नियमित रूप से सर्जरी के परिणामों की निगरानी करता है, जिससे यह एक उत्कृष्ट प्रतिष्ठा विकसित करने में सक्षम हुआ है। अधिकांश मरीज मानते हैं कि दी जाने वाली सर्जरी सस्ती है। मैनुअल छोटे चीरे वाली मोतियाबिंद सर्जरी की लागत प्रति आंख 1,200 नेपाली रुपये से कम है, जो नेपाल और पड़ोसी भारतीय राज्य बिहार दोनों में मासिक न्यूनतम वेतन का लगभग 10% है। परिणामस्वरूप,अब नेपाल में अपनी मोतियाबिंद सर्जरी सेवाओं को सक्रिय रूप से बढ़ावा नहीं देता है, क्योंकि ऐसा करने की कोई आवश्यकता नहीं है। हालाँकि, भारत में, समुदाय में मोतियाबिंद प्रेरक हैं जो रोगियों को भर्ती करते हैं और अस्पताल तक बस यात्रा की व्यवस्था करके उनकी मदद करते हैं।

1978 के अंत में रोगियों के परेशानी मुक्त और सुविधाजनक नेत्र उपचार के लिए महासचिव डॉ.राम प्रसाद पोखरेल के नेतृत्व और जनरल रवि शमशेरजी की अध्यक्षता में नेपाल नेत्र ज्योति संघ की स्थापना की गयी थी। नेपाल नेत्र ज्योति संघ ने विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संघों और संगठनों से नेपाल में अंधापन खत्म करने के लिए समर्थन देने की अपील की। क्रिस्टोफेल ब्लाइंडन मिशन, सीबीएम ने दिसंबर 1982 में एक समझौते के बाद समाज कल्याण परिषद और नेपाल नेत्र ज्योति संघ के साथ सहयोग शुरू किया। सीबीएम के डॉ. अल्ब्रेक्ट हेनिग ने 1983 में लहान में राम कुमार सारदा उमा प्रसाद मुरारका के सार्वजनिक जिला अस्पताल में नेत्र रोगियों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही थी, डॉ. हेनिग को नेत्र अस्पताल के लिए एक अलग भवन की आवश्यकता महसूस हुई। इसके लिए उन्होंने पशुपति हाई स्कूल के प्राचार्य श्री कामेश्वर चौधरी के माध्यम से लहान के विभिन्न सामाजिक कार्यकताओं से संपर्क करना और अपील करना शुरू किया। चूंकि अपील मानवीय उद्देश्य के लिए थी, इसलिए लहन में चौधरी परिवार ने रुचि दिखाई और भूमि दान पर चर्चा और अंतिम रूप देने के लिए श्री पद्मा एन. चौधरी को जिम्मेदारी सौंपी। अंत में, दाता चौधरी परिवार की ओर से एनएनजेएस महासचिव, डॉ. राम प्रसाद पोखरेल और श्री पी.एन. चौधरी द्वारा एक द्विपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। समझौते के अनुसार, लहान के सामाजिक कार्यकताओं श्री छवि लाल चौधरी, श्री सरोवर लाल चौधरी और श्री रवीन्द्र लाल चौधरी ने इस नेक काम के लिए लहान और हरदिया में जमीन दान की है।अस्पताल से 12 बिस्तरों वाला नेत्र देखभाल केंद्र शुरू किया।

सीबीएम ने इस दान की गई भूमि पर 50 बिस्तरों वाले नेत्र अस्पताल का निर्माण करके अपना वित्तीय समर्थन बढ़ाया। समाज सेवा से प्रेरित समर्पण और निःस्वार्थता के साथ, डॉ. हेनिग और उनकी टीम ने सागरमाथा चौधरी आई हॉस्पिटल के माध्यम से सबसे जरूरतमंद लोगों की सेवा की। सेवाओं में बढ़ते विश्वास और नेत्र देखभाल में बढ़ती मांग ने कम समय में उच्च प्रौद्योगिकियों के साथ 450 बिस्तरों वाला अस्पताल स्थापित करने में मदद की। इस नवनिर्मित भवन का उद्घाटन 1986 में वर्तमान राजा बीरेंद्र बीर बिक्रम शाह ने किया था।

डॉ. अल्ब्रेक्ट हेनिग ने 1981 में पाकिस्तान में सीबीएम (क्रिस्टोफेल ब्लाइंडनमिशन) के लिए काम करना शुरू किया और 1983 से लाहान/नेपाल में रह रहकर और काम करना आरंभ किया। जहां उन्होंने सागरमाथा चौधरी नेत्र अस्पताल को दक्षिण एशिया के सर्वश्रेष्ठ नेत्र अस्पताल में से एक बनाने में मदद की है। अकेले 2004 में, उन्होंने और उनकी टीम ने 48,000 से अधिक मोतियाबिंद ऑपरेशन किए। बहुत ही मामूली शुरूआत से, उन्होंने सागरमाथा चौधरी आई हॉस्पिटल (एससीईएच) के विकास की देखरेख की, और अपने पीछे एक सफल विरासत छोड़ गए। वर्ष 1983 में लहान में 12 बिस्तरों वाले अस्पताल के रूप में शुरू हुआ अस्पताल अब दो उच्च क्षमता वाले अस्पतालों और आठ प्राथमिक देखभाल केंद्रों के नेटवर्क में विकसित हो गया है। और सागरमाथा चौधरी नेत्र अस्पताल (एससीईएच) के शीर्ष पर एक प्रतिष्ठित नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अल्ब्रेक्ट हेनिग हैं। सीबीएम और नेपाल नेत्र ज्योति संघ के बीच एक सहयोग, इसे अब पूर्वी क्षेत्रीय नेत्र देखभाल कार्यक्रम (ईआरईसी-पी) कहा जाता है। और डॉ. हेनिग के 30 वर्षों से अधिक के समर्पण और प्रतिबद्धता ने, उनके उत्कृष्ट शल्य चिकित्सा कौशल और शिक्षण के साथ मिलकर, अंतर पैदा किया है। हजारों जिंदगियों में देख पाने या न देख पाने का,कई मायनों में ये परिणाम डॉ. हेनिग के परिणाम हैं।

डॉ. हेनिग ने नेपाल और भारत के कुछ पड़ोसी राज्यों में लक्षित आबादी पर ईआरईसी-पी के विकास और प्रभाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1983 से 2011 तक, कार्यक्रम ने 3,876,939 रोगियों को नेत्र उपचार प्रदान किया है और 874,270 सर्जरी की हैं। डॉ. हेनिग के नेतृत्व में प्रेरित टीम 700 बारोगियों की जांच करती है, और व्यस्त मौसम के दौरान प्रति दिन 300-400 सर्जरी करती है - वास्तव में एक प्रशंसनीय उपलब्धि।

डॉ. हेनिग के प्रतिबद्ध और पेशेवर नेतृत्व ने सभी रोगियों के लिए समर्पित, उच्च गुणवत्ता, निष्पक्ष और प्रभावी सेवा की एक संगठनात्मक संस्कृति का निर्माण किया है। उन्होंने 1,20,000 से अधिक मोतियाबिंद सर्जरी और बच्चों की बड़ी संख्या में मोतियाबिंद सर्जरी की हैं।

उन्हें एक विशेष टांके रहित मोतियाबिंद सर्जिकल ऑपरेशन विकसित करने के लिए भी जाना जाता है, जिसे फिश हुक तकनीक के नाम से जाना जाता है, जिसका अब दुनिया भर में व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है।

# उलझी है सारी सियासत, चुनावी जाल में....!

- ओमप्रकाश मेहता

आज देश व देशवासियों के हालात देखकर मुझे आज से करीब छः दशक पहले की फिल्म मदर इण्डियाके एक प्रसिद्ध व लोकप्रिय गीत की कुछ पंक्तियां याद आ रही है, जिसमें आज की भविष्यवाणी करते हुए लिखा गया था- जीवन का गीत है सुर में न ताल में, उलझी है सारी दुनियां रोटी के जाल में, अन्तर सिर्फ इतना हो गया है कि आज दुनिया रोटी के नहीं सियासत के जाल में उलझी नजर आ रही है, किंतु इस गीत की पहली पंक्ति जीवन का गीत है, सुर में न ताल में आज भी अक्षरशः अवतरित हो रहा है। अब विचार का बिन्दु यह है कि क्या यह हमारे प्रजातंत्र का दोष है या नेताओं के दिल-दिमाग में आई खोट का? आज हमारे जिस प्रजातंत्र को पांच सालों में बांटा गया है, उसमें से हमारे प्रजातंत्र के प्रथम दो शब्दों प्रजाको क्या मिला? यह कहने मात्र को प्रजातंत्र है, वह भी इसलिए क्योंकि तंत्रको प्रजा चुनती है, किंतु आज का मुख्य प्रश्न यह कि क्या तंत्रने प्रजा के प्रति अपने कर्तव्यों, दायित्वों का निर्वहन किया, क्योंकि इन पांच सालों के पहले चुनावी वर्ष के दौरान ही अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए चंद अवधि हेतु जनता की पूछ-परख की जाती है और अपनी गरज पूरी होने और सत्तासीन होने के बाद प्रजाको तंत्रभुला देता है और उसे भगवान के भरोसे छोड़ देता है, पिछले पचहत्तर सालों से हमारे देश में यही जाल में उलझी रहती है, भारत आज इसी दौर से गुजर रहा है, स्वार्थ की सत्ता की कुर्सी पर विराजित तंत्रको प्रजा की कोई चिंता नही है। किंतु यह बात सही है कि हमारे देश की महान प्रजाकी तारीफ करनी पड़ेगी कि उसमें पिछले पचहत्तर सालों में कोई बदलाव नहीं आया, वह वही नैकी कर और वोट डाल की लीक पर चल रही है और अपने जीवन की हर समस्या को खुद ही हल कर रही है, अब आज विश्व के अन्य प्रजातंत्री देशों के क्या हाल है? यह तो पता नहीं, जहां के नागरिक अपने दायित्वों व कर्तव्यों के प्रति जागरूक है, वहां तो प्रजातंत्र ठीक ही चल रहा होगा, किंतु हमारे देश के देशवासियों में कोई फर्क नहीं आया, वे आज भी अपने दायित्वों, अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति अनजान व उदासीन है, इसलिए इस स्थिति का फायदा सियासत व उससे जुड़े लोग उठा रहे है, हम आज भी 1947 के ही मासूम, अज्ञानी देशवासी बने हुए है, जिसका हर दृष्टि से फायदा चंद जनप्रतिनिधि उठा रहे है, उन्हें न तो देश से कुछ लेना है, न देशवासियों से और न जनता के कल्याण से ही, वे सिर्फ अवसरवादी बनकर मौंके का फायदा उठाने में ही व्यस्त है और उन्होंने अपने जीवन का मूल मंत्र लूट सके सो लूट बना लिया है और जहां तक हमारा यानी देश की जनता का सवाल है, उसे अपनी निजी व पारिवारिक समस्याओं के हल खोजने और उनसे निपटने से ही फुरसत नहीं है। आज का सबसे अहम्‌सवाल इसलिए यही है कि इस देश की चिंता किसे है? नेताओं-जनप्रतिनिधियों को अपनी स्वार्थ सिद्धी से फुर्सत नहीं है और देशवासियों को अपनी समस्याओं के हल खोजने से तो फिर ऐसी स्थिति में देश की चिंता कौन करेगा, इसे लुटने से कौन बचाएगा।

## आज का राशिफल

**मेष** दिन है और आपके धन में वृद्धि होगी। रुके कार्य पूर्ण होंगे और आपको भाग्य का साथ मिलेगा।

**तुला** आज आर्थिक लाभ होगा और आपके कार्य सफल होंगे। जोखिम भरे काम से दूर रहें।

**वृषभ** आज आपकी योजनाएं सफल होंगी, धन में वृद्धि होगी। आपकी योजनाएं सफल होंगी।

**वृश्चिक** दिन काफी व्यस्तता वाला रहेगा। कई विवाद और झंझट आपके सामने आ सकते हैं।

**मिथुन** आप अपनी कार्यकुशलता से समस्या का समाधान निकालने का प्रयास करेंगे तो आपको लाभ होगा।

**धनु** किसी प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करेंगे। नौकरी पाने की तलाश में हैं उनको लाभ होगा।

**कर्क** कर्क आज आपको सफलता प्राप्त होगी और आपके सम्मान में वृद्धि होगी।

**मकर** आज आर्थिक लाभ होगा और इस वजह से आपका मूड सुबह से ही अच्छा रहेगा।

**सिंह** किसी का खोया हुआ विश्वास पुनः प्राप्त होगा। संतान पक्ष से भी अपेक्षित समाचार मिलेगा।

**कुंभ** धन से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। कुछ नए आइडिया दिमाग में आ सकते हैं।

**कन्या** आज किसी पुरानी समस्या का अंत होगा और आपके सम्मान में वृद्धि होगी।

**मीन** आज लाभ होगा। परिवार और रोजगार में सही संतुलन बनाने का प्रयास करें।

## विशेष

# अनास्था की सदी में खाटू आस्था का मेला

- निमिषा सिंह

वीर प्रसूता राजस्थान की माटी ने यूं तो अपने आंचल में उत्कृष्ट शोर्य परंपरा से जुड़ी अनेको गौरव गाथाओं को समेटा हुआ है किंतु राजस्थान का जिक्र हो और आस्था के प्रमुख केन्द्र खाटू की बात न हो, ऐसा तो हो ही नहीं सकता। विशेषकर मुझ जैसे लाखों भक्तों के लिए जिनका मानना है कि खाटू में विराजमान बाबा श्याम से अगर एक बार कुछ मांगा तो वो लाखों करोड़ों बार देते है और देते ही रहते हैं। यही कारण है कि हम भक्त उन्हें लखदातार के नाम से भी पुकारते है। राजस्थान के शेखावाटी के सीकर जिले में स्थित है परमधाम खाटू। यहाँ विराजित हैं भगवान श्रीकृष्ण के कलयुगी अवतार खाटू श्यामजी। इस मंदिर की विशेष बात यह है कि यहां देवता के केवल सिर की पूजा होती है। यहां की मूर्ति का कोई धड़ नहीं है। धड़विहीन मूर्ति बाबा श्याम की है जिनकी कहानी महाभारत और स्कंद पुराण से संबंधित है। श्याम बाबा की महिमा का बखान करने वाले भक्त राजस्थान या भारत में ही नहीं बल्कि दुनिया के कोने-कोने में मौजूद है। हर वर्ष फाल्गुन के महीने में यहां सबसे ज्यादा भीड़ होती है। फाल्गुन के महीने अर्थात मार्च में बाबा खाटू श्याम जी का लक्खी मेला लगता है साथ ही बाबा का जन्मदिन भी बहुत धूमधाम से मनाया जाता है। इस साल 2024 में बाबा श्याम का यह मेला 11 मार्च से प्रारंभ होगा और 21 मार्च तक इसका समापन होगा।

## कार्टून कोना





## आज का इतिहास

1879 : ब्रिटेन ने अफगानिस्तान पर हमला किया। 1919: गांधीजी की नवजीवन पत्रिका का प्रकाशन शुरू हुआ। 1949: पूर्वी जर्मनी में जनवादी गणराज्य की स्थापना हुई थी। 1950: मदर टेरेसा ने कोलकाता में मिशनरीज ऑफ चैरिटीज की स्थापना की। 1958: पाकिस्तान में राष्ट्रपति सिकंदर मिर्जा ने मार्शल लॉ लागू किया। 1967: यूनान की सैनिक सरकार ने निष्कासित प्रधानमंत्री और अन्यों पर लगे प्रतिबंध उठा लिए। 1970: संयुक्त अरब गणराज्य के उपराष्ट्रपति अनवर सादात ने राष्ट्रपति का कार्यभार संभाला। 1976 : सैनिक सरकार ने थाईलैंड में स्थिति सामान्य बनाने के लिए प्रतिबंधों में ढील देनी शुरू की। 1987 : मिस्त्र के उपराष्ट्रपति हुस्ती मुबारक राष्ट्रपति अनवर सादात के उत्तराधिकार मनोनीत किए गए।

## दैनिक पंचांग

12 मार्च 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 06.22 बजे से |
| चंद्र | मीन में | मेष | 07.52 बजे से |
| मंगल | मकर में | वृष | 09.33 बजे से |
| बुध | मीन में | मिथुन | 11.31 बजे से |
| गुरु | मेष में | कर्क | 13.44 बजे से |
| शुक्र | कुंभ में | सिंह | 16.00 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कन्या | 18.12 बजे से |
| राहु | मीन में | तुला | 20.23 बजे से |
| केतु | कन्या में | वृश्चिक | 22.38 ब.से |
| राहुकाल | 3.00 से 4.30 बजे तक | धनु | 00.54 बजे से |
| | | मकर | 02.59 बजे से |
| | | कुंभ | 04.45 बजे से |

**मंगलवार** 2024 वर्ष का 72 वां दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शिशिर। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** फाल्गुन **पक्ष** शुक्ल **तिथि** द्वितीया 07.14 बजे तदनन्तर तृतीया 04.04 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** रेवती 20.30 बजे को समाप्त। **योग** शुक्ल(शुक्र) 07.53 बजे तदनन्तर ब्रह्म 04.08 बजे रात्र को समाप्त। **करण** कौलव 07.14 बजे, तैतिल 17.36 बजे तदनन्तर गर 04.04 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 1.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 03° 13' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871916 **जूलियन दिन** 2460381.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** रमजान **तारीख** 01 **विशेष** फुलेरा दूज, रामकृष्ण जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore



## जब हो ट्विन प्रेग्नेंसी

गर्भाशय का आकार सामान्य से बड़ा हो और एक से अधिक गर्भ की हार्टबीट्स सुनाई दे रही हों तो डॉक्टर अल्ट्रासाउंड कराने की सलाह देते हैं। इसी से पता लगता है कि यह ट्विन प्रेग्नेंसी है या नहीं। जैसे ही ट्विन प्रेग्नेंसी का पता चले, अपने और होने वाले बच्चे की बेहतरी के लिए कुछ जरूरी कदम उठाएं। ट्विन प्रेग्नेंसी की जटिलताएं सिंगल प्रेग्नेंसी से अलग होती है। इस दौरान कुछ खास परेशानियां हो सकती हैं-

ट्विन प्रेग्नेंसी में गैस्टेशनल डायबिटीज होने का खतरा बढ़ जाता है। इस दौरान कमजोरी अधिक हो सकती है। प्रसव के बाद ब्लीडिंग का खतरा भी ज्यादा रहता है। ट्विन प्रेग्नेंसी के अधिकतर मामलों में डिलिवरी के लिए सी-सेक्शन की जरूरत पड़ती है। प्रीमैच्योर बर्थ की आशंका अधिक होती है। इसके अलावा गर्भ पर अधिक भार के कारण शरीर में दर्द हो सकता है।

### ताकि प्रेग्नेंसी रहे सुखद

ट्विन प्रेग्नेंसी में एक से अधिक बार चेकअप की जरूरत होती है ताकि मां और बच्चे के स्वास्थ्य पर लगातार नजर रखी जा सके। इसमें सबसे बड़ी समस्या यह आती है कि कई बार एक बच्चा कमजोर होता है और दूसरा स्वस्थ। ट्विन प्रेग्नेंसी में हर चौथे सप्ताह में चेकअप अवश्य कराएं। जैसे-जैसे प्रसव का समय नजदीक आता है डॉक्टर कुछ टेस्ट्स और अल्ट्रासाउंड कराने के लिए कह सकते हैं। ट्विन प्रेग्नेंसी में वजन अधिक बढ़ जाता है और यह बच्चे के विकास के लिए जरूरी भी होता है।

### इस दौरान रखें स्वास्थ्य का खयाल

- यदि किसी का वजन औसत है तो गर्भावस्था के दौरान प्रतिदिन सामान्य से लगभग 600 अतिरिक्त कैलरीज की जरूरत पड़ती है। कितनी कैलरी लेना होगी यह वजन, जरूरत और दिनचर्या पर निर्भर करता है।
- पोषक तत्वों का सेवन करें। फॉलिक एसिड, कैल्शियम, आयरन, प्रोटीन और दूसरे आवश्यक पोषक पदार्थों का सेवन अवश्य किया जाना चाहिए।
- गर्भावस्था में पर्याप्त पानी पीना जरूरी है ताकि शरीर में जल का सही स्तर बना रहे।
- उपवास या व्रत से बचें और भूखे पेट न रहें। ब्रेकफास्ट, लंच और डिनर के अलावा बीच-बीच में हेल्दी स्नैक्स लें।
- बेड रेस्ट की सलाह खास जटिलताएं होने पर ही दी जाती हैं। आमतौर पर डॉक्टर सामान्य कार्य करने की सलाह देते हैं इसलिए बिना डॉक्टर की सलाह के बेडरेस्ट न करें। अध्ययनों में यह बात सामने आई है कि बेड रेस्ट से प्रीमैच्योर डिलिवरी का खतरा बढ़ता है।
- अगर वजन तेजी से बढ़ रहा हो या तेज सिरदर्द हो तो डॉक्टर को दिखाएं।
- वजन ज्यादा होने से पैरों में सूजन आती है, इसलिए पैर लटकाकर देर तक न बैठें।
- नमक का सेवन कम करें ताकि ब्लडप्रेशर अधिक न बढ़े।



## छुट्टियों की फुर्सत यानी कुछ और...

कुछ लोगों के लिए फुर्सत का मतलब चार दीवारों के दायरे से थोड़ा आगे बढ़कर बाहर निकलकर कुछ करना होता है। यह किसी बाजार या मॉल में जाकर शॉपिंग करना हो सकता है, किसी अजीज दोस्त या रिश्तेदार से मिलना हो सकता है, कोई हॉबी क्लास ज्वॉइन करना हो सकता है या फिर कुछ और.। कुछ लोग योग या ध्यान के शिविर में चले जाते हैं, यानी फुर्सत पाते ही हर कोई अपनी पसंद का काम ढूंढ निकालता है।

लेकिन कुछ लोगों के लिए फुर्सत का मतलब यह सब भी नहीं होता। उनके लिए फुर्सत का मतलब सिर्फ छुट्टियां होता है। छुट्टियां अगर थोड़ी लंबी हों यानी हफ्ते-दो हफ्ते का समय मिल जाए तो बहुत अच्छा, वरना एक-दो दिन की त्योहारी छुट्टी ही मिले तो भी चलेगा। एक-दो दिन अगर कहीं शनिवार-रविवार से जुड़े मिल जाएं तब तो कहने ही क्या! वे इतनी-सी छुट्टी पाकर भी बेहिसाब खुश होते हैं। अव्वल तो ऐसी छुट्टियों का इंतजार वे महीनों पहले से कर रहे होते हैं और उसी हिसाब से अपने कार्यक्रम सुनिश्चित कर ट्रेन या प्लेन टिकट से लेकर निकट या दूर के किसी शहर या कस्बे में होटल तक की बुकिंग करवा चुके होते हैं। कुछ लोग यह काम ग्रुप में करते हैं तो कुछ अकेले और कुछ परिवार के साथ। हफ्ते-दो हफ्ते की छुट्टियां तो ऐसे लोगों के लिए बड़ी नेमत होती हैं। और हां, छुट्टियां वाकई नेमत होती हैं। ये आपको सिर्फ मानसिक सुकून ही नहीं देती, आपकी रचनात्मक क्षमता को बढ़ाती हैं और अर्थव्यवस्था के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। छुट्टियों को हमारे यहां अधिकतर सैर-सपाटे से जोड़कर देखा जाता है। इससे मनोदशा में बदलाव तो होता ही है, देश-विदेश की सभ्यता और संस्कृति की जानकारी भी मिलती है।

लौटकर लोग खुद को ज्यादा ऊर्जावान महसूस करते हैं और नए उत्साह के साथ अपने रूटीन काम में जुट जाते हैं। जरूरी किस्म की छोटी या व्यावसायिक यात्राओं की बात अलग है, लेकिन आमतौर पर यह देखा जाता है कि लोग लंबी यात्राओं पर पूरे परिवार के साथ ही जाना चाहते हैं। इसकी कई वजहें हैं। माना जाता है कि इससे सफर का मजा बढ़ जाता है। पूरे परिवार के एक साथ कहीं पर्यटन पर जाने से समग्रता में बजट भी संतुलित रहता है।

### रिश्तों में जान

हम भारतीयों के लिए छुट्टियां केवल सेहत बनाने, कुछ सीखने, ज्ञान बढ़ाने और मौज-मस्ती करने ही नहीं, अपने मूल और रिश्तों को सहेजने का भी एक साधन है।

मनोवैज्ञानिक विचित्रा दर्गन आनंद कहती हैं- 'अब लोगों को इस बात का एहसास होने लगा है कि फैमिली हॉलिडे अपने रिश्तों को रिवाइव करने का अच्छा माध्यम हैं।' इसलिए साल में कम से कम एक बार लोगों को परिवार छुट्टियां बिताने का समय जरूर निकालना चाहिए। यह जरूरी नहीं है कि इसके लिए आपकी छुट्टियां बहुत लंबी हों या हर बार ढेर सारे पैसे खर्च करके आप विदेश यात्रा पर ही जाएं क्योंकि ऐसी छुट्टियों में डेस्टिनेशन के बजाय परिवार के साथ बिताए जाने वाले खुशनुमा पलों की ज्यादा अहमियत होती है। सबके साथ घूमने का मजा ही कुछ और आज की जीवनशैली इतनी व्यस्त है कि एक ही छत के नीचे रहने के बावजूद लोगों को अपने परिवार के साथ फुर्सत के दो-चार पल बिताने का भी मौका नहीं मिलता। ऐसे में फैमिली हॉलिडे के बहाने उन्हें अपने परिवार के साथ क्वॉलिटी टाइम बिताने का मौका मिलता है। वैसे भी छुट्टियों में पूरे परिवार के साथ घूमने-फिरने का अपना अलग ही मजा है, पर ऐसी यात्रा की तैयारी करते समय सबकी रुचियों का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है।

### चाहते क्या हैं

छुट्टियों पर जाने से पहले यह तय करें कि आप वास्तव में चाहते क्या हैं। यह फैसला किसी अन्य के दबाव या प्रभाव में नहीं होना चाहिए। अपनी पसंदीदा गतिविधि के अनुसार सही जगह का चुनाव करें। इसके लिए पहले से कार्यक्रम तय करें और बजट बनाएं। आप अपने रिलेक्सेशन के लिए जो कुछ भी करना चाहते हों, उसके लिए एक-एक दिन की पूरी योजना सुनिश्चित कर लें। योजना तय करते समय ध्यान भी रखें कि जरूरत के मुताबिक थोड़ी ढील की गुंजाइश भी हो। बहुत टाइट शेड्यूल भी तनाव का कारण बन जाता है और छुट्टियों का मजा किरकिरा कर देता है।

### जरूरी है जानकारी

कहते हैं आप जो कुछ भी करें उसकी पूरी जानकारी आपको होना चाहिए। इसी कड़ी में सबसे महत्वपूर्ण है सैर-सपाटा। आप जहां जाएं उस स्थान के बारे में इंटरनेट या पत्रिकाओं की मदद लेते हुए कई जरूरी जानकारियां एकत्रित कर लें ताकि आपको कोई दिक्कत न हो।

### छोटे बजट में

अगर आप फुर्सत के पलों का लुत्फ घुमक्कड़ी में तलाशते हैं और बजट आपको दूर देश जाने की इजाजत नहीं देता तो जरूरी नहीं कि आप जबरिया बजट खींचतान कर परेशानी मोल लें। आपके देश में भी देखने-जानने के लिए बहुत कुछ है। इन जगहों पर पर्यटन आप पूरे परिवार के साथ छोटे बजट में कर सकते हैं।

### तैयारी पहले से

लास्ट मिनट पैकिंग छुट्टियों के आनंद में सबसे बड़ी बाधा होती है। क्या ले जाना है और क्या नहीं, इसकी लिस्ट पहले ही बना लें। यह सही है कि बहुत बोझ दिक्कत का सबब होता है, लेकिन जरूरी चीजों का छूट जाना भी मुश्किल पैदा कर सकता है।

### तनाव को अलविदा

ऐसा कुछ भी जो आपके लिए तनाव का कारण हो और आपको रोजमर्रा रूटीन में बंधे रहने का एहसास दिलाए, उसे किनारे करें। यह मोबाइल या इंटरनेट भी हो सकता है और कुछ दोस्त, परिचित या रिश्तेदार भी। दैनिक जीवन के तनाव साथ लेकर न चलें।

### सहज रहें

छुट्टियों का असली लुत्फ रिलेक्स होने में है और रिलेक्सेशन मिलता है सहजता से। ऐसा कुछ भी जो सहज होने में बाधक बने, उससे दूर ही रहें तो ही ले सकेंगे पूरा मजा। अगर कोई चीज या किसी की गतिविधि आपको पसंद न आए तो उससे दूर हट जाएं।





## प्रेम के साथ खूबियां मिलेंगी तो मजबूत बनेगा रिश्ता

किसी भी रिश्ते को बनाने से ज्यादा मुश्किल होता है संभालना और निभाना। इसके लिए प्रेम तो चाहिए, साथ ही भावनात्मक परिपक्वता भी चाहिए। इस परिपक्वता के साथ वो खूबियां आती हैं जो हर रिश्ते में होनी ही चाहिए। माना जाता है कि सफल और मज़बूत रिश्ते के लिए दो लोगों की पसंद-नापसंद और व्यवहार मिलना ज़रूरी है। इसके बलबूते पर रिश्ता निभाने में आसानी होती है और आपसी प्रेम बना रहता है। रिश्तों के निबाह में इनकी मौजूदगी ज़रूरी है, लेकिन इनसे कहीं ज्यादा ज़रूरी है इमोशनल मैच्योरिटी यानी कि भावनात्मक परिपक्वता। इसका मतलब है भावनाओं और व्यवहार को समझना, संतुलित रखना और सही तरीक़े से प्रतिक्रिया देना। यह वो खूबियां सिखाता है जो किसी भी रिश्ते को मज़बूत बनाने के लिए ज़रूरी हैं।

**सुरक्षा**- ये वो अहसास है जो रिश्ते में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अगर आपने कोई ज़िम्मेदारी साथी के हाथ सौंपी है और आप जानते हैं कि वो उसे किसी भी सूरत में पूरा करेंगे, तो यह सुरक्षा का एहसास है। साथी की मौजूदगी सुरक्षा महसूस कराती है।

**विश्वास और समर्पण** - विश्वास हर रिश्ते की नींव है। अगर आप मुश्किल में हैं तो उससे बाहर निकालने के लिए आपका साथी साथ होगा, यह विश्वास है। और यह दोतरफ़ा होना चाहिए। वहीं अपनी इच्छा या पसंद का समर्पण कर साथी की ज़रूरत या पसंद को महत्व देना भी रिश्ते में ज़रूरी है। ये दोनों गुण रिश्ते की ज़रूरतों को समझने और उन्हें पूरा करने में मदद करते हैं।

**सम्मान** - रिश्ते में प्यार जितना ही ज़रूरी है सम्मान। आप अपने साथी से कैसे बात करते हैं, उसकी ज़रूरतों को ध्यान में रखते हैं और उन्हें सुनते हैं, ये सब व्यवहार में नज़र आता है। आपके किसी शब्द या बात से साथी की भावनाओं को ठेस न पहुंचे, इसका ध्यान रखना भी सम्मान है। भावनात्मक परिपक्वता का यह गुण एक-दूसरे की राय व दृष्टिकोण समझने में सक्षम बनाता है, जिससे दूसरा व्यक्ति सम्मानित और मूल्यवान महसूस करता है।

**साझेदारी** - जब एक टीम साथ मिलकर काम करती है, तो हर सदस्य में एक दूसरे से अलग गुण होते हैं। इसी तरह रिश्तों में भी टीमवर्क ज़रूरी है। अगर एक साथी किसी परिस्थिति में कमज़ोर पड़ता है तो उसे संभालने के लिए दूसरा साथी मौजूद होता है। एक-दूसरे को सहारा देने के साथ कठिन रास्तों को पार करने, मुश्किलों से लड़ने के लिए और एक-दूसरे को संभालने के लिए साझेदारी ज़रूरी है।

**भावनात्मक समर्थन** - जब आप किसी मुश्किल में हों या कोई चिंता परेशान कर रही हो तो ऐसे मौक़े पर भावनात्मक सहारे की ज़रूरत होती है जो आपको अपने साथी से मिलना चाहिए। यह गुण रिश्ते में महसूस होने वाले अकेलेपन को दूर करता है।


### इन्हें रिश्तों में ऐसे विकसित करें...

**भावनाओं का सम्मान करें**
साथी को अपनी बात रखने की आज़ादी दी है तो उन्हें सही या ग़लत आंकने के बजाय केवल सुनें। उन्हें भावनात्मक रूप से सहारा दें और हल निकालने की कोशिश करें।
स्वीकारें कि भावनाएं महत्वपूर्ण हैं हमें यह समझने की ज़रूरत है कि हमारी भावनाओं को समझना, स्वीकार करना और व्यक्त करना महत्वपूर्ण है। हमारी भावनात्मक स्थिति हमारी निर्णय लेने की क्षमता को प्रभावित करती है जो अंततः हमारे भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

**समानुभूति का अभ्यास करें**
दूसरों यानी साथी या क़रीबी की भावनाओं को समझने और उनका सम्मान करने का प्रयास करें। अभ्यास से उनकी भावनाओं और संवेदनाओं के बारे में अपनी समझ बढ़ाएं, मज़बूत संबंधों और सार्थक रिश्तों को बढ़ावा दें। संबंधों में सक्रिय भागीदारी करें। सक्रियता रिश्तों को आवश्यक पोषण देने का काम करती है।

**संवेदनशीलता को प्रोत्साहित करें**
साथी को अपने दिल की बात कहने की आज़ादी दें और सशक्त बनाएं। उन्हें अपनी भावनाओं को प्रभावी ढंग से साझा करने का माहौल दें। उनकी ग़लतियों और असफलताओं को सुधार के अवसर के रूप में स्वीकार करें।

**बराबरी का दर्जा दें**
दोनों की काबिलियत एक-दूसरे से अलग हो सकती है। इस आधार पर एक-दूसरे को छोटा महसूस कराने या कमियां गिनाने से बचें। अगर व्यक्तिगत फ़ैसले लेने हैं तब भी उनसे पूछें कि उनकी इस मामले में क्या राय है। इससे उनको सम्मान और अहमियत महसूस होगी।



## तय किए लक्ष्यों में पिछड़ते बच्चे

पहले संयुक्त परिवारों में जहां बच्चों के चहुंमुखी विकास के लिए स्वस्थ माहौल व भावनात्मक सहारा मिलता था। वहीं आज उनकी दुनिया सिमटकर टीवी, गैजेट्स व कोचिंग संस्थानों तक हो गई है। एक ओर अकेलापन, अतिव्यस्तता, संवादहीनता, रिश्तों से दूरी, गलाकाट प्रतियोगिताएं, रैंक की चिंता, अच्छा कॉलेज न मिल पाने का भय, जो कि माता-पिता व संस्थानों द्वारा इस कदर दिखाया जाता है कि बच्चा स्वयं को अंक प्राप्त करने वाली मशीन समझने लगता है।

रैंकिंग की अंधी रेस में हारने वाला बच्चा या तो अपनों द्वारा बेदर्दी से दुत्कार दिया जाता है या वह स्वयं को असफल मान लेता है। ऐसे में बच्चों के संघर्ष करने की ललक कम होती जाती है और उन्हें अवास्तविक सपनों का आसमान भयावह लगने लगता है। बेहतर 'प्रोडक्ट' बनाने की दौड़ में इन बच्चों पर परीक्षाओं का बोझ इस कदर लादा जाता है कि हर वर्ष की परीक्षाएं इन्हें जिंदगी की आखिरी परीक्षा लगती है और अस्थाई सफलता के लिए ये बच्चे झंझावतों से बचने का स्थाई रास्ता खुदकुशी के रूप में अपनाना ज्यादा सरल समझते हैं।

### अभिभावक क्या करें

#### सपने देखने की आजादी

बड़ों द्वारा तय किए लक्ष्यों को हासिल करने की दौड़ में बच्चे अक्सर पिछड़ जाते हैं और इस तनाव से बच्चे टूट जाते हैं। इसलिए बच्चों के लक्ष्य तय करने के बजाए उन्हें अपने सपने खुद देखने दें, अपने लिए लक्ष्य उन्हें स्वयं तय करने की आजादी दें। आप उन्हें पूरा करने के लिए भरपूर सहयोग करें तथा उन्हें अपनी दुनिया जीने की आजादी दें।

#### संवाद, विश्वास व धैर्य रखें

आप अपने व्यवहार में इतनी कठोरता न लाएं कि बच्चा आपसे अपनी समस्याएं, भावनाएं साझा करने में भी झिझकें। सदैव उन्हें सुनाने की बजाए उनकी बातों को धैर्यपूर्वक सुनें, फिर हौसला दें व सही रास्ते पर आगे बढ़ने के विकल्प सुझाए न कि अपना फैसला उन पर थोपें।

#### छोटी-छोटी उपलब्धियों का जश्न मनाएं

अभिभावक, बच्चों का बेहतरीन करियर बनाने की चाह में उन्हें किसी 'बड़ी' सफलता हासिल करने की ओर धकेल देते हैं। इस अंधेरी डगर पर वे उनकी हर छोटी-छोटी खुशी को नजरअंदाज कर देते हैं। जबकि आपको चाहिए कि बच्चों के साथ हर छोटी-छोटी खुशी का जश्न मनाएं, प्रसन्नता जाहिर करें, उनके साथ खुशियां बांटें। असफल होने पर जादू की झप्पी दें। यही छोटी-छोटी बातें उनमें जीवन के प्रति विश्वास जगाकर आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए समर्थ व सजग व्यक्तित्व बनाती हैं।

#### योग्यता के अनुरूप अपेक्षाएं

आप बच्चे से उसकी काबिलियत के अनुरूप अपेक्षाएं रखें। करियर के ढेरों विकल्प हैं जिनसे बच्चों को अवगत करवाएं। इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता है कि उसने कितना स्कोर किया है। और न ही ये चंद कागज के टुकड़े किसी की सफलता के मापदंड हैं। हमारे सामने ढेरों मिसालें हैं जिनकी औपचारिक डिग्रियां अधूरी रहने के बावजूद उन्होंने सफलता के झंडे गाड़े हैं। आप उन्हें करियर के तमाम विकल्पों से अवगत करावाएं। सिर्फ प्राप्त अंकों के आधार पर विषय का चयन करने की बजाए बच्चे की रुचि, योग्यता, क्षमता आदि के आधार पर विषय चयन करने में मदद करें। करियर काउंसलिंग करवाएं। गलत विषय का चयन भी बच्चों को आत्मघाती कदम उठाने को मजबूर कर देता है।

#### सफलता का पैमाना अंक नहीं

कागजों में दर्ज कुछ परीक्षा के अंक सफलता का पैमाना नहीं है और न ही इससे करियर के अवसर कम होते हैं। जहां चाह होगी वहीं कोई न कोई राह निकल ही आएगी। बस इस बात को दिमाग में रखना जरूरी है कि कोई भी परीक्षा बच्चों की जिंदगी से बड़ी नहीं है।

#### डॉक्टर डायरी

इस तरह के मामलों में स्थिति के बारे में कयास लगाने से बेहतर है हर चीज को गंभीरता से लिया जाए। एक डॉक्टर या काउंसलर के रूप में अभिभावक व बच्चे से हर विषय पर गहनता से चर्चा करना ही इस समस्या का सबसे सर्वोत्तम उपाय है।

## संक्षिप्त समाचार

## रेलवे कंपनी को मिला 543 करोड़ के मेट्रो का काम

### शेयरों की मची लूट, 8 प्रतिशत चढ़ा भाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बीते एक साल के दौरान अगर आपको रेलवे सेक्टर में बेहतर प्रदर्शन करने वाली कंपनियों की लिस्ट बनानी हो तो उसमें एक रेल विकास निगम का भी रहेगा। कंपनी ने अपने बेहतर प्रदर्शन के जरिए निवेशकों को शानदार रिटर्न दिया है। 9 मार्च यानी शनिवार को कंपनी ने बताया है कि उन्हें मध्य प्रदेश मेट्रो रेल



कॉरपोरेशन से 543 करोड़ रुपये काम मिला है। जिसका असर आज कंपनी के शेयरों में देखने को मिला। रेल विकास निगम का शेयर बीएसई में 5,48 प्रतिशत की तेजी के साथ 251.05 रुपये के लेवल पर पहुंचकर ओपन हुआ। कंपनी का इंट्रा–डे हाई 257.55 रुपये है। जोकि गुरुवार की क्लोजिंग की तुलना में 8.21 प्रतिशत अधिक है। बता दें, कंपनी का 52 वीक हाई 345.60 रुपये प्रति शेयर है। वहीं, 52 वीक लो लेवल 60.30 रुपये प्रति शेयर है। कंपनी का मार्केट कैप 52,156.78 करोड़ रुपये का है।

### क्या है वर्क ऑर्डर का डीटेल्स

रेल विकास निगम ने शेयर बाजारों को बताया है कि मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने एलिवेटेड विद्युत के पार्ट्स को डिजाइन और कंस्ट्रक्शन के लिए कहा है। यह काम कंपनी को इंदौर रेल प्रोजेक्ट के लिए करना है। कंपनी को यह काम 1092 दिनों में पूरा करना है। इस खबर के बाद कंपनी के शेयरों में आज तेजी देखने को मिली है। पिछले एक महीने के दौरान रेल विकास निगम का यह शेयर 10.7 प्रतिशत टूटा चुका है। मुनाफावसूली का शिकार हुआ यह शेयर आज अच्छी खबर लेकर आया। बीते 6 महीने के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 63.1 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। वहीं, एक साल से स्टॉक को होल्ड करने वाले निवेशकों को अबतक 283.70 प्रतिशत का लाभ मिला है।

## कंपनी को महाराष्ट्र से मिला 1540 करोड़ का सोलर प्रोजेक्ट

### शेयरों पर टूट पड़े निवेशक, 12 प्रतिशत उछला भाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पॉवर सेक्टर की दिग्गज कंपनी टॉरेंट पॉवर के शेयरों में आज 12.66 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। कंपनी को महाराष्ट्र स्टेट इलेक्ट्रिकसिटी डिस्ट्रब्यूशन कॉरपोरेशन लिमिटेड की तरफ से 7 मार्च को काम मिला है। इस खबर के आने के बाद के शेयरों का भाव बीएसई में 1288.45 रुपये के इंट्रा–डे हाई पर पहुंच गया। यह कंपनी का आल टाइम हाई है। टॉरेंट पॉवर की तरफ से दी जानकारी में कहा गया है कि 306 मेगावाट के ग्रिड कनेक्टेड सोलर पॉवर प्रोजेक्ट लगाना है। इस वर्क ऑर्डर की कीमत 1540 करोड़ रुपये की है। कंपनी को नासिक जिले में यह काम करना है।

## विदेशी निवेशकों ने 5 साल में शेयर बाजार से निकाले 3.5 लाख करोड़, घरेलू निवेशकों ने किया जमकर निवेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय शेयर मार्केट में विदेशी निवेशक जितने पैसे लगाते हैं, उससे ज्यादा निकाल लेते हैं। फिर भी बाजार में रौनक है। वजह हैं घरेलू निवेशक। 2023 में विदेशी निवेशकों ने रोज औसतन 45 करोड़ रुपए निकाले लेकिन घरेलू निवेशकों ने करीब नौ गुना ज्यादा (397 करोड़) पैसे डाले। 2018 में विदेशी निवेशक रोज औसतन 201 करोड़ रुपए निकाल रहे थे और हम 300 करोड़ रुपए निवेश रहे थे। पांच सालों में विदेशी निवेशकों ने कुल 3.5 लाख करोड़ रुपए शेयर बाजार से निकाले और इसी दौरान घरेलू निवेशकों ने 6.7 लाख करोड़ रुपए निवेश किए। एनएसई में सूचीबद्ध कंपनियों में घरेलू संस्थागत निवेशकों की हिस्सेदारी दिसंबर 23 में 15.96 फीसदी तक बढ़ गई, जो दिसंबर 18 में 13.77 फीसदी थी। इसी दौरान विदेशी संस्थागत निवेशकों की हिस्सेदारी 19.66 फीसदी से घटकर 18.19 फीसदी पर आ गई।



### एफपीआई ने मार्च में शेयर बाजार में किया निवेश

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने (मार्च में) अबतक भारतीय शेयर बाजारों में 6,139 करोड़ रुपए डाले हैं। मजबूत आर्थिक वृद्धि, बाजार की मजबूती तथा अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में गिरावट के चलते एफपीआई के बीच भारतीय शेयरों का आकर्षण बना हुआ है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इससे पहले फरवरी में उन्होंने शेयरों में 1,539 करोड़ रुपए डाले थे। वहीं जनवरी में उन्होंने 25,743 करोड़ रुपए के शेयर बेचे थे।

# एयरपोर्ट बिजनेस में 60,000 करोड़ निवेश करेगा अडानी ग्रुप

### ग्रुपके पास इस समय लखनऊ समेत कुल आठ एयरपोर्ट हैं

### 2040 तक 30 करोड़ पैसेंजर कैपेसिटी की तैयारी कर रहा ग्रुप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अडानी ग्रुप ने एयरपोर्ट बिजनस में अगले 10 साल में 60,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बनाई है। यह राशि नवी मुंबई एयरपोर्ट के पहले चरण में निवेश किए जा रहे 18,000 करोड़ रुपये से अलग है। इन पैसों को एयरपोर्ट्स में रनवे, टैक्सीवे, एयरक्राफ्ट पार्किंग स्टैंड्स और टर्मिनल बनाने में इस्तेमाल किया जाएगा। साथ ही एयरपोर्ट्स के करीब होटल और शॉपिंग मॉल भी विकसित किए जाएंगे। अडानी पोर्ट्स एंड एसईजेड लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर करण अडानी का कहना है कि यह पैसा आंतरिक संसाधनों से जुटाया जाएगा। ग्रुपके पास इस समय कुल आठ एयरपोर्ट हैं। अडानी ने ईटी से कहा, मुझे लगता है कि एयर कनेक्टिविटी के मोड में बुनियादी बदलाव होने जा रहा है। देश में कई एयरपोर्ट भविष्य में इंटरनेशनल हब बनने जा रहे हैं। इंटरनेशनल ट्रेवल में भारी बढ़ोतरी होने जा रही है। हम डोमेस्टिक कनेक्टिविटी में सुधार के लिए एयरलाइन कंपनियों के साथ मिलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि एयरलाइन बिजनस के प्रॉफिटेबल होने के बाद इसकी लिस्टिंग करने की योजना है। करण अडानी ग्रुपके चेयरमैन गौतम अडानी के बेटे हैं। अडानी ग्रुपको साल 2019 में देश में छह एयरपोर्ट ऑपरेट करने के राइट मिले थे। इनमें लखनऊ, अहमदाबाद, जयपुर, गुवाहाटी, तिरुवनंतपुरम और मेंगलौर शामिल हैं। साल 2021 में अडानी ग्रुपने मुंबई और नवी मुंबई एयरपोर्ट को जीवीके ग्रुपसे खरीद लिया।



### एक अरब प्लस पैसेंजर

इस तरह अडानी ग्रुपके पास इस समय आठ एयरपोर्ट हैं। अडानी एयरपोर्ट होल्डिंग्स के सीईओ अरुण बंसल ने कहा कि ग्रुप2040 तक 25 से 30 करोड़ पैसेंजर कैपेसिटी की तैयारी कर रहा है। अभी ग्रुपके सात एयरपोर्ट्स की कैपेसिटी 7.3 करोड़ है। नवी मुंबई एयरपोर्ट अभी बन रहा है। बंसल ने कहा, अभी देश की 1.4 अरब की आबादी में से केवल 30 करोड़ लोग ही हवाई यात्रा कर रहे हैं। एयरलाइन कंपनियों ने जिस तरह विमानों के ऑर्डर दिए हैं, उससे लगता है कि 2030 तक देश में विमानों की संख्या 3,000 तक पहुंच जाएगी। अभी देश में करीब 700 विमान हैं। यानी 30 करोड़ पैसेंजर जल्दी ही एक अरब प्लस होने वाले हैं।

## 300 रुपये तक जा सकते हैं महार प्रतिशत कंपनी के शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महार प्रतिशत कंपनी भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के शेयरों में अच्छी तेजी देखने को मिल सकती है। एंटीक स्टॉक ब्रोकिंग सरकारी कंपनी भेल के शेयरों पर बुलिश है। भेल की मजबूत ऑर्डर बुक को देखते हुए ब्रोकरेज हाउस ने कंपनी के शेयर खरीदने की सलाह दी है। एंटीक स्टॉक ब्रोकिंग ने भेल के शेयरों का टारगेट प्राइस बढ़ाकर 299 रुपये कर दिया है। भेल के शेयर सोमवार 11 मार्च 2024 को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में 259.05 रुपये के स्तर पर ट्रेड कर रहे हैं।

### शुरुआती 9 महीनों में 36000 करोड़ रुपये के ऑर्डर



भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने बताया है कि उसे मौजूदा वित्त वर्ष के शुरुआती 9 महीने में 36000 करोड़ रुपये के ऑर्डर मिले हैं। सालाना आधार पर ऑर्डर इनफ्लो में 102 पर्सेंट का उछाल आया है। भेल को चौथी तिमाही में पहले ही 3 बड़े ऑर्डर मिल चुके हैं। कंपनी को 3 800 मेगावॉट एनएलसी तालाबीरा थर्मल पावर प्लांट, यमुनानगर में मेगावॉट अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल एक्सपैंशन यूनिट और 2 800 मेगावॉट एनटीपीसी सिंगरौली सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट स्टेज-3 के ऑर्डर मिले हैं। इन ऑर्डर की वैल्यू 30000 करोड़ रुपये है।

### एक साल में 247 प्रतिशत चढ़ गए कंपनी के शेयर

सरकारी कंपनी भेल के शेयरों में पिछले एक साल में तूफानी तेजी आई है। भेल के शेयर पिछले एक साल में 247 प्रतिशत चढ़ गए हैं। भेल के शेयर 13 मार्च 2023 को 74.23 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 11 मार्च 2024 को 259.05 रुपये के स्तर पर ट्रेड कर रहे हैं। पिछले 6 महीने में कंपनी के शेयरों में करीब 85 पर्सेंट का उछाल आया है। इस अवधि के दौरान कंपनी के शेयर 139.85 रुपये से बढ़कर 259.05 रुपये पर पहुंच गए हैं। भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 271.90 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 67.63 रुपये है।

# 10 दिन में सोना 3000 से अधिक हुआ महंगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोने-चांदी की कीमतों में पिछले 10 कारोबारी दिनों में बड़ा उछाल देखने को मिला है। सर्राफा बाजारों में 7 मार्च को सोने का हाजिर भाव 65049 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। यह इसका ऑल टाइम हाई है। इस दौरान सोना 3041 रुपये महंगा हुआ है। दूसरी ओर पिछले 10 कारोबारी दिनों में चांदी पहले से और मजबूत हुई है। चांदी के रेट 2374 रुपये उछल चुके हैं। सोने-चांदी की कीमतों में आई इस उछाल के पीछे शादियों का सीजन नहीं बल्कि दूसरे कारण हैं।

23 फरवरी 2024 को सोना 62008 रुपये प्रति 10 ग्राम पर था। आईबीजेए द्वारा जारी रेट के मुताबिक बीते गुरुवार को सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोने का भाव 65049 रुपये पर खुलकर 64955 रुपये पर बंद हुआशुक्र, जबकि चांदी 72265 रुपये पर। 23 फरवरी को चांदी के रेट प्रति किलो 69653 रुपये थे।

सोने-चांदी के ये रेट इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन द्वारा जारी किए गए हैं। इस रेट पर जीएसटी और ज्वेलरी मेकिंग चार्ज नहीं लगा है। हो सकता है आपके शहर में सोना-चांदी 1000 से 2000 रुपये महंगा मिल रहा हो।

### क्यों उछल रहे सोना-चांदी

केडिया कमोडिटिज के प्रेसीडेंट अजय केडिया सोने की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के पीछे कारणों को बताते हुए कहते हैं कि कॉमेक्स और एमसीएक्स पर सोने की कीमतें नई रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गईं हैं। सोने की कीमतों में यह उछाल अमेरिकी फेडरल रिजर्व की प्रत्याशित मौद्रिक नीति में बदलाव के कारण आया है। सीएफटीसी डेटा 5 मार्च तक मनी मैनेजर्स द्वारा मजबूत खरीदारी दर्शाता है।

महंगाई के बावजूद भारतीयों की कम नहीं हो रही सोने की भूख, 8,008 करोड़ का खरीद लिया सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड

केडिया ने बताया कि पहले से जारी रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच इजराइल और हमास के बीच सैन्य संघर्ष पूरी दुनिया में अनिश्चितता बढ़ा दी। दुनिया भर के केंद्रीय बैंक सोने की खरीदारी कर रहे हैं। खास तौर पर चीन का सेंट्रल बैंक सोने की तगड़ी



खरीद कर रहा है। चीनी नागरिक भी मुद्रास्फीति और देश के अशांत शेयर बाजार और संपत्ति क्षेत्र से बचाव के लिए सोने का भंडारण कर रहे हैं। इससे सोने की कीमतों को बड़ा सपोर्ट मिला। अगर हालात ऐसे रहे तो बहुत जल्द सोना अपना पिछला इस ऑल टाइम हाई के स्तर को भी पार कर जाएगा।

## ब्रिटेन के लौट रहे अच्छे दिन, ब्रिटिश पाउंड ने 92 प्रतिशत ग्लोबल करेंसी को पछाड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था पटरी पर लौटने लगी है। ब्रिटिश पाउंड इस साल दुनिया की 90 प्रतिशत से अधिक करेंसी को पीछे छोड़ रहा है। दरअसल ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था उम्मीद से बेहतर स्थिति में है, ब्याज दरें लंबे समय तक ऊंची बनी हुई हैं। यह रैली तब भी आई है, जब बाजार ने पिछले सप्ताह यूके बजट घोषणा को लेकर अनिश्चितता को पीछे छोड़ दिया है।

विश्लेषकों के अनुसार ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था आशंका से अधिक लचीली दिख रही है। ब्रिटेन ब्याज दरों को अपने मौजूदा स्तर पर लंबे समय तक बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए तैयार है। जबकि, अमेरिकी फेडरल रिजर्व और ईसीबी जून में कटौती करते नजर आ रहे हैं।

ट्रेडर्स को उम्मीद है कि बैंक ऑफ इंग्लैंड अगस्त में नरमी शुरू करेगा।

बैंक ऑफ अमेरिका में जी-10 मुद्रा रणनीति के प्रमुख अथानासियोस वामवाकिडिस ने कहा, ÷पिछले साल यूके में प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे खराब ग्रोथ-इनफ्लेशन मिक्स था। अब, अर्थव्यवस्था में सुधार होता दिख रहा है, जबकि मुद्रास्फीति कम हो रही है। साल के अंत तक पाउंड को 1.37 डॉलर तक बढ़ने की उम्मीद करते हैं।

### भारत में 15 साल में 100 अरब डॉलर निवेश करेंगे चार यूरोपीय देश

# 10 लाख रोजगार की बनेंगी संभावनाएं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चार यूरोपीय देशों का समूह यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) भारत में अगले 15 साल में 100 अरब डॉलर का निवेश करेगा। इसके लिए भारत और ईएफटीए ने रविवार को मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए। समझौते से निवेश के साथ वस्तुओं व सेवाओं के दोतरफा व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, देश में 10 लाख रोजगार भी पैदा होंगे।

भारत-ईएफटीए में आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए व्यापार एवं आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) पर 16 वर्षों के बाद सहमति बनी है। इसकी शुरुआत जनवरी, 2008 में हुई थी। समझौते में बौद्धिक संपदा अधिकार, माल-सेवा व्यापार, निवेश प्रोत्साहन, सरकारी खरीद समेत 14 अध्याय शामिल हैं। एफटीए इतिहास में पहली बार लक्ष्य आधारित निवेश व रोजगार बढ़ाने देने के लिए कानूनी प्रतिबद्धता जताई जा रही है। समझौते को मंजूरी की विस्तृत प्रक्रिया के कारण इसे लागू होने में एक साल का समय लगेगा। ईएफटीए के सदस्य देशों में नॉर्वे, आइसलैंड, लीशटेंस्टीन और स्विट्जरलैंड शामिल हैं।

### भारत को लाभ

सभी घरेलू औद्योगिक उत्पादों को ईएफटीए देशों




में शुल्क मुक्त पहुंच मिलेगी। प्रसंस्कृत कृषि उत्पादों पर भी शुल्क छूट। अधिक निवेश मिलेगा।

टीईपीए भारतीय निर्यातकों के लिए अनुकूल व्यापार माहौल बनाएगा। देसी वस्तुओं का निर्यात बढ़ेगा। सेवा क्षेत्र को भी अधिक बाजार मिलेंगे।

स्विट्जरलैंड के जरिये यूरोपीय संघ के बाजारों पहुंच बढ़ेगी। इन्फ्रा, विनिर्माण, मशीनरी, फार्मा जैसे क्षेत्रों में घरेलू विनिर्माण बढ़ेगा।



### इन्हें छूट नहीं

डेयरी, कोयला, सोया और संवेदनशील कृषि उत्पाद शुल्क छूट के दायरे से बाहर रहेंगे। समझौता साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक, खुलेंगे नए दरवाजे समझौता मुक्त, निष्पक्ष व समानता वाले कारोबार के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक है। डिजिटल व्यापार, बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं व फार्मा जैसे क्षेत्रों में नवाचार को लेकर ईएफटीए देशों की वैश्विक स्तर पर अग्रणी स्थिति से सहयोग के नए दरवाजे खुलेंगे।

### वृद्धि के लिए प्रमुख बाजार पर मिलेगी पहुंच : ईएफटीए सदस्य

ईएफटीए सदस्यों की ओर से संघीय काउंसलर गाई पार्मेलिन ने कहा, ईएफटीए देशों को वृद्धि के एक प्रमुख बाजार तक पहुंच मिली है। हमारी कंपनियां अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं को अधिक जुझारू बनाते हुए उनमें विविधता लाने का प्रयास करेंगी। कुल मिलाकर टीईपीए से हमें अपनी आर्थिक क्षमता का बेहतर इस्तेमाल करने के साथ भारत और ईएफटीए दोनों के लिए अतिरिक्त अवसर पैदा करने में मदद मिलेगी।

### निवेश को मिलेगा बढ़ावा: उद्योग जगत

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के अध्यक्ष आर दिनेश ने कहा, 100 अरब डॉलर के निवेश के लिए ईएफटीए सदस्यों की प्रतिबद्धता से इंजीनियरिंग, दवा, खाद्य प्रसंस्करण, परिधान और अन्य क्षेत्रों को बढ़ावा मिलेगा। तिरुपुर निर्यातक संघ के अध्यक्ष ए शक्तिवेल ने कहा, आपसी व्यापार को बढ़ावा मिलेगा।


## मोदी सरकार ने चुनाव के पहले इस सरकारी बैंक पर लिया ऐसा फैसला कि शेयर के उछल गए भाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोक सभा चुनाव से पहले मोदी सरकार ने ब्रजेश कुमार सिंह को सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन बैंक का कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया है। इस खबर के बाद इंडियन बैंक के शेयर चढ़ रहे हैं। बैंक निफ्टी कमजोर होने के बावजूद इस सरकारी बैंक के शेयर शुरुआती कारोबार में 1.57 फीसद ऊपर 554 रुपये पर ट्रेड कर रहे थे। आज 551.65 रुपये पर खुलने के बाद इंडियन बैंक के शेयर 562.85 रुपये तक पहुंच गए। इसका 52 हफ्ते का हाई 573.75 रुपये है। पिछले छह महीने में इंडियन बैंक करीब 40 फीसद उछल चुका है। जबकि, इस साल अबतक इसने 31 फीसद से अधिक का रिटर्न दिया है। पिछले एक साल में इसने अपने निवेशकों के पैसे को करीब-करीब दोगुना कर दिया है। इस अवधि में इसने 96 फीसद से अधिक का रिटर्न दिया है। देसी-विदेशी संस्थागत निवेशक फिदा- इंडियन बैंक में प्रमोटर्स की हिस्सेदारी सितंबर तिमाही के 79.86 पर्सेंट की तुलना में घटकर 73.84 पर्सेंट रह गई है। हालांकि, विदेश संस्थागत निवेशक इस बैंकिंग स्टॉक पर फिदा हैं। सितंबर तिमाही में जहां इनकी हिस्सेदारी 4.46 पर्सेंट थी, वहीं दिसंबर तिमाही में उछलकर 7.05 फीसद हो गई। इस अवधि में घरेलू संस्थागत निवेशकों ने अपनी शेयर होल्डिंग 11.76 फीसद से बढ़ाकर 15.01 फीसद कर ली है। पब्लिक और अन्य की हिस्सेदारी इस दौरान 3.67 फीसद से घटकर 3.52 रह गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### पेरिस ओलंपिक की रेस में बने रहने के लिए विनेश फोगाट ने चयन ट्रायल में काटा बवाल

**पेरिस ।** पेरिस ओलंपिक की दौड़ में बने रहने की कवायद में स्टार पहलवान विनेश फोगाट ने महिलाओं के 50 किलो और 53 किलो वर्ग में चयन ट्रायल शुरू नहीं होने दिये और अधिकारियों से लिखित आश्वासन मांगा कि 53 किलो भारवर्ग के आखिरी ट्रायल ओलंपिक से पहले होंगे।



दो भार वर्ग में हिस्सा लेना चाहती थीं विनेश डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप लगाने और लंबे चले प्रदर्शन की अगुवाई करने वाली विनेश 50 किलोवर्ग के ट्रायल के लिये साइ केंद्र पहुंची थी। वह प्रदर्शन से पहले 53 किलोवर्ग में उतरती थी लेकिन उस वर्ग में अंतिम पंघाल को कोटा मिलने के कारण उसने अपना भारवर्ग कम किया। विनेश ने लिखित आश्वासन की मांग करते हुए प्रतिस्पर्धा शुरू नहीं होने दी। अंतिम पंघाल वर्ल्ड चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर 53 किलो ग्राम भारवर्ग में कोटा हासिल किया था।

### अगले साल CSK की कप्तानी कर सकते हैं रोहित शर्मा

**नईदिल्ली, एजेंसी ।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से पहले हुए मिनी ऑक्शन से पहले मुंबई इंडियंस ने ऑल कैश डील करते हुए गुजरात टाइटन्स के कप्तान हार्दिक पांड्या की मुंबई इंडियंस में वापसी करा दी थी। हार्दिक पांड्या ने अपना आईपीएल करियर मुंबई इंडियंस के साथ ही शुरू किया था और रोहित शर्मा की कप्तानी में अपना नाम बनाया था।



2024 आईपीएल से पहले मुंबई इंडियंस ने रोहित की जगह हार्दिक पांड्या को कप्तान बना दिया था। जिसके बाद से इस तरह की खबरें आने लगी थीं कि रोहित शर्मा मुंबई इंडियंस का साथ छोड़ सकते हैं, हालांकि ऐसा कुछ हुआ नहीं। आईपीएल 2025 से पहले मेगा ऑक्शन की बात हो रही है अब ऐसे में रोहित शर्मा किसी और फ्रेंचाइजी टीम के साथ जुड़ते हुए नजर आ सकते हैं।

### ब्लाइंड क्रिकेट टीम दिल्ली में पांच टी20 मैचों में श्रीलंका से भिड़ेगी

**नई दिल्ली, एजेंसी ।** भारतीय पुरुष ब्लाइंड क्रिकेट टीम ब्लाइंड क्रिकेट के लिए समर्थ चैंपियनशिप में पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में श्रीलंका का सामना करने के लिए तैयार है, जो एक अंतरराष्ट्रीय द्विपक्षीय ब्लाइंड पुरुष



क्रिकेट श्रृंखला है और यहां सोमवार को करनैल सिंह स्टेडियम में शुरू होगी। हुंडई मोटर इंडिया फाउंडेशन द्वारा समर्थनम ट्रस्ट फॉर द डिसेबल्ड और क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया के सहयोग से आयोजित, 11 से 15 मार्च तक खेली जाने वाली श्रृंखला का उद्देश्य न केवल दृष्टिबाधित क्रिकेटरों की अविश्वसनीय प्रतिभा का प्रदर्शन करना है, बल्कि विकलांग लोगों के लिए जागरूकता बढ़ाने और समावेशिता को बढ़ावा देना भी है।

## चैंपियंस ट्रॉफी खेलने

# पाकिस्तान जाएगी टीम इंडिया?

## जय शाह से अकेले में बात करेंगे पीसीबी चीफ



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत-पाकिस्तान के बीच खराब राजनीतिक संबंधों का सीधा असर क्रिकेट पर भी दिखाई देता है। बॉर्डर पर नापाक हरकतों के चलते भारतीय टीम अब क्रिकेट खेलने पाकिस्तान नहीं जाती। पिछले साल हुए एशिया कप में भी भारत ने यही रुख अख्तियार किया था। अब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के नवनियुक्त अध्यक्ष मोहसिन नकवी अगले साल अपने देश में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की भागीदारी पर आश्वासन चाहते हैं। ऐसे में वह अगले हफ्ते दुबई में होने वाली आईसीसी बैठक के दौरान बीसीसीआई सचिव जय शाह से बात भी करेंगे, लेकिन फिलहाल इसकी संभावना न के बराबर है।

### 2025 में होना है टूर्नामेंट

पाकिस्तान में फरवरी-मार्च 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन होना है। टूर्नामेंट में अभी एक साल बचा है, ऐसे में भारतीय बोर्ड फौरन पाकिस्तान जाने के बारे में कोई वादा नहीं करेगा। चैंपियंस ट्रॉफी एक आईसीसी टूर्नामेंट है और दुनिया की सारी टीमें इस टूर्नामेंट को खेलने पाकिस्तान जाएगी, ऐसे में बीसीसीआई पूरी तरह से अपने दरवाजे बंद नहीं करेगा, लेकिन भारत सरकार से हरी झंडी मिलने के बाद ही कोई फैसला लेगा।

### लंबा इंतजार खत्म होने की उम्मीद!

पीसीबी के एक सूत्र ने पिछले साल इस्तेमाल हुए 'हाइब्रिड मॉडल' का हवाला देते हुए कहा, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के लिए सबसे बड़ी चिंता यह है कि क्या भारत अपनी टीम पाकिस्तान भेजेगा और पिछले साल के एशिया कप के मुद्दों का दोहराव नहीं होगा। जब बीसीसीआई के एक सूत्र से पूछा गया तो उन्होंने कहा, पाकिस्तान में खेलने पर फैसला केवल भारत सरकार ही कर सकती है।



### 2008 में आखिरी बार गया था भारत

भारत आखिरी बार 2008 में क्रिकेट मैच के लिए पाकिस्तान गया था। पिछले साल, बीसीसीआई ने भारतीय टीम को एशिया कप में भाग लेने की अनुमति नहीं दी थी, जिसके बाद भारत ने अपने मैच श्रीलंका में खेले थे। हालांकि पाकिस्तान पिछले साल वनडे विश्व कप के लिए भारत का दौरा कर चुका है। नकवी आईसीसी बोर्ड को कराची, लाहौर और रावलपिंडी के स्टेडियमों में किए गए सुधारों के साथ–साथ पाकिस्तान सरकार के पाकिस्तान में भारत के खेलने के रुख के बारे में भी सूचित करने की योजना बना रहे हैं।

# ऋचा का चमत्कार भी नहीं आया

## रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के काम, दिल्ली ने एक रन से जीता मैच

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली कैपिटल्स की टीम महिला प्रीमियर लीग के प्लेऑफ में पहुंच गई है। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ दिल्ली को इस मुकाबले में आखिरी गेंद पर जीत मिली। आखिरी दो गेंद पर आरसीबी को 8 रन चाहिए थे। ऋचा घोष ने छक्का मार दिया। फिर एक गेंद पर दो रन चाहिए था लेकिन पहला रन लेने की कोशिश में ही रिचा रन आउट हो गईं। इस तरह दिल्ली को एक रन से जीत मिली। पहले खेलते हुए दिल्ली ने इस मैच में 181 रन बनाए थे। आरसीबी की टीम 180 रन ही बना सकी।



**ऋचा की पारी नहीं आई काम-** विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष ने आरसीबी को जीत के करीब पहुंचा दिया था लेकिन भाग्य ने उनका साथ नहीं दिया और वह अंतिम गेंद पर रन आउट हो गयी जब टीम को जीत के लिए एक गेंद में दो रन की जरूरत थी। अंतिम गेंद पर रन आउट होने से पहले ऋचा ने 29 गेंद में चार चौके और तीन छक्के जड़ित 51 रन बनाये। ऋचा के अलावा आरसीबी के लिए एलिस पैरी ने 49 रन, सोफी मोलिनेक्स ने 33 रन और सोफी डेविने ने 26 रन बनाये। आरसीबी ने कप्तान स्मृति मंधाना (05) का विकेट दूसरे ही ओवर में गंवा दिया। लेकिन सोफी मोलिनेक्स और एलिस पैरी ने मिलकर दूसरे विकेट के लिए 57 गेंद में 80 रन की भागीदारी कर टीम को और झटके नहीं लगने दिये। पैरी के रन आएट होने के बाद मोलिनेक्स भी पवेलियन पहुंच गयी। सोफी डेविने (16 गेंद में एक चौके, दो छक्के से 26 रन) और ऋचा ने चौथे विकेट के लिए 32 गेंद में 49 रन बनाकर टीम की उम्मीद कायम रखी।

## मैक्कुलम ने स्वीकारा

# भारत ने बैजबॉल की पोल खोली

## इंग्लिश कोच बोले- जैसे-जैसे सीरीज बढ़ती गई, हम और अधिक डरपोक होते गए

**लंदन।** भारत से 5 टेस्ट की सीरीज हारने के बाद इंग्लिश कोच ब्रेंडन मैक्कुलम स्वीकार किया है कि भारत ने इंग्लैंड की बैजबॉल शैली की पोल खोलकर रख दी है।

इंग्लिश कोच ने सीरीज के बाद द टेलीग्राफ में अपने कॉलम में लिखा कि भारत ने इंग्लैंड में खामियां उजागर कीं, जिससे उन्हें डरपोक क्रिकेट खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा। वे कहते हैं कि 4-1 से हार के बाद सुधार और कुछ कठिन बातचीत एजेंडे में होंगी।

### इंग्लिश कोच बोले

### हमें सुधरना होगा

42 साल के इस पूर्व कीवी क्रिकेटर ने कहा- जैसे-जैसे सीरीज आगे बढ़ी, मेहमान अधिक 'डरपोक' हो गए। जब आपके साथ ऐसा कुछ होता है, तो एहसास होता है कि हमें सुधार की जरूरत है। आने वाले कुछ महीनों में हम इस पर काम करेंगे। हम सुनिश्चित करेंगे कि जब अगली बार भारत जाएं तो बिल्कुल अलग हों।

### टीम इंडिया ने काफी दबाव बनाया

न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज ने मैच के बाद मीडिया से कहा था- 'सीरीज के अंत में हममें कॉन्फीडेंस की कमी थी, क्योंकि रोहित शर्मा की टीम इंडिया ने मेहमानों पर काफी दबाव बना दिया था। जैसे-जैसे सीरीज आगे बढ़ी, हम और अधिक डरपोक हो गए और यह उस दबाव के कारण था, जो भारतीय लाइन-अप द्वारा हम पर डाला गया था, न कि केवल गेंद से। बल्ले से, उन्होंने हमें जबरदस्त दबाव में रखा दबाव का भी।'



### सीरीज के आखिरी चार मुकाबले गंवाए

इंग्लैंड ने सीरीज के पहले मुकाबले को जीतकर 1–0 की बढ़त हासिल की, लेकिन इंग्लिश टीम बढ़त का फायदा उठाने में असमर्थ रही। टीम आखिरी के चारों मुकाबले गंवा बैठी। सीरीज में मेहमानों के पास मौके थे, खासकर राजकोट और रांची में, लेकिन भारत ने दोनों मौकों पर जोरदार वापसी करते हुए जीत हासिल की। भारत ने इंग्लैंड को पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 4–1 से हरा दिया।

## मणिपुर के MMA फाइटर ने प्रधानमंत्री मोदी से की खास अपील

# भावुक कर देने वाला वीडियो हुआ वायरल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मणिपुर के मिक्स्ड मार्शल आर्ट फाइटर चुंगरेंग कोरेन का एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जातीय हिंसा से प्रभावित पूर्वोत्तर राज्य का दौरा करने और शांति बहाल करने की अपील कर रहे हैं। इस वीडियो में चुंगरेंग कोरेन भावुक नजर आ रहे हैं। उन्होंने यह बयान कथित तौर पर मैट्रिक्स फाइट नाइट (एमएफएन) में एक बाउट के बाद दिया है। कोरेन ने कहा, यह मेरा विनम्र अनुरोध है। मणिपुर में हिंसा हो रही है। लगभग एक साल हो गया है। लोग मर रहे हैं और कई लोग राहत शिविरों में रह रहे हैं। इन राहत शिविरों में भोजन और पानी की कमी है। बच्चे ठीक से पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं। भविष्य स्पष्ट नहीं है। मोदी जी, कृपया एक बार मणिपुर का दौरा करें और राज्य में शांति बहाल करें। आधिकारिक पुष्टि नहीं करता है।






### कांग्रेस ने साझा किया वीडियो

सोशल मीडिया हैंडल एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर वीडियो क्लिप साझा करते हुए युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास ने हिंदी में लिखा, यह मणिपुर से चुंगरेंग कोरेन हैं। काश प्रधानमंत्री के लिए मणिपुर उनके परिवार का हिस्सा होता तो आज शायद मणिपुर का हर नागरिक रोने को मजबूर नही होता।

### भाजपा की ओर से प्रतिक्रिया नहीं

भाजपा ने अभी तक इस घटना पर कोई बयान नहीं दिया है। मणिपुर में जातीय हिंसा में पिछले साल मई से अब तक 200 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं और करीब 50 हजार लोग विस्थापित हुए हैं।

### मणिपुर हिंसा

अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मैतेई समुदाय की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च के बाद क्षेत्र में हिंसा बढ़ गई है। मणिपुर की आबादी का लगभग 53 प्रतिशत हिस्सा बनाने वाले और मुख्य रूप से इम्फाल घाटी में रहने वाले मैतेई, नागा और कुकी सहित आदिवासियों के विपरीत हैं, जो 40 प्रतिशत हैं और मुख्य रूप से पहाड़ी जिलों में निवास करते हैं।

### जेसीओ का अपहरण

पिछले हफ्ते भारतीय सेना के एक सेवारत जूनियर कमीशंड अधिकारी (जेसीओ) को हिंसाग्रस्त मणिपुर के थौबल जिले से हथियारबंद लोगों के एक समूह ने कथित रूप से अपहरण कर लिया था।

# ऑस्ट्रेलिया ने क्राइस्टचर्च में मारी बाजी

## न्यूज़ीलैंड का 2-0 से किया सूपड़ा साफ



**क्राइस्टचर्च, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को क्राइस्टचर्च टेस्ट में 3 विकेट से हराकर दो मैच की सीरीज में मेजबानों को 2-0 से सूपड़ा साफ किया। दूसरे टेस्ट को जीतने के लिए कंगारुओं को 279 रनों का टारगेट मिला था।

इस स्कोर को ऑस्ट्रेलिया ने एलेक्स कैरी की 98 रनों की नाबाद पारी के दम पर 3 विकेट शेष रहते हासिल कर लिया। मिचेल मार्श का भी इस रनचेज में अहम रोल रहा, उन्होंने 80 रनों की शानदार पारी खेली। वहीं कप्तान पैट कमिंस अंत में 32 रन बनाकर कैरी के साथ नाबाद रहे। दोनों के बीच 8वें विकेट के लिए 61 रनों की साझेदारी हुई। एक समय ऐसा था जब कंगारुओं की आधी टीम 80 के स्कोर पर पवेलियन लौट गई थी तब कैरी ने मार्श के साथ मिलकर 140 रन जोड़े और टीम को जीत की राह दिखाई।

इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस के नाम एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई कप्तान के रूप में काफी कुछ हासिल कर लिया है।

# दीपा मलिक बोलीं- उचित सुविधा उपलब्ध होने पर ज्यादा अंतरराष्ट्रीय पैरा स्पर्धाएं आयोजित कर सकते हैं



नई दिल्ली, एजेंसी। दीपा का पीसीआई अध्यक्ष के रूप में कार्यकाल शनिवार को दो बार के पैरालिंपिक स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक देवेंद्र झाझरिया के निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने के साथ समाप्त हो गया। भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) की पूर्व प्रमुख दीपा मलिक ने कहा कि दिव्यांग खिलाड़ियों को उचित सुविधाएं मुहैया कराने से ही देश में अधिक से अधिक बड़ी अंतरराष्ट्रीय पैरा प्रतियोगिताएं आयोजित की जा सकती हैं। दीपा का पीसीआई अध्यक्ष के रूप में कार्यकाल शनिवार को दो बार के पैरालिंपिक स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक देवेंद्र झाझरिया के निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने के साथ समाप्त हो गया। उन्होंने कहा कि होटल, होस्टल और सार्वजनिक परिवहन को दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए 'यूजर फ्रैंडली' (इस्तेमाल के अनुकूल) बनाया जाना चाहिए। दीपा ने शनिवार को कहा, ''अगर हमें बड़े पैरा खेल आयोजनों की मेजबानी करनी है और यहां तक कि दिव्यांग (विकलांग लोगों) की आबादी का समर्थन करना है तो हमें सार्वजनिक परिवहन, होटल और होस्टल में सुविधा मुहैया कराने पर काम करने की जरूरत है।

तलाक को लेकर

# खुलकर बोली मलाइका हरेक का अलग नजरिया



एक्ट्रेस व मॉडल मलाइका अरोड़ा ने शादी के 19 साल बाद एक्टर अरबाज खान से तलाक ले लिया था। मलाइका फिलहाल अर्जुन कपूर को डेट कर रही हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में मलाइका ने शादी और तलाक के बारे में खुलकर बात की। मलाइका ने अपनी शादी के बारे में कहा कि भले ही अपने परिवार से मुझे किसी तरह के दबाव का सामना नहीं करना पड़ा। मगर, ऐसा नहीं है कि मैं ऐसे बैकग्राउंड में बड़ी हुई हूं कि मेरे परिवार वाले मुझसे कहें कि तुम्हें इस उम्र में शादी करनी होगी।

मुझे अपना जीवन जीने और अच्छे लोगों से दोस्ती करने को कहा गया। मुझे नहीं पता कि मेरे दिमाग में क्या आया। मैंने कहा कि 22-23 साल तक मैं शादी करना चाहती हूं। किसी ने मुझ पर कोई दबाव नहीं डाला था, लेकिन मुझे अभी यही करने की जरूरत थी, क्योंकि उस समय मेरे पास यही सबसे अच्छा विकल्प था। शादी के कई साल बाद मुझे ये एहसास हुआ कि यह वह नहीं है, जो मैं चाहती थीं। जब मैंने तलाक लेने का फैसला किया, तो मुझे नहीं लगता कि इंडस्ट्री में बहुत सारी महिलाएं ऐसी थीं, जो तलाक लेकर आगे बढ़ रही थीं। मुझे लगा मेरे लिए, मेरे करिअर के लिए, मेरी पसंद के लिए और अगर मुझे अपने बच्चे को खुश रखना है, तो मुझे अंदर से ठीक महसूस करना होगा। तलाक को हर कोई एक अलग नजरिये से देखता है। अरबाज से तलाक के बाद किसी वेबसाइट ने मेरे कपड़ों के बारे में एक लेख लिखा कि यह कितना महंगा है।

साथ ही मैं तो इसे पहन ही सकती हूं, क्योंकि मुझे बहुत सारी एलिमनी जो मिली है। मैं ये पढ़कर हैरान थीं। आपने करिअर में जीवन में चाहे जो कुछ भी किया हो, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। बता दें कि मलाइका और अरबाज की शादी साल 1998 में हुई थी। वे साल 2017 में अलग हो गए। उनके 21 साल के बेटे अरहान हैं।



# अगले दस साल तक मनीषा रानी नहीं करेंगी यह काम

मनीषा रानी हाल ही में डांस रियलिटी शो झलक दिखला जा 11 जीतकर सुर्खियों में आईं। अपने करीबियों के साथ जीत का जश्न भी उन्होंने दिल खोलकर मनाया। चंद दिन पहले ही मनीषा फिर से चर्चा में आ गईं, जब उन्होंने एल्विश यादव को अनफॉलो किया। अब एक बार फिर से वह सुर्खियों में हैं।

### इतना नाच के गंगा नहा ली !

मनीषा ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया है। चाहे वह एक सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर के तौर हो या फिर झलक के मंच से एक डांसर के रूप में। फैंस ने भी उनके प्रदर्शन की जमकर सराहना की है, लेकिन हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने एक चौंकाने वाली बात कह दी। इसे सुनकर तो इनके फैंस भी उदास हो जाएंगे। मनीषा ने हाल में कहा कि वह अब किसी डांस शो में हिस्सा नहीं लेना चाहतीं। उन्होंने कहा,ऐसा लग रहा है कि मैंने पूरी एक जिंदगी जी ली हो, इतना डांस करके जैसे गंगा नहा ली हूं! बहुत हो गया, अब मुझे डांस वाला कोई शो नहीं करना है। इसमें बहुत मेहनत लगती है। झलक के दौरान मैंने इतना डांस कर लिया कि लगता है कि लंबे समय तक डांस नहीं करने वाली।

### दस साल तक नहीं करना डांस

तो क्या सच में मनीषा अब हमें किसी डांस रियलिटी शो में नजर नहीं आएंगी मनीषा कहती हैं,मुझे तो लग रहा है कि मैं पूरे दस साल तक नहीं नाचूंगी। अभ्यास और प्रदर्शन के दौरान मैंने बहुत ज्यादा नाच किया है। सुनने में तो लग रहा है कि जैसे मनीषा का डांस के प्रति अब लगाव कम हो गया है।



# जब मैं इंडस्ट्री में नई थी...तब मैंने किसी की गलत सलाह को नहीं माना

तापसी पन्नू बॉलीवुड और साउथ की एक नामी अभिनेत्री हैं। वह अपनी बेबाकी के लिए भी जानी जाती हैं। जब भी किसी बात पर अपनी राय रखनी हो, तो वह जरा भी हिचकती नहीं, न ही दूसरों की बातों से प्रभावित होती हैं। हाल ही में उन्होंने बॉलीवुड में अपने शुरुआती दौर के बारे में कुछ खुलासे किए।

### जब इंडस्ट्री में नई थीं तापसी

यह वह समय था जब तापसी बॉलीवुड में नई-नई आई थीं। ऐसे में उन्होंने किसी की भी गलत सलाह को नहीं माना, बेशक इसकी बजाय उन्होंने सफलता पाने का कठिन रास्ता चुना। तापसी अक्सर बड़े बॉलीवुड इवेंट्स से नदारद रहती हैं। हाल ही में आयोजित अंबानियों की जामनगर स्थित बड़ी ग्रैंड पार्टी में भी नजर नहीं आईं। जब उनसे इस तरह के इवेंट्स में हिस्सा न लेने की वजह पूछी, तो उन्हें मुंबई नगरी के अपने शुरुआती दिन याद आ गए। ये वो दिन थे जब वह काम पाने के लिए यहां संघर्ष कर रही थीं।

### देर तक पार्टी करना पसंद नहीं

इन दिनों को याद कर तापसी बताती हैं, 'उस समय कुछ लोगों ने मुझे सलाह दी कि तुम बॉलीवुड के बड़े एक्टर्स और डायरेक्टर्स को मेसेज भेजा करो। ऐसा करने से उनकी नजर में रहोगे और वे तुम्हें अपनी पार्टी में आने का न्योता देंगे। मुझे लगा कि मैं उस तरह की नहीं हूं। मैं सुबह जल्दी उठती हूं, तो रात के दस बजे के बाद मुझे कहीं रुकना ठीक नहीं लगता। ना मैं पीती हूं और न ही मैं धूम्रपान करती हूं, तो मैं वहां क्या करूंगी। मैं सिर्फ अपने दोस्तों के साथ पार्टी कर सकती हूं, जहां मैं उनके साथ खा सकती हूं और चैन से डांस कर सकती हूं।'

### बॉलीवुड कैंप में जगह बनाने का मौका

हालांकि, तापसी मानती हैं कि अगर आप पार्टीज में जाते हैं, तो बॉलीवुड कैंप में कहीं न कहीं आपको जगह बनाने के लिए एक मौका मिल जाता है। वह बताती हैं, 'यह एक तरीका है जिससे आपकी एंट्री बॉलीवुड कैंप में आसानी से हो सकती है, लेकिन यहां तक पहुंचने की जो प्रक्रिया है मतलब रात 10 बजे के बाद पार्टी करना वगैरह.. यह मेरे बस की बात नहीं है। इसकी बजाय मैं कठिन रास्ता चुनना पसंद करूंगी, जिसमें आपको खूब अच्छा काम करने को मिले।' तापसी कहती हैं कि उन्हें अपने साथ की हीरोइनों से भी प्रेरणा मिलती है। जिस तरह प्रियंका चोपड़ा और दीपिका पादुकोण ने अपने करियर को संभाला है, वह काबिले तारीफ है।

मैं हूं ना के ऑडिशन में

# राखी ने बुर्के के अंदर पहनी थी सिर्फ बिकिनी



एक्ट्रेस राखी सावंत ने शाहरुख खान और सुष्मिता सेन स्टारर फिल्म मैं हूं ना में काम किया था। इसमें उनकी कास्टिंग को लेकर डायरेक्टर फराह खान ने एक मजेदार किस्सा सुनाया है। उन्होंने बताया कि वह बुर्का पहनकर टेस्ट देने पहुंची थीं।

तब सब हैरान रह गए लेकिन जैसे ही राखी ने बुर्का हटाया तो उन्होंने उसके नीचे बिकिनी पहनी थी। कोरियोग्राफ, डायरेक्टर और शो को जज करने वाली मशहूर हस्ती फराह खान लगातार खबरों में बनी रहती हैं। उन्होंने एक इंटरव्यू में खुलासा किया था कि तीस मार खां के लिए वह कटरीना को कास्ट करने के फेवर में नहीं थीं। वहीं, अब उन्होंने मैं हूं ना से जुड़ा एक अतरंगी किस्सा सुनाया है। बताया कि कैसे उन्होंने इस मूवी की कास्टिंग की थी। साथ ही राखी सावंत का कैसे ऑडिशन हुआ था। उन्होंने बताया कि बतौर डायरेक्टर उनकी ये पहली फिल्म थी।

फराह मुकेश छाबड़ा को दिए एक इंटरव्यू में खुलासा किया कि दार्जिलिंग में फिल्म की शूटिंग शुरू होने के दो दिन बाद राखी सावंत मैं हूं ना की शूटिंग में शामिल हुई थीं। उन्होंने पहले किसी अन्य एक्ट्रेस को कास्ट किया था, लेकिन उनकी मां की डिमांड थी कि वह शाहरुख के साथ उसी होटल में रुकेंगी। फराह ने बताया, उसकी मम्मी ने बोला वो बड़े होटल में रहेगी, उस होटल में रहेगी जिसमें शाहरुख है। उसके बहुत से नखरे शुरू हो गए शूटिंग से पहले ही। फराह ने बताया कि उन्होंने अपने असिस्टेंट को बुलाया और पूछा कि इस रोल के लिए किस दूसरी का ऑडिशन लिया गया था। फराह ने कहा कि उन्हें राखी का टेस्ट मिला जहां वह बुर्का पहनकर आई थीं। ऑडिशन को याद करते हुए उन्होंने कहा, राखी बुर्का पहनकर टेस्ट देने पहुंचीं। असिस्टेंट थोड़ा चौंक गया क्योंकि यह तड़कती-भड़कती लड़की की रोल थी।

### बुर्के के नीचे बिकीनी में थीं राखी सावंत

हालांकि, राखी ने अपने खास अंदाज में उन्हें कैमरा घुमाने के लिए कहा। जैसे उसने बुर्का उतारा, पूरा कैमरा हिल गया क्योंकि उसने नीचे बिकिनी पहनी हुई थी। हालांकि, हमने उसे तुरंत कास्ट नहीं किया क्योंकि उसके बाल नारंगी थे, लेकिन एक बार जब वह दार्जिलिंग आई, तो हमारी चिंता यह थी कि उसे कैसे छुपाया जाए। मैंने उसे स्वेटर और वो कैप दी, जिसे वो एक्सपोज करना चाहती थी। फिर मुझे उससे कहना पड़ा कि तुम इस तरह भी प्यारी लगोगी।



## मडगांव एक्सप्रेस के गाने रातों के नज़ारे (औवा,औवा) पर झूमने के लिए हो जाइए तैयार !

रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर के बैनर तले बनी मडगांव एक्सप्रेस पूरे देश में धूम मचा रही है। कुणाल खेमू द्वारा डायरेक्ट की गई इस फिल्म में दिव्येंदु शर्मा, प्रतीक गांधी और अविनाश तिवारी जैसे टैलेंटेड एक्टर्स हैं। ऐसे में फिल्म में दर्शकों का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित किया है।

ट्रेलर और फिल्म के पहले गाने ब्रिंग इट ऑन को मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स के बाद, इस कॉमेडी एंटरटेनर की और झलकियां देखने के लिए दर्शक बेहद उत्साहित हैं।

# क्रिस्टोफर नोलन ने ओपेनहाइमर से की है 600 करोड़ की कमाई!

ओपेनहाइमर फिल्म और इसके डायरेक्टर क्रिस्टोफर नोलन लगातार सुर्खीयों में हैं। एक ओर जहां उम्मीद यही है कि ऑस्कर अवॉर्ड 2024 में यह फिल्म धूम मचाने वाली है, वहीं नई रिपोर्ट में दावा किया है कि नोलन ने इस फिल्म से कम से कम 600 करोड़ रुपये की बंपर कमाई की है।



क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म ओपेनहाइमर की धूम मची है।

साल 2023 में इस फिल्म ने जहां ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर 957 मिलियन डॉलर यानी करीब 8000 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया, वहीं ऑस्कर अवॉर्ड में इस फिल्म को रिकॉर्ड 13 नॉमिनेशन मिले हैं। रविवार, 10 मार्च की रात (भारतीय समय के अनुसार सोमवार, 11 मार्च सुबह 4 बजे) एकेडमी अवॉर्ड्स की घोषणा होने वाली है। पूरी उम्मीद है कि इसमें भी बेस्ट पिक्चर से लेकर बेस्ट डायरेक्टर और बेस्ट सपोर्टिंग रोल समेत सबसे अधकि ऑस्कर अवॉर्ड ओपेनहाइमर की ही झोली में जाएंगे। लेकिन इस बीच फिल्म की कमाई से जुड़ी एक और दिलचस्प जानकारी आई है, जो दंग करने वाली है। बताया जाता है कि क्रिस्टोफर नोलन ने इस फिल्म से कम से कम 600 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया है।

# सम्भावना ने सालभर में ही छोड़ा आप का साथ



एक्ट्रेस सम्भावना सेठ ने जनवरी, 2023 में आम आदमी पार्टी जॉइन की थी। उन्होंने देश की सेवा के लिए ये फैसला लिया था। जिसके खिलाफ उनके चाहने वाले थे। अब उन्होंने इस पार्टी का साथ छोड़ दिया है और आधिकारिक ऐलान कर दिया है। जिस पर फैन्स ने खुशी जताई है। एक्ट्रेस सम्भावना सेठ के ऊपर हाल ही में दुखों का पहाड़ टूटा था। उनकी मां का निधन हो गया था। और अब उन्होंने आम आदमी पार्टी भी छोड़ दी है। इसकी जानकारी एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर दी है। बताया है कि वह अब इसका हिस्सा नहीं रहंगी। वह इससे एग्जिट ले रही हैं। हालांकि ऐसा क्या हुआ, उसका कारण भी बताया है। लंबा-चौड़ा पोस्ट कर पूरी कहानी बयां की है। सम्भावना सेठ ने इंस्टाग्राम पर लिखा, मैंने सालभर पहले देश की सेवा के लिए बहुत जोश और जज्बे के साथ आम आदमी पार्टी जॉइन की थी। हालांकि इससे फर्क नहीं पड़ता कि उसके लिए कितने सजेशन्स लए, कितनी रिसर्च की, कितनी सलाह ली और कितनी सावधानी बरती, लेकिन इसके बाद भी आप अपने लिए हुए फैसलों में गलत हो सकते हैं। क्योंकि आखिरकार हम भी इंसान हैं। मेरे फैन्स भी इस फैसले के खिलाफ थे। मेरे चाहने वाले भी नहीं चाहते थे कि मैं ऐसा करूं। और अब मैं यही कहती हूं कि आप सही थे। अपनी गलती का एहसास करते हुए मैं आधिकारिक तौर पर आप से बाहर निकलने का ऐलान करती हूं।



# साउथ सिनेमा में धमाका करने की तैयारी में रणवीर

बॉलीवुड सितारों का साउथ की फिल्मों और साउथ के स्टार्स का हिंदी फिल्मों में काम करने का सिलसिला पिछले कुछ सालों से खूब देखने को मिल रहा है. पिछले साल शाहरुख ने भी साउथ के डायरेक्टर एटली के साथ मिलकर 'जवान' फिल्म बनाई थी, जिसने बॉक्स ऑफिस हिलाकर रख दिया था. अब साउथ और बॉलीवुड के इस कोलैबोरेशन में रणवीर सिंह भी एंट्री कर सकते हैं. दरअसल, एक रिपोर्ट की मानें तो रणवीर साउथ सिनेमा के बड़े डायरेक्टर पा. रंजीत के साथ एक एक्शन फिल्म को लेकर बातचीत कर रहे हैं. कहा जा रहा कि दोनों के बीच पिछले कुछ महीने से बातचीत का दौर चल रहा है.

बताया जा रहा है कि रणवीर को भी इस प्रोजेक्ट में दिलचस्पी है. अभी इस फिल्म का टाइटल तो सामने नहीं आया है, लेकिन कहा जा रहा है कि ये फिल्म भगवान बिरसा मुंडा के ऊपर बेस्ड होने वाली है. कहा जा रहा है कि रंजीत इस प्रोजेक्ट पर पिछले 2 साल से काम कर रहे हैं और ऐसा प्लान है कि इस साल इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो सकती है. हालांकि, अभी तक इस फिल्म पर आधिकारिक तौर पर कोई भी जानकारी सामने नहीं आई है. आपको बता दें कि रंजीत रजनीकांत के साथ फिल्म 'कबाली' और 'काला' जैसी फिल्मों को बनाने के लिए जाने जाते हैं. रिपोर्ट में ये भी बताया गया कि रणवीर से इस फिल्म पर बात जरूर हो रही है. हालांकि अभी तक उन्होंने इस फिल्म को करने के लिए हां नहीं कहा.

# प्रियंका ने की नीता अंबानी की प्रशंसा, बोलीं- कुछ वर्षों में मिला उन्हें जानने का मौका



71वें मिस वर्ल्ड के विजेता की शनिवार, 9 मार्च की रात को घोषणा हो चुकी है। मिस वर्ल्ड 2024 का ताज चेक रिपब्लिक की क्रिस्टीना पिस्जकोवा के सिर सज चुका है। भारत ने मुंबई के बीकेसी में जियो वर्ल्ड सेंटर में मिस वर्ल्ड सौंदर्य प्रतियोगिता के ग्रैंड फिनाले की मेजबानी की। भारत की सिनी शेट्टी चेक रिपब्लिक की क्रिस्टीना पिस्जकोवा से हार गईं। साल 2000 में मिस वर्ल्ड का खिताब जीतने वालीं प्रियंका चोपड़ा ने इस इवेंट में एक खास मैसेज दिया।

प्रियंका चोपड़ा ने कहा, उद्देश्य एक ऐसा शब्द है, जो मेरे लिए हमेशा मेरे व्यक्तिगत अनुभवों के कारण बहुत मायने रखता है। मैंने शुरुआत से अपनी मां डॉ मधु चोपड़ा और मेरे पिता को न केवल भारतीय सेना में डॉक्टर के रूप में अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए देखा है, बल्कि जरूरतमंदों की मदद के लिए उन्होंने अपने ज्ञान, स्थिति और प्रतिभा का भी उपयोग किया।

पीसी ने कहा, मुझे वे अनगिनत घंटे याद हैं, जब मैं और मेरा भाई एक साथ इंतजार करते थे, जब वे अपनी छुट्टी का उपयोग उन लोगों की मदद करने के लिए करते थे, जिनके पास उचित चिकित्सा देखभाल नहीं पहुंच पाती थी। मैं उन महिलाओं के बीच अपनी यात्रा को जारी रखने के लिए बहुत भाग्यशाली रही हूं, जिन्होंने नारीत्व को फिर से परिभाषित किया। उनकी शक्ति, उनकी सुंदरता और दुनिया को बदलने की उनकी क्षमता।

71वें मिस वर्ल्ड 2024 में नीता अंबानी को ह्यूमैनिटेरियन अवार्ड से सम्मानित किया गया। प्रियंका ने प्रतियोगिता में मिस वर्ल्ड ह्यूमैनिटेरियन अवॉर्ड पाने वाली नीता अंबानी की भी तारीफ की। अभिनेत्री ने कहा, मुझे पिछले कुछ वर्षों से नीता अंबानी को जानने का सौभाग्य मिला है। वह ऐसी शख्स हैं, जिनकी मैं हर चीज के लिए प्रशंसा और सम्मान करती हूं।

इन वर्षों में मैंने उनके विभिन्न प्रयासों के माध्यम से उनका चीजों पर गहरा प्रभाव देखा है। वह भारत की कला की समर्थक और रक्षक भी हैं।